मुफ्त हिंदी पुस्तकें

http://preetamch.blogspot.com

Free Hindi Books In PDF

मुफ्त हिंदी पुस्तकें

डाउनलोड करें हिंदी पुस्तकों का पीडीऍफ़ वर्जन बिलकुल मुफ्त - https://preetamch.blogspot.com

Osho Books In Hindi

Religious Books In Hindi

Novels And Stories In Hindi

And Many Books On Other Topics

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

V- 1

ASTROLOGY BASED ON PALMISTRY



ज्योतिष की
मदद से हस्त रेखा के जरिये दरुस्त
की हुई जन्म कुंडली से जिंदगी के हालात देखने के लिए

Free by Astrostudents

लाल किताब

1952

बीमारी का बगैर दवाई भी इलाज है,
मगर मौत का कोई इलाज नहीं ।
दुनियावी हिसाब-किताब है,
कोई दावा-ए-खुदाई नहीं।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

"लाल किताब" विषय सूची

फरमान नः	विषय	पृष्ठ नः
	प्रथम :	
	ध्यान रखे खास तौर पर	1
	पुराने ज्योतिष और लाल किताब में अंतर	1
	लाल किताब के फरमान	
	आगाज	
1	कुदरत से किस्मत किस तरह आई।	3
2	उसकी कुदरत का हुकमनामा कहां पाया गया।	4
3	ऊंचे फल्क का अक्स किधर है।	5
4	आलिम को इल्म में शक क्या है।	6
	व्याकरण :	6
5	तकदीर पहले या तदबीर (राशि)	6
6	किस्मत की ही गांठों से ग्रह मण्डल बनेगा (ग्रह)	8
	ग्रहों की मित्रता शत्रुता	10
	जिस्म व ग्रहों का संबंध	11
	ग्रहों की मियाद	11
	दरमियाने ग्रह	12
	ग्रह की उम्र का असर	12
	रियायती 40 दिन ताकत	12
	का पैमाना ग्रह की अवस्था	
	35 साला चक्कर	13
	जन्म दिन एवम् जन्म वक्त के ग्रह।	14
	ग्रहों की किस्में : पापी ग्रह पाप	15
	धर्मी ग्रह, अंधे ग्रह, रताध ग्रह	
	साथी ग्रह, बिन मुकाबिल के ग्रह, ग्रहों की कुरबानी के बकरे	16
	कायम ग्रह, ग्रह का घर, घर का ग्रह, मित्र एवम् शत्रु ग्रह ऊंच नीच बराबर के ग्रह, बालिग और नाबलिग ग्रह	17
7	युग से रुह ने अपना घर क्यों पूछ लिया	18
	ग्रह राशि का आपसी संबंध।	18
	ग्रह बुर्ज या राशियों की गलतफहमी	20
8	12 पक्के घर :	20
	कुंडली का पक्का घर खाना नः 1	20
	खाना नः 2	21
	खाना नः 3	23
	खाना नः 4 & 5	24
	खाना नः 6	
	खाना नः 7	
	खाना नः 8	
	खाना नः 9 & 10	
	खाना नः 11	
	खाना नः 12	
	सोये हुए पक्के घर या पक्के घर में बैठे सोये ग्रह (सोया घर या सोया ग्रह)	
	ग्रह दृष्टि (आम हालत)	
	ग्रहों की बाहम दृष्टि का राशियों से संबंध	
	कुंडली के खानों का संबंध	
	100% और अपने से सातवें देखने का फर्क।	
	ग्रहों का असर ग्रह में : ग्रह का असर ग्रह के घर में और उनका फर्क।	
	खास-खास चीजों के लिए दृष्टि (सेहत,बीमारी संतान आदि)	
	ग्रहों की बाहम दृष्टि के वक्त उनके मुश्तरका असर की मिक्दार	
	खानों की दृष्टि :	
	बाहम मदद, आम हालत	
	टकराव व बुनियाद, धोखा मुश्तरका दीवार, अचानक चोट	
	पहले या बाद के घरों के ग्रह	
	उलझन के ग्रह	
	ऋण पितृ के ग्रह	
	उनका देखना और उपाय	
	महादशा का ग्रह	
	लाल किताब की चंद्र कुंडली	
	धोखे का ग्रह	
9	सहायता के लिये उपाय	
10	ग्रह का असर (खास बातें)	
	सारे ग्रहों का असर देखने का ढंग।	
	खास खास असर	
11	ग्रहमंडल में ग्रह वाली बच्चे की अवस्था	
12	कुंडली की बनावट व दरुस्ती	
	हस्त रेखा से कुंडली बनाने का ढंग	
	चंद्र मुट्ठी का कुंडली का आपसी संबंध	8
	फलादेश देखने का ढंग	
	ग्रह कुंडली की मकान कुंडली से दुरस्ती	8
	सारे परिवार की इकट्ठी कुंडली	8
13	वर्षफल	8
14	टेवे की किस्में	9
15	फलादेश देखने का ढंग	9

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com



5

प्रथम

याद रहे या न रहे, मगर ख्याल जरूर रहे कि -
इन्सान बन्धा खुद से लेख से अपने, लेख विधाता कलम से हो
कलम चले खुद कर्म पे अपने, झगड़ा अक्ल किस्मत हो
क्योंकि [1] [2]

[1] = अक्ल = बुध
[2] किस्मत = बृहस्पत

लिखा जब किस्मत का कागज, वक्त था वो गैब का
भेद उसने गुम था रखा, मौत दिन और गैब का
ख्याल रखना था बताया, कृतघ्न इन्सान का
एवज लड़की लड़का बोला, खतरा था शैतान का

1 हवाई ख्याल की बुनियादी दीवार का मजमून बेशक तुझे मौत का दिन, किसी के भेद या ऐब और माता के पेट में लड़का है या लड़की का इशारा कर देगा। अगर ऐसी बातों का अपने वक्त से पहले ही जाहिर कर देगा तेरे खून को कोढ़ (बीमारी) का सबूत देगा। क्योंकि दुनिया में अगर इलाज है तो सिर्फ बीमारी का ही है मगर मौत का कोई चारा नहीं और ज्योतिष भी गैब की वाकिफियत का इल्म जरूर है मगर कोई जादू मन्तर नहीं यह सब दुनियावी हिसाब किताब है कोई दावा-ए-खुदाई नहीं अगर है तो सिर्फ अपने जाती बचाव में किसी हद तक रूह की शान्ति के लिए मदद का जरिया है। मगर किसी दूसरे पर हमला करने का हथियार नहीं। किस्मत के मैदान में अगर कहीं पानी की नाली पीछे से भरी आ रही हो और उसके रास्ते में कोई ईंट पत्थर गिरकर उसकी रवानी को रोक रहा हो तो मजमून की मदद से उस कंकर पत्थर को दूर करके पानी की चाल को दुरुस्त करने की बामौका कोशिश की जा सकती है मगर पानी कि मिकदार या किस्मत के मैदान में कोई कमी बेशी नहीं की जा सकती। हां इतना जरूर है कि यह मजमून बाज औकात अपनी बरकत से किसी प्राणी पर हमला करने वाले जालिम शेर के सामने एक ऐसी गैबी दीवार खड़ी कर देगा जिससे कि वो शेर उसका कुछ बिगाड़ न सके। फिर भी शेर और ऊंची छलांग से हमला करे तो ये मजमून गैबी दीवार को और भी ऊंची करता जाएगा मगर हमला करने वाले शेर पर न गोली चलाएगा और न ही उसकी टांग पकड़ेगा मगर रूहानी मदद से वो शेर थक हार कर खुद ब खुद ही चला जाए या हमले का इरादा ही छोड़ देगा। जिससे दोनों अलहदा-अलहदा हो जाने पर वो प्राणी सुख का सांस लेने लगेगा। 6

2 मजमून की बुनियाद पर "लाल किताब" की जिल्द सुर्ख खूनी लाल रंग की जो चमकीला न हो मुबारिक होगी इस रंग के इलावा बाकी सब रंग मनहूस असर के ही होंगे।

3 इस किताब में सामुद्रिक विद्या की क ख (वर्णमाला) मुकम्मल तौर पर देने की कोशिश की गई है मगर चूंकि एक फरमान दूसरे से बिल्कुल जुदा ही होता चला गया है इसलिए तमाम की तमाम ही किताब का शुरू से आखिर तक कई दफा बार-बार बतौर नावल बेशक बगैर समझे ही पढ़ते जाना स्वयं ही मजमून का भेद बता देगा।

4. किसी बात को आजमाने से पहले उसे अपने जाती फैसला से गलत समझकर वहम खड़ा कर लेना मजमून की वाकफियत के लिए मददगार न होगा।

5 किताब के बगैर फर्जी मन मानी या मनघड़न्त बात वहम् पैदा कर देगी और वहम का इलाज शायद ही कहीं मिलता होगा।

6. कुंडली का बनाना और उसकी दुरुस्ती का जांचना तमाम सम्बन्धित विद्या के परिचय के बाद शुरू करें और दरम्यानी वक्त में मौजूदा ज्योतिष की बनाई हुई कुंडली से ही तजुर्बा हासिल करें मगर ख्याल रहे कि अपने ही हाथ का खाना या अपनी ही जन्म कुंडली, मजमून सीखने के रास्ते में सबसे बड़ी रुकावट होगी। 7

7. मजमून की गल्ती बताने वाला इस इल्म को बढ़ाने के लिए सबसे मददगार दोस्त होगा क्योंकि असल दोस्त वो है जो नुख्स बतलाएं।

8. बात की असलियत को पाने के लिए किसी दूसरे इल्म या आलिम की बदख्वाई से परहेज करें।

9. इसमें शक नहीं कि लड़कपन की तबीयत वाले निन्दक (बदख्वाई करने वाला) और कुएं के मेंढक (अपने दायरे में महदूद) जैसे दिमागी मालिक और मखौल उड़ाने वाले भोले बादशाह (बेवकूफ) से फराहत आ ही जाया करती है मगर दुनियावी साथियों को हस्बतानुसार (हस्बे हैसियत) इस इल्म के फायदा पहुंचाना इन्सानी शराफत होगी। क्योंकि

कर भला होगा भला
आखिर भले का भला

6 नए और पुराने मजमून का फर्क

यह किताब

जन्म वक्त दिन माह उम्र साल सब कुछ	इस्म नाम को भी मिटा देती है।।
फक्त रेखा फोटो मकानों से कुंडली	जन्म भय चन्द्र बना देती है।।
लिखित जब विधाता किसी की है शक्ती	उपाय मामूली बता देती है।।
ग्रह फल व राशि के टुकड़े दो करता	या रेखा में मेख लगा देती है।।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

1. इस विद्या की नींव सामुद्रिक विद्या पर है जिससे मौजूदा ज्योतिष के मुताबिक बनी हुई जन्म कुंडली के लग्न की दुरस्ती करने में मदद मिल है। जब प्राचीन विचारों पर शनिच्चर की अढ़ाई साला मन्दी चाल के तीन बड़े चक्रों (2½, 5, 7½ साल) की साढ़सती की फिक्र माननी पड़े, तो इ स्याल किताबी मजमून की बुनियाद पर शनिच्चर की मन्दी घटनाएँ मसलन सांप डसने की घटनाएं (वारदातें), मकान गिर जाने या बिक जाने, औ की नजर (बिनाई) की खराबियाँ, चच्चे (चाचा) पर जान तक की तकलीफ. या मशीनों के नुक्सान वगैरा-वगैरा सबूत देंगे कि शनिच्चर मन्दा बैठा गर्जे कि सूरज की अन्तरदशा या शनिच्चर की साढ़सती चल रही है कि बजाए ख्याली ख्याल की बजाए, ठोस चीजों और पक्की घटनाओं बुनियाद पर जिंदगी के हालात के जवाबों को दुरुस्त माना गया है। हस्तरेखा से टेवा टिपड़ा दुरस्त करके जिंदगी के हालात मालूम करने के इला इस इल्म में हर शख्स के टेवे से उसकी 120 वर्ष की उम्र तक के वर्षफल चन्द मिनटों में बना लेने के लिए ग्रह वाली फहरिस्त (सूचि) मौजूद है
2. शक्की असर की हालात के वक्त शक का फायदा उठाने के लिए उपाय निहायत आसान और कम कीमत के बताए गये जो अमूमन ठीक व पर असर देते हुए पाए गये है।
3. मजमून बहुत लम्बा चौड़ा होने की वजह से सिर्फ उन्हीं घटनाओं का जिक्र है तो निहायत संगीन, शदीद बल्कि खून से लिखे जाने के काबि हों मामूली तप (बुखार) या साधारण कष्ट की बजाए तपेदिक, मिरगी, अधरंग इंसानी बाकी है या चल गया (मर गया) का ब्यान किया गया गर्जे कि दरम्यानी शक्की जवाब को दूर करने की कोशिश की गई है।
4. प्राचीन (पुराने) ज्योतिष में अगर राहु जन्म कुंडली के पहले घर में हो तो केतु उस कुंडली में हमेशा लग्न से सातवें होगा। बुध भी सूरज आगे पीछे या नजदीक साथ-साथ चलता होगा मगर ग्रहों की यह कैदें इस मजमून में नहीं रखी गई बल्कि इस मजमून के मुताबिक वर्षफल बन की दी हुई फहरिस्त की बुनियाद पर राहु और केतु एक दूसरे के नजदीक घरों में बल्कि हाथ रेखा से बनी हुई जन्म कुंडली या वर्षफल में तो ए ही घर में इकट्ठे भी आ सकते है। इसी तरह हो सकता है कि बुध का ग्रह भी सूरज से खा कितने ही घर दूर हो जाव गर्जे कि इस मजमून हर एक ग्रह अपनी अपनी जगह आजाद होगा। और उसकी अपनी बैठक, ग्रह वाली हालत या तरीका असर पर किसी तरह की कैद न होगी अं तमाम ग्रह समान अधिकारों के स्वामी होंगे।
5. खास बात यह है कि टेवे या कुंडली से जिंदगी का सम्बन्धित फलादेश देखने के सिद्धांतों में:

राशि छोड़ नक्षत्र भूला, नहीं कोई पंचांग लिया,
मेख राशि खुद लग्न को गिनकर, बारह पक्के घर मान गया।

ज्योतिष विद्या के अनुसार बनी हुई जन्म कुंडली लग्न वाला घर लाल किताब में मेख राशि का

पक्का घर हमेशा अंक न:1 होगा जिसके (क्रमानुसार) बाद बाकी सब घर क्रमशः गिनती में होंगे। यानि पुरानी ज्योतिष विद्या वाले कोई भी उ राशि रखकर लग्न मुकर्रर करें उनकी जन्म राशि या लग्न वाले खाना न: को लाल किताब के मुताबिक खाना न: 1 और फिर बाकीघरों बिलतरतीब ही मिलेगा। (क्रमानुसार)

मसलन कोई जन्म कुंडली तुला राशि के अनुसार निम्नलिखित है:



अब तमाम घरों से अब अंक मिटा दें मगर ग्रह वैसे के तैसे ही लिखे रहने दें। इसके बाद उसमें अंक मिटाए हुओं की कुंडली के लग्न घर को 1 का अंक दिया हो तो निम्न लिखित होगी सिर्फ अंक न: बदल जायेंगे मगर ग्रह हूबहू उन्हीं घरों में रहेंगे जहां कि वो पहले थे।

अब हालात देखने के लिए बृहस्पत खाना न: 1 सूरज न: 2 वगैरा मुलाहिजा करें इसी तरह ही वर्षफल पढ़ लेंगे इसी तरह पर प्र ज्योतिष के मुताबिक राशियों का लग्न की तब्दीली के कारण जन्म कुंडली में घूमते रहने का चक्कर जाता रहा पंचांग की लम्बी चौड़ी गिनती गई। और आखिर पर फलदेश देखने के वक्त 28 नक्षत्र और 12 राशियां भी भुला दी गई।
6. जन्म कुंडली में इकट्ठे बैठे हुए ग्रह वर्ष फल में भी अलहदा अलहदा न किए गये। जिससे लग्नेश धनेश की पुरानी गिनती का ख्याल स्व समाप्त हुआ।
7. ग्रहों का असर उनकी आशिया वस्तुओं, कारोबार या रिश्तेदार के मुतल्लका कायम होने के पक्का होने का भेद जाहिर हुआ जो जरुर वक्त मददगार साबित हुआ।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

प्रारम्भ (आगाज़) ।।

हाथ रेखा को सामन्दर गिनते
फलक का काम हुआ
इल्म क्याफा ज्योतिष मिलते
लाल किताब का नाम हुआ।

लाल किताब के फरमान:-

लाल किताब फरमावे यूं
(1) अक्ल लेख से लड़ती क्यों (2)
जबकि न मिला तदबीर अपनी
नहीं खुद तहरीर हो
सबसे उत्तम लेख गैबी
माथे की तक्दीर हो

उमंगों से भरे हुए शाह ज़ोरा और ज़माना के बहादुर पहाड़ चीरने वाले नौजवान ने हाथ पर हाथ रखे हुए आसमान की तरफ देखने : बजाए जब अपने सर से पांव तक कोशिश करने के बाद नतीजा हस्ब मन्शा न पाया और अपनी ही आंखों के सामने एक मामूली नाचीज़ हस्ती : जिन्दगी के चन्द लम्हों में दुनियावी सब जररियात का मालिक और ज़माने का सरताज होते हुए देखा तो उसके वजूद के अन्दर छिपा हुआ दि तड़पकर पेशानी से पानी के कतरे होकर कहता हुआ पूछने लगा कि इसमें भेद क्या है। जिसके जवाब में फरमान हुआ कि न जरूरी नुस्खे ताक नहीं अंग दरकार हो।

लेख चमक जब फकीरी राजा आ दरबार हो
(1) (2) दो मुश्तरका खाली आकाश में हवाई दुनिया का प्रवेश
अक्ल बुध, लेख बृहस्पत

फरमान न: 1

कुदरत से किस्मत किस तरह आई

1. हुक्म विधाता जन्म मिले तो लेख ज्योतिष बतलाता है
लाल किताब बच्चा ग्रह चाली, किस्मत साथ ले आता है
2 इस बच्चे की नन्ही मुट्ठी में, पकड़ा देव आकाश का है
भरा खजाना जिसके अन्दर, निधि सिद्वि की माला है
3. नौ निधि को ग्रह नौमाना सिद्वि बारह राशि है
नौ में जरब जब बारह देवे होती माला पूरी है
(2)

जब बच्चा पैदा होता है बन्द मुट्ठी लाता है जिसे वह अमूमन बन्द ही रखता है और आसानी से किसी दूसरे को अपने हाथ की हथेली नहीं देखने देता गोया बचपन में वह अपनी कुदरती भेद और छोटी सी मुट्ठी खज़ाना किसी दूसरे को दिखाना नहीं चाहता बन्द मुट्ठी में क्या है ?

(1) ग्रह चाली बच्चा आसमान और पाताल से घिरे हुए आकाश में दोनों जहां और दोनों अवस्था (जन्म, मरण) की हवा को गांठ लगा देने वाली चीज बच्चा ग्रह चाली कहलाई।

(2) ग्रह चाली माला 9x12 = 108 मनकों की माला और मुकम्मल इन्सान के नाम के पहले 108 का हिस्सा ग्रह चाली माना गया है।

सिर्फ खाली जगह जिसका दूसरा नाम आकाश है और उसमें सिर्फ हवा भरपूर है मुट्ठी के हिलते ही उसके अन्दर की हवा में हरकत आई। गोया हरकत से गर्मी-गर्मी से आग, और आग से पानी, पानी से मिट्टी और मिट्टी से दुनिया का सब ब्राहाण्ड पैदा हुआ

या यूं कहो कि जब बच्चे ने मुट्ठी खोली तो उसमें हाथ की हथेली और उंगलियों का हिस्सा जुदा जुदा मालूम होने लगा कहीं लकीरें कहीं निशान पाए गये। उंगलियों के भी कई-कई टुकड़े जुदा-जुदा और फिर इकट्ठे एक ही में मिले नजर आने लगे। हाथ की हथेली खुश्की की एक निहायत ही बड़ा बर्रे-आज़म (महाद्वीप) या ब्रह्माण्ड माना गया। हथेली पर पहाड़ की तरह ऊपर को उभरी हुई जगह का नाम बुर्ज मुकर्रर हुआ। लकीरों को रेखा का नाम मिला जो पानी के दरिया लहरें मारते हुए इधर-उधर भागते हुए माने गए किसी को उम्र रेखा और किसी को किस्मत रेखा से याद किया गया और आखिर में सब इकट्ठे मिल मिला कर एक समुन्द्र बना जिसकी वजह से इस इल्म का नाम सामुन्द्रिक या समुन्द्र की विद्या ही ठहराया गया।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

फरमानः 2

उसकी कुदरत का हुक्म नामा कहां पाया गया
अक्स गैबी जाहिर पहले था सितारों पर हुआ
नक्श जिसका पीछे दुनिया के दिमागी आ हुआ
दिमागी खानों का असर तब हाथ की रेखा हुआ।
चांद सूरज फल की दुनिया से जहां, दो बन गया।
इल्म ज्योतिष इस तरह पर जब सितारों से हुआ
सीधी टेढ़ी हाथ रेखा से क्याफा चल पड़ा
दिमाग़ दायां हाथ बायां पर चमक जब दे चुका
हुक्म नामा उसकी कुदरत मुट्ठी बन्द इन्सान था

दरअसल सबके मालिक ने इन्सान के साथ उसके लिए मुकर्रर किए हुए कामों का हुक्मनामा हथेली पर लिखा हुआ उसको अपने ही कब्जे में ऐसे ढंग से भेजा है कि वह कभी गुम न होने पाए और न ही उसमें कोई तब्दीली या धोखादेही की जा सके मगर उसकी शक्की हालत को दुरुस्त करके उसकी शक का फायदा बेशक उठा लिया जाए।

हथेली के वसीह वर्र-आजम पर ऊपर को उठे हुए बुर्ज और पहाड़ जिस कदर ऊंचे और लम्बे चौड़े और मजबूत होंगे उसी कदर ही एक दूसरे की अच्छी या बुरी हवा की रोकथाम कर सकेंगे।

दरिया की नदियां या समन्दर के मददगार दरिया जिस कदर गहरे और साफतह जमीन वाले होंगे उसी कदर ही उनमें पानी की ज्यादा चाल और पक्का असर होगा। जिस कदर नदियां और दरिया कम गहरे और तंग होंगे उसी कदर उनमें न सिर्फ पानी कम या उनका असर हल्का होगा बल्कि असर के वक्त की रफ्तार भी मद्धम होगी रेखा में मुख्तलिफ निशान दरिया में बरोती जन्जीरें या रास्ता की रुकावटें होंगी। दरिया रेखा जिस जिस पहाड़ बुर्ज के इलाका से गुजर कर आएंगी उसी उसी किस्म का असर उनकी साथ लाई मिट्टी में मौजूद होगा। और बुर्ज या पहाड़ की जड़ी बूटियों और मुख्तलिफ किस्म की दवाईयों के पौधों से आई हुई तेज मद्धम मीठी या कड़वी हवा के असर का साथ होगा। हूबहू यही अवस्था ग्रहों की मुख्तलिफ राशियों के लिए मुकर्रर किए हुए घरों में होने पर इन्सानी जिन्दगी में होगी।

अगर कुंडली हथेली का वर्र आजम बनी तो ग्रहों की नजर का रास्ता या उनकी बाहमी दृष्टि ब्रह्माण्ड के दरियाओं की गुजर गाह होगी जो उनके असर में ग्रह मंडल की जाती दोस्ती व दुश्मनी से पैदा शुदा लहरों की टकराहट से हजारत किस्म की तब्दीलियां वाका करने का बहाना होंगी और ग्रहों की मुकर्ररा मयादों पर असरार जाहिर हुआ करेंगी।

उंगलियों के पोरों (हिस्सों) और हथेली के वर्र आजम हर दो ही के बारह बारह टुकड़े हुए और बुर्जों या पहाड़ों को नौ हिस्सों में तकसीम किया गया। यही नौ निधि (गैबी ताकत) बारह सिद्धि (इन्सानी हिम्मत) इस इल्म की बुनियाद हुई।

ग्रह राशि और रेखा के इलावा मकान जेरे-रिहायिश-ख्वाब माल मवेशी दुनिया के दूसरे साथी दीगर शगून (शुभ निशानियां) और इल्मे क्याफा इस मजमून के जरूरी पहलू गिने गए।

चूं कि के गैबी अक्स दिमागी खानों में नक्श होकर हाथ की रेखा के दरियाओं के पानी में जाहिर हुआ दुनियां के पहाड़ों का लम्बा सिलसिला हथेली के बुर्जों में बुलंदी से दिखाई देने लगा और बच्चे के सांस की हवा ने भी रुख बदला जिस पर पहाड़ों से घिरी हुई हथेली का वर्र आजम और चारों उंगलियों के वसीह मैदानों के बारह कोने जन्म कुंडली में हूबहू वैसे के वैसे पाए गए और अगर खुद रहा तो सिर्फ अंगूठा (अंगुष्ठ नर) ही बेरुख पाया गया। जो इन तमाम का महुव्वर (धुरी) अंगूठे की कीली और दुनियादारों के पुण्य पाप का पैमाना मुकर्रर हुआ दूसरे लफ्जों में हथेली की लकीरों या बारह खानों और उंगलियों बारह ही गांठों से जो गैबी असरा जाहिर हुआ वह हूबहू कुंडली के बारह खानों में नौ ग्रहों की मुख्तलिफ अवस्था से ही पाया गया।

जन्म कुंडली (पंजाब) Anti Clock wise

जन्म कुंडली (बंगाल) Anti Clock wise

मकान कुंडली

शमाल = उत्तर
मशरिक = पूर्व
जनूब - दक्षिण
मगरिब = पश्चिम

जन्म कुंडली (मद्रास) V Clock wise



This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

फरमान नः तीन

ऊंचे फल का असर किधर है

हाथ दायां और कुंडली जन्म को तदबीर मर्द का नाम हुआ , कुंडली चन्द्र या हाथ बाएं से तकदीर बशर का काम हुआ
उल्ट हाथों से औरत माना ग्रह फल राशि आम हुआ
नेक हवा जब चलने लगी तो जहां दोनों का नाम हुआ
गोया हाथ में कुंडली और कुंडली में ऊंगली के हवाई
इशारे से ब्रह्माण्ड का मैदान एक ही दम में गूंज उठा

हथेली का हिस्सा होगा
मुट्ठी के अन्दर
तर्जनी ऊंगली.......2
अनामिका.........5
कनिष्ठका.........8
मध्यमा..........11

जन्म कुंडली खाना नः
1-7-4-10
आसमान होगा खाना नः...12
पाताल...........6
तीनों जमाने........3
कुंडली का केन्द्र.....9

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

फरमान न: 4 — 18

आलम को इल्म में शक क्या है

[crossed out] समां करे, नर क्या करे, समां बड़ा बलवान, असर ग्रह सब पर ही होगा परिन्दा, पशु, इन्सान

बच्चा गैबी पर्दे से माता के पेट में आया, फिर बन्द हवा से इस दुनिया में पहुंचा तो उसके साथ की दो जहानी हवा उसका सांस हुई। जिसके लेते ही जमाना की दोरंगी चालों के मैदान का लम्बा चौड़ा हिसाब किताब खुल गया जिस पर हर बात के दो पहलू होने लगे या यूं कहो कि जन्म का वक्त पता लग जाने से ज़िंदगी के ख्वाब की तावीर, मालूम करने का खाका (जन्म कुंडली) इल्म ज्योतिष के अनुसार होता हुआ माना गया मगर शक हुआ कि इक बाप के दो बेटे इक घर के दोनों भाई इक शहर दो निकले।

(1) जन्म वक्त को बुनियाद मानकर जिस तरह यह मजमून इंसान के ताल्लुक में काम देता है हू-ब-हू उसी तरह ही इस इल्म का असर परिन्दे पशु मकान या दूसरे दुनियावी वस्तु, जरूरी घटनाओं और कामों के संबंध में पाया गया है यानि अगर वक्त की पैदायश के मुताबिक किसी इंसान की जन्म कुंडली उसके हालत से खबर देगी तो उस वक्त पर पैदा शुदा हैवान या बनाया हुआ मकान ग्रह चाली असर से खाली न होगा ।

2. एक बाप की एक औरत से दो जोड़े बच्चे या उसकी दो भिन्न-भिन्न औरतों से एक वक्त में दो इकट्ठे पैदा हुए बच्चे — एक वक्त दोनों साथी हम असर एक जमाना एक नसल व बेगाना सब ही का जन्म वक्त एक ही होने पर हालात की दुरुस्ती की बुनियाद क्या होगी। बरअक्स (इसके विपरीत) भूचाल, हादसा, दरियाओं की दरम्यानी जंग अजीम की गोलाबारी या दीगर बबाई (संक्रमक के रोग) और जहरीले वबाव से हजारों लाखों का आखिरी वक्त (मौत) एक ही जैसा और एक ही होना देखा गया तो फिर सबका सब निश्चय जाता ही मालूम होने लगा इस पर ख्याल गुजरा कि हस्त रेखा और इल्म क्याफा के मुताबिक जब हर एक की रेखा और लकीरें जुदा-जुदा है तो हालात का नक्शा क्यों तसल्ली बख्श न होगा मगर फिर भी वहम् पैदा हुआ कि जब 12 साला बच्चे की रेखा को कोई एतबार नहीं और 18 साला उम्र से बड़ी रेखा में कोई तब्दीली नहीं मानते (मगर शाखों का बदलना माना गया है) तो यकीन किस बात पर होगा इस तरह दोनों इल्मों से कोई दिल जोई न हो सकी। क्योंकि एक तो जन्म वक्त (लग्न) गल्त होने की वजह से ही वे बुनियाद हो गया और दूसरा सिर्फ एक अकेले ही जिंदगी का नेको-बद (तबीयत की नर्मी गर्मी) बताकर चुप हुआ और किसी दूसरे साथी या ताल्लुकेदार का कोई वास्ता न बता सका वो आखिर पर हर दो इल्मों का इकट्ठा किया गया मगर फिर मालूम हुआ कि बुनियादी असूलों की वाकफियत के बगैर कोई मतलब हल न होगा। लिहाजा शक को दूर करने के लिए या उसका फायदा उठाने के लिए इस इल्म में फलादेश और योगबन्धन आदि के अलग-अलग हिस्से निश्चित हुए।

1. ताया चाचाजाद या खालू मामू घरों एक ही वक्त के इकट्ठे पैदा शुदा भाई ।
2. खा आलीशन राजा खा निर्धन दुखिया फकीर मगर दोनों एक ही शहर में इकट्ठे रहने वाले निवासियों के यहां एक वक्त में पैदा शुदा बच्चे ।
3. एक कश्मीरी दूसरा मद्रासी तीसरा महाराष्ट्रीतो चौथा बंगाली पर सब इलाकों के वासियों के ही एक ही वक्त में पैदा शुदा बच्चे।
4. एक मुल्क के गए हुए मगर एक लंका में दूसरा अमरीका में तीसरा इंग्लैंड तो चौथा जापान में अगर वक्त की जोड़ घटाव कर कराने के बाद सब बच्चों का जन्म वक्त एक ही है तो सबका जन्म लग्न भी एक ही होगा मगर जिंदगी के हालात अमूमन कभी एक ही न होंगे।

Grammar — 21

व्याकरण

फरमान न: 5 — 22

तकदीर पहले या तदबीर पेटी आई पहले दुनिया या पहले माता हो
जोड़े बच्चे पेट माता, पहले जन्मे छोटा हो

राशि - राशि

1. हाथ की उंगलियों की हर एक गांठ या 24 घंटे के दिन रात को 12 हिस्सों में तकसीम करने पर हर एक टुकड़ा (जो हर एक टुकड़ा ठीक पूरे दो घंटे का न होगा) मगर 12 टुकड़ों में से हर एक टुकड़े राशि कहलाता है।
2. राशियां तादाद में 12 है जिनके नाम और नं: हमेशा के लिए एक ही निश्चित है कुंडली में बार बार हर राशि का नाम लिखने की बजाए इसके लिए निश्चित किया हुआ अंक नं: ही लिख दिया जाता है।

प्रचलित (आजकल के जारी) ज्योतिष में राशियां कुंडली के घरों में घूमती रहती है मगर फलादेश देखने के लिए इस विद्या में उनकी जगह हमेशा के लिए पक्के तौर पर निश्चित कर दी गई है।

राशि का नाम	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
स्थायी अंक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
क्याफा में निशान	♈	♉	♊	♋	♌	♍	♎	♏	♐	♑	♒	♓

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

मेष वृष जब मिले मिथुन से
तर्जनी उंगली गिनते है
कर्क सिंह और कन्या राशि
अनामिका उंगली लेते है
तुला वृश्चिक धन तीनों की
छोटी कनिष्ठका होती है
मकर कुंभ और मीन इकट्ठी
मध्यमा उंगली बनती है

7 राशियों की कुंडली में पक्की जगह,





1. तर्जनी उंगली वृहस्पत या हकूमत की उंगली होती है अनामिका उंगली सूरज या व्यक्तिगत (हिम्मत) से कमाई की उंगली होती है कनि
उंगली बुध या इल्मो हुनर कमाई की उंगली होती है
2. गिनती वाले और जगह मुकर्रर करने के वक्त मध्यमा उंगली को सब उंगलियों के आखिर पर लेते है क्योंकि मध्यमा उंगली उदासी
वैराग्य या दुनिया से अलहदा गिनी है जिसका ताल्लुक गृहस्थ के बाद है।

राशियों की कुंडली में पक्की जगह

हर ग्रह की निश्चित रेखा भी कुंडली खाना नं: हो जाती है
तर्जनी और मध्यमा के दरम्यान खाना नं: 11 अंगूठा नं: 2 होगा दिल रेखा खाना नं: 4 होगा सिर रेखा खाना नं: 7 होगा
शनि का हैड क्वाटर जहां खाना नं: 7 (तुला) खाना नं: 4 (कर्क) खाना नं: 8 (वृश्चिक) खाना नं: 9 (धनु) खाना नं: 12 (मीन) और नं: 11 (कुंभ) सब के सब मिलकर आपस में काटते है वह Crossing point खाना नं: 8 शनिच्चर के Head quarter की जगह होगा

इस विद्या में जहां कभी खाना नं: का जिक्र होगा तो मुराद होगी कि कुंडली का खाना नं: है राशि नं: से मुराद न होगी खाना को लग्न भी कहते है।

— - —

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

फरमान न: 6

किस्मत की गांठों ही से ग्रह मंडल बन गया

धर्म दरिया कोसों ऊंची, ग्रह ही साखी लख दाता हो
उल्टे वक्त खुद गांठ आ लगती लेख लिखा था विधाता जो गिरह (गांठ)

दुनिया के प्रारम्भ और ब्रह्माण्ड के खाली आकाश मे (जो बुध का आकार है) सबसे पहले अन्धेरा (शनि का साम्राज्य) मानकर इसमें रोशनी (सूरज की किरणों की चमक) का प्रवेश ख्याल किया गया। इस रोशनी (सूरज) और अन्धेरे शनि दोनों के साथ साथ हवा जो दोनों तो जहानों के मालिक बृहस्पत की राजधानी है चल रही है। यानि हवा अंधेरे में भी होती है और रोशनी में भी हुआ करती है मसलन शीशे का बक्सा हो तो उसके अन्दर खाली जगह में भी हवा होगी और उस बक्स के बाहर भी हवा महसूस होगी। गोया बुध का शीशा अन्धेरे और रोशनी दोनों को ही अन्दर से बाहर और बाहर से अन्दर जाहिर होने की इजाजत देगा। मगर वह (बुध या शीशा) हवा को बाहर से अन्दर या अन्दर से बाहर जाने न देगा। यही चक्र में डाले रखने की दुश्मनी बृहस्पति को बुध से होगी या बुध के आकाश की खाली जगह में किस्मत को स्पष्ट करने वाला ग्रह ग्रह चाली बच्चा बुध की मदद से सूरज और शनि को जुदा जुदा रहने या इकट्ठे ही दम मारने की ताकत बख्श देगा। गोया बुध का शीशा ही बृहस्पति के दोनों जहानों में गांठ लगा देगा और यह गांठ ही ग्रह गिरह है। जिससे आकाश सब ही के लिए इकट्ठा गांठा हुआ मैदान है। या यूं कहा कि अक्ल (बुध) सब तरफ गांठे लगा रही है संक्षेपतः पृथक-पृथक वस्तुओं के इकट्ठा बांध देने वाली चीज की ताकत या बच्चा की किस्मत की उलझन पैदा करने वाली चीज गिरह कहलाती है। संक्षिप्तः उंगलियों और हथेली के परस्पर मिलाने वाली गांठ हथेली की अपनी हर एक गांठ या बच्चे की अपने माता के पेट के सफर की 9 मंजिलों की हर एक गांठ को ग्रह के नाम से याद करते है। गोया कुदरत की ताकत का असल नाम गांठ या ग्रह है जिससे कि कारण से सामुद्रिक विद्या में भी हर बुर्ज की बुनियाद उंगलियों जड़ और हथेली की गांठ पर ही मानी गई है।

ग्रह तादाद में 9 है और वह कुंडली के 12 खानों में घूम जाने की ताकत के मालिक माने गए है इंसान की तरह उनमें भी परस्पर मित्रा दुश्मनी ऊंच या नीच हालत और उतम या मन्दा असर देने की शक्ति मानी गई है-
हर एक ग्रह अपना भला या बुध असर खास-खास अवधियों पर दिया करता है।

Mars Positive मंगल नेक — Mars Negative मंगल बद

ये आवश्यक नहीं कि हर एक ग्रह अपने हाशिया की लकीरों से बने हाथ पर रेशों से भी वही मुराद होगी। उदाहरण चारों तरफ की लकीरों से मिल कर मंगल बना अगर यही शक्ल बारीक-बारीक हाथ के बाकी रेशों से जुदा हो जावे तो भी मंगल नेक होगा।

अंक	नाम ग्रह	फारसी में	अंग्रेजी में	ग्रहों का रंग	बनावटी ग्रह	निशान ग्रह
	बृहस्पत	मुश्तरी	Jupiter	पीला	सूरज शुक्र परस्पर खाली हवाई	[illegible]
	सूरज	शमस	Sun	सुर्ख तांबा खाकी	बुध शुक्र परस्पर	[illegible] ☉
	चन्द्र	कमर	Moon Luna	सफेद दूध	सूरज बृहस्पत मुश्तरका	प्राचीन [illegible]
	शुक्र	जोहरा	Venus	सफेद दही	राहू केतु परस्पर	[illegible]
	मंगल नेक मंगल बद	मरीख	Mars	खूनी लाल	सूरज बुध परस्पर = मंगल नेक सूरज शनि परस्पर = मंगल बद	[illegible]
	बुध	आतरू	Marcury	हरा	बृहस्पत राहू परस्पर	[illegible]
	शनिच्चर	जोहल	Saturn	काला	शुक्र बृहस्पत परस्पर = केतु स्वभाव बुध मंगल = राहू स्वभाव	[illegible]
	राहू	रास	Rahu	नीला	मंगल शनि परस्पर ऊंच अवस्था सूरज शनि परस्पर नीच अवस्था	[illegible]
	केतु	जनुब	Ketu	चितकबरा काला सफेद	शुक्र शनि परस्पर ऊंच हालत चन्द्र शनि नीच हालात	[illegible]

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

i ग्रहों के विस्तार पूर्वक दिए हुए बयानों में देखने से विदित होगा कि ब्रह्माण्ड की भिन्न-भिन्न वस्तुओं को विशेष विशेष भागों में निश्चित करके हर एक भाग का नाम हमेशा के लिए एक ही निश्चित कर दिया है और उन तमाम चीजों को लिखने पढ़ने में बार-बार दोहराने की बजाय उनके लिए निश्चित किया हुआ एक नाम का जिक्र कर देते है उदाहरणतः स्त्री गाय लक्ष्मी आदर्श के लिए केवल एक शब्द शुक्र निश्चित है तो जहाँ कहीं भी शुक्र का जिक्र होगा तो स्त्री गाय लक्ष्मी, मिट्टी आदि-आदि से अभिप्राय होगा।

ii राशियों की तरह ग्रहों के लिए कोई पक्का अंक निश्चित नहीं है मगर उनकी भिन्न लिखित विशेष प्रकार अवश्य निश्चित है

गुरु रवि और मंगल तीनों	नर ग्रह भी कहलाते है
शनि राहु और केतु तीनों	पापी ग्रह बन जाते है
शुक्र लक्ष्मी चन्द्र माता	दोनों स्त्री होते है
बुध मुखन्नस चक्र सभी का	जिससे सभी में घूमते है
नेकी बदी दो मंगल भाई	शहद जहर दो मिलते है
बदलालव गर मारे दुनिया	नेक दान को गिनते है
राहु और केतु सिर्फ दोनों को	पाप के नाम से याद करते

है जब शनिच्चर को राहु या केतु किसी तरह से भी आ मिलते है तो शनिच्चर पापी होगा।
और वैसे भी राहु केतु शनिच्चर तीनों का इकट्ठा नाम पापी है

कुंडली में ग्रहों के पक्के घर:



हथेली पर ग्रहों के पक्के घर बुर्ज

हथेली पर ऊपर को उठी हुई जगह
का नाम बुर्ज • कहलाता है
और हर एक बुर्ज की जगह
हुबहु वही है जो कि इस चित्र
में हर ग्रह की दिखाई गई है
इस तरह बुर्ज संख्या में
7 तो भिन्न भिन्न है बाकी दो ग्रहों की
पक्की जगह या बुर्ज दूसरे ग्रहों के साथ ही मुकर्रर है

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

राहु और केतु को हथेली पर कोई पक्की जगह अलहदा तौर पर नहीं दी गई। लहरों के मालिक है एक ने इन्सान को सिर से पकड़ा और दूसरे ने पांव से तो खुद बखुद उनको जगह मिल गई। और वह बुध (के साथ केतु जो नेकी का मालिक है खाना न: 6 पाताल में) और बृहस्पत के साथ राहु जो बदी का हाकिम है खाना न: 12 आसमान में के साथ तमाम आकाश ब्रह्माण्ड जो बृहस्पत बुध दोनों मिले जुले का परिणाम है में हो बैठे और दुनिया और इस इल्म में पाप के नाम से मशहूर हुए।

पक्का ग्रह	दिन में	सप्ताह में
बृहस्पत	पहला भाग	वीरवार, गुरुवार
सूरज	दूसरा भाग	रविवार इतवार
चन्द्र	चांदनी रात	सोमवार
शुक्र	काली रात	शुक्रवार
मंगल नेक, मंगल बद	पक्की दुपहर	मंगलवार
बुध नेक, बुध बद	चार बजे शाम	बुधवार
शनिच्चर	काली तमाम सारी रात, अन्धेरा दिन	शनिवार
राहू	राहू पक्की शाम	वीरवार की शाम
केतु नेक, केतु बद	सुबह सादक	इतवार की सुबह

(1) अगर एक दिन औसतन 12 घण्टे पहले का अरसा हो तो केतु दिन चढ़ने से दो घण्टे पहले का
तो बृहस्पत दिन निकलने के बाद आठ बजे तक का अरसा
सूरज आठ बजे से दस बजे तक का अरसा
चन्द्र दस से ग्यारह बजे तक का अरसा
शुक्र दस बजे से तीन बजे तक का अरसा
मंगल दिन के ग्यारह बजे से एक बजे तक
बुध चार बजे से छः बजे तक
शनिच्चर दिन छुपने के बाद जब एक भी सितारा निकल पड़े
राहू दिन छुप गया मगर सितारे अभी नहीं निकले

ग्रहों की आपसी मित्रता और शत्रुता

क्रमांक	नाम ग्रह	उसके बराबर का ग्रह	उसका दोस्त ग्रह	दुश्मनी
1.	बृहस्पत	राहू केतु शनि	सूर्य मंगल चन्द्र	शुक्र बुध
2.	सूरज	बुध जो सूरज के साथ बुध होगा	बृहस्पत मंगल चन्द्र	शुक्र शनि राहू, राहू से ग्रहण केतु से मध्यम
3.	चन्द्र	शुक्र शनि मंगल बृहस्पत	सूरज बुध	केतु से ग्रहण राहू से मध्यम
4.	शुक्र	मंगल बृहस्पत	शनि बुध केतु	सूरज चन्द्र राहू
5.	मंगल	शुक्र शनि राहू मंगल के साथ बुध होगा	सूरज चन्द्र बृहस्पत	बुध केतु
6.	बुध	शनि मंगल केतु बृहस्पत	सूरज शुक्र राहू	चन्द्र
7.	शनि	केतु बृहस्पत	बुध शुक्र राहू	सूरज चन्द्र मंगल
8.	राहू	बृहस्पत चन्द्र इसके साथ मध्यम होगा	बुध शनि केतु	सूरज शुक्र मंगल
9	केतु	बृहस्पत शनि बुध सूरज इसके साथ मध्यम होगा	शुक्र राहू	चन्द्र मंगल

चन्द्र शुक्र बराबर है मगर चन्द्र दुश्मनी करता है शनिच्चर से, चन्द्र और बुध दोस्त है मगर चन्द्र दुश्मनी करता है बुध से, राहू के साथ साथ बृहस्पत धूप होगा मगर कम न होगा मगर खाना न: 2 में राहू या बृहस्पत हो तो राहू बृहस्पत के अधीन होगा, बुध गो बृहस्पत का दुश्मन है चन्द्र गो बुध का दुश्मन है

मगर खाना न: 2, 4 में बैठा हुआ बुध या चन्द्र या बुध बृहस्पत या चन्द्र बुध मुश्तरका, दुश्मनी की बजाए पूरी मदद करेगा आर्थिक सहायता के लिए

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

जिस्म व ग्रह का सम्बन्ध

दुश्मन पार्टी

शनिच्चर का दुश्मन सूरज का शुक्र का बृहस्पत का बुध का चन्द्र का केतु का मंगल बद का दुश्मन है राहु और

मित्र मण्डली

सूरज का दोस्त चन्द्र का बृहस्पत का मंगल नेक का राहु का बुध का शनि का शुक्र का दोस्त है केतु इसलिए गोया अर्थात् ग्रहों में उपरोक्त शत्रु मण्डली के ग्रह क्रमानुसार एक दूसरे के शत्रु है जिनका पथ प्रदर्शक राहु केतु परस्पर शत्रु मंडली का है यानि राहु तो सिर का पथ प्रदर्शक और केतु पांव चक्कर का स्वामी है

मानव शरीर में

जिगर = (मंगल) दिल (चन्द्र) धड़ (केतु) के परामर्शदाता है-

दिमाग व जिह्वा (बुध) देखना भालना (शनि) सिर (राहु) परामर्श दाता है।

सिर (राहु) धड़ केतु दोनों को मिलाने वाली गर्दन के सांस का मालिक बृहस्पत है। लिहाज़ा बृहस्पत (एक अकेले मानवीय शरीर की दशा में कुल मानव समस्त संसार की दशा में) यानि लोक और परलोक (गैबी दुनिया समस्त ग्रहों की पारस्परिक शक्ति) का मालिक है केवल इसी गुण पर यह ग्रह किसी से शत्रुता नहीं करता।

— — —

ग्रहों की अवधियां

क्रमांक	नाम ग्रह	कितने दिन	आम साल	उम्र के साल	महादशा	आमदौरा के साल	असर का वक्त	असर की रफतार
1.	बृहस्पत	32	16	75	16	6	मध्य	शेर बब्बर
2.	सूरज	22	22	100	6	2	शुरू	रथ
3.	चन्द्र	24	24	85	10	1	आखिर पर	घोड़ा
4.	शुक्र	50	25	85	20	3	मध्य में	बैल
5.	मंगल नेक	24	13	28	3	2	शुरू	चीता
	मंगल बद	32	15	90	4	4	शुरू	हिरण
6.	बुध	68	24	80	17	2	हमेशा बराबर	मेंढा
7.	शनि	72	36	90	19	6		मछली
8.	राहू	40	42	90	12	6	आखिर पर	हाथी
9.	केतू	43	48	80	7	3		कुत्ता ,सूअर
		264 / 367			120	35		

1. हर ग्रह अपनी अवधि के आधे या चौथाई भाग अवधि में भी अपनी प्रभाव प्रकट कर दिया करता है।
2. राहु की 42 तो केतु की 48 मगर दोनों की मिली जुली अवधि 45 होगी।
3. ग्रहण के समय (सूरज राहू मिले जुले)= सूरज ग्रहण

चन्द्र केतु राहु परस्पर = चन्द्र ग्रहण

4. शनि के 10, 19, 27 वें साल प्रायः नेक असर देगा और मैदानी इलाका में मृग को हिरण,पहाड़ी इलाका में चीतल को मृग बोलते है मगर ग्रह खाली अवस्था में हिरण खा मामूली खा बारह सिंहा को मंगल बद कुत्ते और चीता (दरिन्दा इन्सान को फाड़ देने वाला)

और

18 सिवा 27 (माल मकान पशु) पर मन्दा असर देगा 36 साल से 39 साल उम्र में साधारण असर देगा

5. जैसे कि टेवे के अनुसार उस वक्त हो, किस्मत उदय के लिए बुध 23 मंगल 30 साला उम्र में वर्ना हर ग्रह अपनी-अपनी अवधि पर असर

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

देंगे।

एक साल की अवधि को तीन पर विभक्त करके हर टुकड़ा चार मास का होगा। ... दरम्यानी ग्रह का असर मिल रहा होगा उदाहरणतया बृहस्पत वर्षफल के अनुसार अगर खाना नः 5 में आया हो तो उस साल के पहले चार महीनों में खाना नः 5 पर केतु का असर जैसा कि वह (केतु) उस वक्त भी जब वर्षफल हो दूसरे चार माह में खुद बृहस्पति का अपना असर जैसा कि वह वर्ष हो और आखिरी चार माह में सूरज का असर जैसा कि (सूरज) वर्ष फल के अनुसार मिलता होगा इसी तरह ही हर एक ग्रह में उसके सामने दिए हुए दरम्यानी ग्रहों का असर मिला होगा।

पक्का घर	मध्यावधि ग्रह (दरम्यानी) शुरू	मध्य	अन्त में
बृहस्पत	केतु	बृहस्पत	सूरज
सूरज	सूरज	चन्द्र	मंगल
चन्द्र	बृहस्पत	सूरज	चन्द्र
शुक्र	मंगल	शुक्र	बुध
मंगल	मंगल	शनि	शुक्र
बुध	चन्द्र	मंगल	बृहस्पत
शनि	राहु	बुध	शनि
राहु	मंगल	केतु	राहु
केतु	शनि	राहु	केतु

ग्रह की उम्र का असर:

सब कोई ग्रह हर तरह से कायम् यानि अपने वजूद में खुद अपनी ही सम्पूर्ण शक्ति का चाहे उंच हाल चाहे नीच हालत चाहे घर का मालिक हो और किसी दूसरे का उस पर या उसमें कोई असर न मिल रहा हो तो वह अपनी कुल उम्र तक असर देता रहेगा या उसकी उम्र होगी बृहस्पत 16 सूरज 22 साल चन्द्र 24 साल वगैरा

2. कुल ग्रहों की 120 साला जोड़ से अपना अपना हिस्सा

3. ग्रह के असर का आम अरसा अपनी हालत से बाहर जब कोई ग्रह ऊपर की शर्त (ग्रह की उम्र का असर) दोस्तों से या दुश्मनों के वर्ताव में हो जावे तो उसके लिए बृहस्पत 6 साल सूरज 2 साल और चन्द्र 1 साल वगैरा लेंगे।

4. अपनी अवधि के शुरू दरम्यान या आखिर पर हर राहु असर करता है इसलिए हर ग्रह के साथ दरम्यानी ग्रह का असर (जैसे कि दरम्यानी ग्रहों की सूचि में ही दिया है) शामिल होगा

	किस ग्रह के साथ हो तो	उम्र होगी
बृहस्पत	किसी भी ग्रह के साथ हो	16
सूरज	किसी भी ग्रह के साथ	22
	सिवाय राहु के साथ	0
	सिवाय केतु के साथ	11
चन्द्र	किसी भी ग्रह के साथ	24
	सिवाय बृहस्पत शुक्र बुध राहू	12
	मगर शनिच्चर के साथ	8
शुक्र	किसी भी ग्रह के साथ	25
	सिवाय बृहस्पत के साथ	60 व 1 है दौलत
	सिवाय सूरज के साथ	34
	सिवाय मंगल नेक के साथ	8
मंगल नेक	किसी भी ग्रह के साथ	13
मंगल बद 28	किसी भी ग्रह के साथ	15

	किस ग्रह के साथ हो तो	उम्र होगी कितने साल
बुध	किसी भी ग्रह के साथ	34
	सिवाय सूरज या मंगल	17
शनि	किसी भी ग्रह के साथ	36
	सिवाय बृहस्पत के साथ	18 बाप की उम्र
	सिवाय बृहस्पत के साथ	27 धन दौलत
	सिवाय सूरज के साथ	28
	सिवाय मंगल या शुक्र के साथ	12
	सिवाय बुध के साथ	48
राहू	किसी भी ग्रह के साथ	42
	सिवाय मंगल नेक के साथ	0
	सिवाय केतु के साथ	45
केतु	किसी भी ग्रह के साथ	48
	सिवाय बृहस्पत के साथ	40
	सिवाय शनिच्चर सूरज या मंगल नेक	24

रियायती चालीस दिन

मन्दे ग्रहों का असर उनके निश्चित समय से पहले आ सकता है और न ही भले ग्रहों की सहायता दिए हुए वक्त के बाद तक रह सकती है। अगर हो सकता है तो केवल यह कि एक ग्रह का असर खत्म और दूसरे के शुरु के दरम्यान 40 दिन बाद तक उसका असर बुरा हो सकता है और शुरु होने वाले प्राय नेक और मददगार ग्रह का अपनी अवधि से 40 दिन पहले ही असर होना माना है। इकट्ठे असर के केवल 40 दिन ही होंगे। मगर दोनों के ग्रहों के भिन्न-भिन्न चालीस चालीस दिन न होंगे। यह रियायती दिन कहलाते है। इस असूल पर बच्चे के जन्म से लेकर 40 दिन का हिल्ला और मर जाने के बाद 40 दिन का मातम या चालीसा मनाया जाता है।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

2. चूंकि गिन्ती के लम्बे हिसाब को इस विद्या में उड़ाने के लिए 28 नक्षत्र और 12 राशि को याद में छोड़ ही दिया जाता है इसलिए दोनों की जमा जोड़ (28+12) 40दिन कम से कम या ज्यादा से ज्यादा 43 दिन तक निशानी उनका या असर पूरा होगा जिसकी निशानी वक्त से पहले ही नेक ग्रह का असर हो जाने के वक्त दोस्त ग्रह की चीजों की कुदरती निशानियां और बुरे ग्रह की अवधि 40 दिन बाद तक रहने वाली हालत में पापी ग्रहों की निशानियां हुआ करती है मिसाल के तौर पर किसी का वर्ष 31 खत्म हो रहा है अगला साल एक अप्रैल से शुरु होगा। यह साल जो गुजर रहा है निहायत मन्दा था अगले साल में उस साल की बुनियाद पर अच्छा जमाना आने की उम्मीद हो रही है। वर्षफल जिस ग्रह ने है और मालिक का फैसला पता नहीं क्या होगा। मगर कि देखने से मालूम हुआ कि उसका चन्द्र नम्बर दो में आ जाएगा या वृहस्पत नः 4 में हो बैठेगा जो आगामी नेक असर ही किया करते है इसी तरह ही राहु नः 8 या नः 11 और बुध नः 8 या नः 2 में असर मन्दा असर किया करते है अब अगर मौजूदा साल में मन्दे ग्रह चल रहे थे तो पलटा हुआ मन्दा हाल अगर 31 मार्च के बाद तक ही चलता है तो पापी ग्रहों (राहु केतु शनि) की निशानियां मसलन हादसा या नाहक बदनामियां (बजरिए राहु) सस्ता, या मुसाफरी में नुकसान केतु के सम्बन्धित वस्तुओं की मुसाफिरियां (केतु द्वारा) मशीनरी मकान (शनि) के मन्दे असर होने लग जायेंगे और वह मार्च के महीने में ही मन्दी निशानियाँ देंगे तो समझ लेंगे कि आने वाला साल 31 मार्च 40 दिन बाद तक वही मन्दा असर देगा जो कि पहले चल रहा था इसके विपरीत चन्द्र अच्छा वृहस्पत भला हो जाने का सबूत उनके सम्बन्धित मित्र और सहायक ग्रहों की वस्तुओं से स्पष्ट होने लग जाएगा। यानि चन्द्र के मित्र ग्रह उदाहरणतया सूरज वृहस्पत मंगल की सम्बन्धित वस्तुएं (हर ग्रह की जुदा जुदा चीजें) अलहदा सूचि में लिखी है) जरिए जाहिर होने लगें तो समझ लेंगे कि आने वाला साल का अच्छा असर 40 दिन पहले ही होने लग जाएगा। वह कब ? 31 मार्च के बाद दूसरा साल शुरु होना है उस तारीख से पहले 40 दिन यानि पूरा महीना तो मार्च का और 9 दिन और भी पहले फरवरी में गोया 20 फरवरी से - शुरु करके चन्द्र या वृहस्पत के ग्रहों के दोस्त ग्रहों की सम्बन्धित वस्तुएं अपना नेक असर देने लग जावे तो समझ लेंगे कि अगला साल अपना अच्छा असर जरुर देगा और चालीस दिन पहले ही यह और उपाय हो जाएगा कई दफा उपाय करने के दौरान 40 दिन की आधी या चौथाई अवधि में आधा या चौथाई असर मालूम होने लग जाया करता है जो आवश्यक नहीं कि आधा या चौथाई हिस्सा ही असर होवे। पूरा-पूरा असर भी हो जाना माना है।

समस्त ग्रह शक्ति अनुसार:-

सूरज चन्द्र शुक्र वृहस्पत मंगल बुध शनि राहु केतु क्रमशः परस्पर मुकाबला की ताकत में एक दूसरे से कम है।

टकराव या बरताव और शक्ति का पैमानाः-

जब दौरा या तख्त का स्वामी ग्रह न कोई और दूसरा ग्रह आपस में टकराव पर हो जावें (टकराव दुश्मनी की हालत में होता है मिलाप या बरताव दोस्ती की हालात के) तो सूरज 9/9 चन्द्र 8/9 शुक्र 7/9 वृहस्पत 6/9 मंगल 5/9 बुध 4/9 शनि 3/4 राहु 2/9 केतु 1/9 ताकत का होगा। दौरा के वक्त ग्रहों के आपसी टकराव से उनके पारस्पारिक असर में कमी बेशी होने के इलावा किसी ग्रह के उपाय के लिए दूसरे ग्रह का उपाय करते वक्त भी यह ताकत का पैमाना मददगार होगा।

ग्रह की दूसरी अवस्था

Free by Astrostudents

यानि इस्तालात वगैरा ग्रह फल

ग्रह फल व राशि फल

जब कोई ग्रह अपनी निश्चित राशि (यानि वो राशि जिसके घर का मालिक वह माना जाता है) या ऊंच नीच फल के लिए बनाई हुई राशि या अपने पक्के घर की बजाए किसी और गैर राशि में जा बैठे या किसी दूसरे ग्रह का साथ साथी ग्रह जड़ अदली बदली करने वाला वगैरा) बन जावे तो वह ग्रह ऐसी हालत में राशिफल या शक्की हालत का ग्रह होगा जिसके बुरे असर से बचने के लिए शक का फायदा उठाया जा सकता है। इसके विपरीत ऊपर कही हुई हालत के उल्ट हाल पर जबकि वह न ऊंच नीच न घर का और न ही पक्के घर का साबित हो तो वह ग्रह "ग्रहफल" या पक्की हालत ग्रह होगा जिसका असर हमेशा के लिए निश्चित हो चुका है। और उसके बुरे असर को तब्दील करने की कोशिश करना बेमानी बल्कि इन्सानी ताकत से बाहर होगा। सिर्फ खास खास परमात्मा तक पहुंच वाली और कुछ एक विशेष हस्तियां ही रेख में मेख (रेखा में लेखा) सूरज मेख राशि खाना नः 1 में रख सकती है। मगर वह भी आखिर तबादला ही होगा यानि एक जानदार या दुनियावी चीज या ताकत को उसकी हस्ती से मिलकर इसके बदले में दूसरा जानवर दुनियावी चीज या ताकत पैदा कर देगी (बाबर हमांयू के किस्से) मगर दूसरा अंक फिर भी पैदा न होगा सिवाय उस वक्त के जबकि ऐसी हस्तियां खुद अपनी ताकत या अपना ही आप तबाह कर लेती है और बदले में किसी दूसरे तक नौबत नहीं आने देती यह हालत भी उनकी खुदाई शरीक होने की होगी कोई न कोई तबादला दिया ही गया ग्रह फल फिर भी न बदला ग्रह फल को अगर राजा कहे तो राशिफल उसका साथी वजीर होगा।

ग्रहफल की मन्दी हालत के वक्त कौन सी चीज बतौर राशिफल मददगार हो सकती है (ग्रह के उपाय के हाल में देखें)

35 साला चक्कर

35 साल के बाद सब ग्रह अपना चक्कर पूरा कर जाते है और जो ग्रह पहले चक्कर में बुरा असर करते है वह अपने दूसरे चक्कर यानि 35 साल के बाद दूसरी चाल में बुरा असर न देंगे। यह शर्त नहीं कि भला असर जरुर दें। ग्रहों की 35 साला अवधि 35 साला चक्कर कहलाती है। ग्रहों का 35 साला चक्कर और इन्सान की उम्र का 35 साला चक्कर दो जुदा-जुदा बातें है। मान लिया एक शख्स के जन्म दिन से ही वृहस्पत का दौरा शुरु हुआ बाकी ग्रह एक के बाद दूसरे वृहस्पत 6 साल, सूरज 2 साल, चन्द्र 1 साल, शुक्र 3 साल, मंगल 6 साल, बुध 2

वृहस्पत = 6
सूरज = 2
चन्द्र = 1
शुक्र = 3
मंगल = 6
बुध = 2
शनि = 6
राहु = 6
केतु = 3
जोड़ = 35

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

शनि 6 साल, राहू 6 साल, और केतु 3 साल, कुल 35 साल का दौरा। तमाम ग्रहों ने उसकी 35 साला उम्र तक ही पूरा कर दिया। लेकिन हो सकता है उसका पहला ग्रह बृहस्पत के बजाए शनि शुरू होवे और जन्म दिन की बजाए 7 वें साल से शुरू हो। अब तमाम ग्रह तो 35 साल में ही दौरा पूरा कर लेंगे जब आखिरी ग्रह का आखिरी दिन होगा उस वक्त इन्सान की उम्र 35 साला ग्रहों का दौर जमा 6 साल, जब अभी शनिच्चर या उम्र का पहला ग्रह अभी शुरू भी न हुआ था यानि कुल उम्र 41 साल की पूरी होगी। जो 35 साला के सिवाय से इन्सान की उम्र दूसरा 35 साला दौरा होगा अब जिस दिन से ग्रहों का दूसरा दौरा शुरू हुआ यानि जिस दिन जन्म दिन से शुरू होने वाला ग्रह दूसरी दफा शुरू हुआ उसी दिन से जिन ग्रहों ने पहले बुरा असर दिया था वह अब दूसरी चाल में बुरा असर न देंगे। यह जरूरी नहीं कि वह बुरा फल देने वाला ग्रह अच्छा फल ही देवे मगर वह बुरा फल न देगा और अमूमन अच्छा फल ही हुआ करता है।

2. ऐसे 35 साला चक्कर एक प्राणी की तमाम 120 साला औसत उम्र में ज्यादा से ज्यादा 3 दफा आ सकते हैं।

3. अगर दाएं तरफ हाथ की रेखाओं दिमागी खानों या कुंडली के पहले घरों के ग्रहों का असर उम्र के पहले हिस्सा शुरू की तरफ से चलकर में हो गया तो : बाएं तरफ का असर बाद में होगा

4. 35 साला चक्कर के सबब बाप बेटे की उम्र का बाहमी ताल्लुक 70 साल में माना जाता है।

5. इस 35 साला चक्कर का पूरा-पूरा इस्तेमाल वर्षफल के हाल में दर्ज है।

6. 35 साला चक्कर में हर ग्रह की अवधियों में दरम्यानी ग्रहों की मियाद-

दौरा होवे	बृहस्पत का 6 साल	सूरज 2 साल	चन्द्र 1	शुक्र 3	मंगल 6	बुध 2	शनि 6	राहू 6	केतु 3
शुरू	केतु 2 साल	मंगल 8 माह	बृहस्पत 4 माह	मंगल 1 साल	मंगल 2 साल	चन्द्र 8 माह	राहू 2 साल	मंगल 2 साल	शनि 1 साल
दरम्यानी	बृहस्पत 2 साल	सूरज 8 माह	सूरज 4 माह	शुक्र 1 साल	शनि 2 साल	मंगल 8 माह	बुध 2 साल	केतु 2 साल	राहु 1 साल
आखिरी	सूरज 2 साल	चन्द्र 8 माह	चन्द्र 4 माह	बुध 1 साल	शुक्र 2 साल	बृहस्पत 8 माह	शनि 2 साल	राहू 2 साल	केतु 1 साल

जन्म दिन का ग्रह और जन्म वक्त का ग्रह

1. जिस दिन जन्म हो उस दिन का सम्बन्धित ग्रह जन्म दिन का ग्रह होगा

जिस वक्त पैदाइश हो उस वक्त का सम्बन्धित ग्रह जन्म वक्त का ग्रह होगा।

सप्ताह के दिनों की तरह ग्रहों के नाम इतवार (सूरज) सोमवार (चन्द्र) मंगल बुध वीरवार (बृहस्पत शुक्र और शनिच्चर) सात ही है हर एक शाम के वक्त को आठवां राहु और हर सुबह के तड़के को 9वां केतु होगा अंग्रेजी हिसाबमें रात के 12 बजे के बाद दूसरा दिन शुरू होता है मगर सामूहिक विद्या में सूरज निकलने से नया दिन शुरू होता है यानि रात के गुजरे हुए दिन का हिस्सा लेकर नए सूरज से दूसरा दिन गिनेंगे।

एक दिन में ग्रह का वक्त

सूरज निकलने के बाद दिन का पहला हिस्सा बृहस्पत का वक्त कहलाता है दिन के पहले हिस्से के बाद मगर पक्की दोपहर के से पहले सूर्य का वक्त होगा। तमाम चाँदनी रात को चन्द्र का वक्त कहेंगे। अंधेरा पक्ष तथा चाँदनी पक्ष की दरम्यानी या अमावस्य की रात शुक्र का समां होगा। पूरी दोपहर का वक्त (दिन का एन दरम्यान) मंगल का समय लेंगे। दोपहर के बाद मगर पूरी शाम से पहले का वक्त बुध का होगा काली रात या घनघोर बादलों का दिन शनि का होगा। पूरी पक्की शाम मगर रात से पहले का वक्त राहु का वक्त लेंगे। सुबह सादक (प्रभातः) मगर सूर्य निकलने से पहले का वक्त केतु का होगा

~~जन्म दिन और जन्म वक्त का ताल्लुक~~

पैदा होने के दिन व वक्त के हिसाब से

(अ) जन्म दिन के ग्रह को गिनते है किस्मत को ग्रह को जगाने वाले ग्रह का पक्का घर या राशि फल यानि जिस का उपाय हो सके।

(आ) जन्म वक्त के ग्रह को गिनते है किस्मत का ग्रह और ग्रह फल का यानि जिस का दिया हुआ फल (अच्छा या बुरा) अटल हो और कोई उपाय न हो सके।

उदाहरण:-

पैदाईश हो-सोमवार, बवक्त पक्की शाम की तो दिन का मुतल्लका ग्रह होगा चन्द्र, और वक्त का मुतल्लका ग्रह लेंगे राहु। अब जन्म वक्त के ग्रह को जन्म दिन के मुतल्लका ग्रह के पक्के घर का गिनेंगे यानि अब राहु (जो जन्म वक्त का ग्रह है) चन्द्र (जो जन्म दिन का ग्रह है) के पक्के घर (फेरिस्त के अनुसार) खाना नः 4 में होगा क्योंकि जन्म दिन का मुतल्लका ग्रह राशि फल या काबिले उपाय होना माना है इसलिए नः 4 का राहू

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

खाना नः 4 में मुश्तरका [illegible] खाना नः 4 [illegible] से नेक असर हो जावेगा।

खाना नं:	ग्रह	दिन
9	बृहस्पत	वीरवार
1	सूरज	रविवार
4	चन्द्र	सोमवार
7	शुक्र	शुक्रवार
3	मंगल दोनों	मंगलवार
7	बुध	बुधवार
10	शनि	शनिवार
12	राहु	वीरवार की शाम पक्की
6	केतु	रविवार की सुबह (प्रभात का समय)

पापी ग्रह

हमेशा राहु केतु शनि तीनों की ही मुराद हो

पाप

सिर्फ राहु और केतु दोनों इकट्ठे पाप के नाम से याद किए जाते है।

खाना नः 2 धर्म स्थान खाना नः 5 आइन्दा औलाद खाना नः 8 मार्ग स्थान खाना नः 11 धर्मदरबार निश्चित होने की वजह से जुदा रहेंगे। मंगल के दो हिस्से: नेक व बद सूरज बुध मुश्तरका नेक मंगल केतु स्वभाव सूरज शनिच्चर (बद भाग) राहु स्वभाव होगा।

बुध सूरज शनिच्चर (रात दिन इकट्ठे है) खाली बुध होते है। अगर बुरी खासियत या ऐसे घेरा में हो जहां सूरज या शनि दोनों में से कोई भी मन्दा हो तो न सिर्फ सूरज 22 साला उम्र और शनि 36 साला उम्र तक नीच होगा। बल्कि मंगल भी मंगल बद और राहु मन्दा होगा। ख्वाह राहु और मंगल किसी भी घर में और कैसे ही ऊंचे, उम्दा और नेक हालत, में बैठे हों।

अन्धे ग्रह:

अगर खाना नः 10 बाहम दुश्मन या नीच हैसियत वगैरा रद्दी ग्रहों से खराब हो रहा हो तो वह टेवा। अन्धे ग्रहों का होगा और तमाम ही ग्रह मय शनि खुद खा ऊंच घरों के हों अन्धे की तरह अपना फल देंगे। विस्तार से देखिए शनि खाना नः 10 में
नहोराता के ग्रह:ऐसे ग्रह जो ऐसे इन्सान की तरह हो जो दिन को देख सके मगर रात का अन्धा हो मसलन चौथे सूरज और सातवें शनिच्चर हो तो ऐसा टेवा नहोराता वाला या आधा अन्धा होता है।

धर्मी ग्रह:

पापी ग्रह शनि,राहु,केतु तीनों ही है राहु और केतु खाना नः 4 में पाप छोड़ने का चन्द्र के सामने हलफ उठाते है शनि खाना नः 11 में बृहस्पत ग्रह को हाजिर नजर समझ कर राहु केतु के पैदा किए गए पापों का फैसला करता है। यानि राहु केतु अगर खाना नः 4 या चन्द्र के साथ किसी भी घर में हो और (2) शनि खाना नः 11 या बृहस्पत के साथ किसी भी घर में हो तो ऐसे टेवे में पाप या पापी दोनों का ही बुरा असर न होगा। और सब ग्रह धर्मी होंगे। यह शर्त नहीं कि पापी ग्रह ऐसी हालत में बैठे हुए उतम फल जरूर ही देंगे। प्रतिज्ञा केवल इतनी है कि पाप नहीं करेंगे।

साथी ग्रह

जब कोई ग्रह आपस में अपनी अपनी निश्चित राशि ऊंच नीच घर की राशि या अपने पक्के घरों में अदल-बदल कर बैठ जावे या अपनी जड़ो के लिहाज से इकट्ठे हो जावें तो साथी ग्रह कहलाते हों मसलन सूरज का पक्का घर खाना नः 5 है और शनि का पक्का घर खाना नः 10 है अब शनि हो खाना नः 5 में और सूरज हो खाना नः 10 में तो दोनों बाहम साथी ग्रह होंगे।
2. कुंडली के हर खाना की मुश्तरका लकीर या दीवार, हमसाया, ग्रहों सिर्फ (दोस्तों) को मिलाया करती है मगर दुश्मनों को अलग-अलग रखती है यानि कुंडली के बैठे हुए दो ग्रह जो बाहम दोस्त हो और कुंडली के वह घर जिन में वह बैठे है सिर्फ एक लकीर से जुदा-जुदा हो रहे हों तो इकट्ठे या साथी ग्रह कहलाते है जो एक दूसरे का बुरा न करेंगे। मगर दो दुश्मन गिने हुए ग्रहों की हालत में दो खानों की दरम्यानी लकीर (खत) उन ग्रहों को जुदा-जुदा ही रखेगी।
क्याफा- एक रेखा के साथ-साथ ही दूसरी रेखा उदाहरण या एक ही किस्म की रेखा होगी वर्ना की दोनों ही एक बुर्ज पर वाक्या दो ऐसी शाखों से मुराद होगी की कोई अपना भाई बहिन साथ चल रहा होगा या बददुगारी शाख अपने ही खून का ताल्लुक दार बनाएगी।
(बिलमुकाबल)

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

आमने सामने के ग्रह-

जो ग्रह आपस में तो दोस्त हो मगर ऐसी हालत में बैठे हो कि खुद तो वह दोस्त रह ही रहे मगर उनमें से हर एक या किसी एक की जड़ पर आगे दुश्मन ग्रह हो जाए चाहे वह खुद दोस्त ही है लफ्ज (शब्द) बिलमुकाबिल से याद होंगे क्योंकि अब उन में किसी न किसी तरह से दुश्मनी स्वभाव हो गया है।

दुश्मनों से मारे हुए मन्दा असर होने के वक्त ग्रहों की कुरबानी के बकरे

(यानि असली ग्रह की अपनी जगह की बजाए किसी दूसरे ग्रह की हालत खराब हो जाए या वह अपनी जगह दूसरे ग्रह को मरवा जावे)

शनि:-

दुश्मन ग्रहों से बचाव के लिए शनि अपनी जान बचाने के लिए अपने पास राहू-केतु ऐसे ग्रह एजेंट बनाए हुये है की वह शनि की जगह किसी दूसरे की कुरबानी दिला देते है। राहू-केतु इक्ट्ठे बनावटी शुक्र माना है इस लिए जब शनि को जब सूर्य का टकराव तंग करे तो वह खुद अपनी जगह शुक्र औरत को मरवा देता है या सूर्य शनि के झगड़े में औरत मारी जायेगी या ऐसे कुंडली वाले की औरत पर इन दोनों ग्रहों की दुश्मनी का असर जा पहुंचेगा। न सूर्य खुद बरबाद होगा न हि शनि क्योंकि वह आपस में बाप बेटा है।
उदाहरण सूर्य खाना नः 6 शनि खाना नः 12 हो तो औरत पर औरत मरती जावे

बुध:-

बुध ने भी अपने बचाव के लिए शुक्र के साथ दोस्ती रखी है वह भी अपने दोस्त शुक्र को ही अपनी बलाएँ डाला करता है मंगल मंगल बद (भाई) अपनी बला केतु लड़का पर डालता है शेर कुते को मरवा देगा मसलन सूरज खाना नः 6 मंगल नः 10 लड़के पर लड़का (केतु) मरता जावे। भाई भतीजे को मरवाए।

शुक्र:-

शुक्र (औरत) शैतान स्वभाव खुद अपनी बला चन्द्र यानि कुंडली वाले की माता पर जा धकेलेगी मसलन चन्द्र शुक्र आमने सामने तो माता अंधी हो जावे

Free by Astrostudents

बृहस्पत:-

बृहस्पत ने अपना साथी केतु को ही कुर्बानी के लिए रखा है। मसलन बृहस्पत खाना नः 5 और केतु किसी और घर में अब अगर बृहस्पत की महादशा आ जावे तो केतु के खाना नः 6 का फल रद्दी होगा। औलाद का नही जो खाना नः 5 की चीज है। मामू को केतु की महादश 7 साल तकलीफ होगी।

सूरज:

अपनी मुसीबत के वक्त केतु पर नजला (अपना मन्दा असर)डाल देगा

चन्द्र:

अपने दोस्त ग्रहों (बृहस्पत सूरज मंगल) पर अपनी बला टाल देगा।

राहू केतु:

खुद ही अपना आप निभाएंगे और अपनी सम्बन्धित वस्तुएं कारोबार या रिश्तेदार मुतल्लका राहु या केतु पर मुसीबत का भूचाल पैदा करेंगे।

धर्म स्थान

धर्म पालन, पूजा पाठ या इष्ट सिद्धि के लिए पवित्र जगह से मुराद होगी मुसलमान के लिए मस्जिद, सिख के लिए गुरद्वारा, ईसाइयों के लिए गिरिजा घर और हिन्दुओं के लिए धर्म मन्दिर गर्ज कि जिस धर्म और जगह में किसी प्राणी का विश्वास हो वही जगह उसके लिए धर्मस्थान होगा खा वहां रहने वाला कोई भी क्यों न हो। जिस किसी का कोई धर्मस्थान न हो या जिसे किसी ऐसी दुनियावी जगह पर विश्वास न हो उसके लिए चलता हुआ दरिया नदी या शनिच्चर का चौरस्ता धर्मस्थान का काम देगा।

नोटः सूरज मंगल और बृहस्पत इन्साफ के मालिक होते हुए दूसरों की तो मदद करेंगे और एक का दूसरे पर नाजायज ज्यादती करते नहीं देख सकते मगर जब खुद ही मुसीबत में हो तो गरीब केतु का मरवाते है।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

स्थित (कायम) ग्रह

जो ग्रह हर तरह से दरूस्त और अपना असर वगैर किसी दुश्मन ग्रह के असर की मिलावट के साफ साफ और कायम रख रहा हो यानि राशि की मल्कीयत स्वामित्व ऊंच नीच या पक्के घर या दृष्टि वगैरा किसी तरह से भी उसमें दुश्मन का असर न मिल रहा हो और नहीं वह किसी दुश्मन ग्रह का साथी ग्रह बन रहा हो तो वह कायम ग्रह कहलाएगा।

घर का ग्रह

ग्रह की अपनी निश्चित राशि सूची के अनुसार दोस्ती, दुश्मनी बराबर का उस ग्रह का घर कहलाएगा मसलन खाना नं: 3 वा 6 बुध के लिए

घर का ग्रह

ग्रह का पक्का घर सूची के अनुसार दोस्ती दुश्मनी बराबर/ऊंचनीच घर का, उस ग्रह का घर कहलाएगा। मसलन खाना नं: 7 बुध के लिए।

दोस्त ग्रह दुश्मन ग्रह

सूची के अनुसार दोस्ती दुश्मनी बराबर का - किसी ग्रह के सामने खाना न दोस्त दुश्मन में लिखे हुए ग्रह उस ग्रह के दोस्त ग्रह कहलाएंगे। किसी दूसरे की मार्फत दोस्त न लेंगे। दोस्ती दुश्मनी इस हिसाब में लेंगे जो सम्बन्धित सूचि में अंकित है।
ऊंच नीच ग्रह नीच ग्रह बराबर के ग्रह हर ग्रह की ऊंचनीच घर का पक्के घर दोस्त दुश्मन बराबर का वगैरा भी सूचि जद्दी जगह दर्ज है।
ऊंच ग्रह से मुराद होगी पूरी सौ फीसदी मुकम्मल असर की ताकत का मालिक
नीच ग्रह से मुराद होगी पूरी सौ फीसदी मनफी या नामुकम्मल असर की ताकत
बराबर का ग्रह से मुराद होगी मसावी एक जैसा असर

बालिग नाबालिग ग्रह

क्याफा: बच्चे की रेखा का 12 साला उम्र तक कोई एतबार नहीं 16 साल से रेखा में भी कोई तब्दीली नहीं मानते नाबालिग बच्चा (12 साल उम्र तक) की रेखा का जो एतबार नहीं मगर मुमकिन है कि ऐसी उम्र तक वह पक्के अगर की रेखा होवे या तब्दील हो जाने वाली हों। बच्चा की बन्द मुट्ठी या कुंडली के खाना न: 1, 7, 4, 10 खाली हो या उन खानों में सिर्फ पापी ग्रह या बुध अकेला (पापी ग्रह और बुध दोनों में से सिर्फ एक) हो तो वह रेखा नाबालिग ग्रहों की होंगी। ऐसे प्राणी की किस्मत का हाल 12 साला उम्रतक शक्की होगा। ऐसी हालत में नाबालिग ग्रहों वाले बच्चे की किस्मत का मालिक ग्रह निम्नलिखित होगा उस के हिसाब से असर का खाना न: देखने जावे। अगर कुंडली में कोई खाना न: खाली ही आजावे तो इस खाली खाना न: के मालिक का ग्रह (घर का मालिक) जिस खाने में हो वह खाना लेवें। बालिग ग्रहों की हालत में आम दिए हुए असूल काराआमद होंगे।

नाबालिग ग्रहों के पैदा होने वाले बच्चों की उम्र के साल — किस्मत के ताल्लुक के किस खाना के ग्रहों का असर मददगार होगा। — घर का मालिक ग्रह

1	7	शुक्र
2	4	चन्द्र
3	9	बृहस्पत
4	10	शनि
5	11	शनि
6	3	बुध
7	2	शुक्र
8	5	सूर्य
9	6	बुध केतु
10	12	बृहस्पत
11	1	मंगल
12	8	मंगल

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

फरमान: 7

बुत से रूह ने अपना घर क्यों पूछ लिया ?

राशि मालिक है लेख की होती   या कि होता ग्रह मण्डल हो
मिल के कटेगी उमर [1] दोनों की   कुंडली जन्म या चन्द्र हो
घर पहले की उमर सौ साला   3, नव्वे दस बारह है
पच्चासी उमर चौथे की लेते   अस्सी होती घर छै की है
पौना सदी या साल पिच्चतहर   गुरु मन्दिर घर दो की है
घर और ग्रह की उमर जुदा पर   गुजरती दो की इकट्ठी है
गुरु जगत की उमर पिच्चतहर   बुध केतु अस्सी होती है
शुक्र चन्द्र की उमर पच्चासी   शनि मंगल राहू 90 है
स्त्री ग्रह जब मिले नरों में   उमर 96 होती है
समय मिले जब बुध पापी का   वही पच्चासी होती है
रवि मालिक है पूरी सद्‌दी का   उमर लम्बी होती है
ग्रहण [2] लो जब रवि चन्द्र को   साल तीन कम होती है

[1] इस जगह लिखी उमर में ग्रह राशि की अपनी-अपनी है मगर इन उमरों से इन्सानी उमर की कोई हदबन्दी नहीं होती फर्ज किया खाना नं: 1 जिस की उमर है 100 साल वहां खाना नं: 1 बैठा हो बृहस्पत जिसकी उम्र 75 साल गिनी है तो मतलब यह होगा कि ऐसे टेवे वाले का बृहस्पत ज्यादा से ज्यादा अपनी बृहस्पत की उम्र तक यानि 75 साल तक अपना बुरा या भला असर जैसा कि टेवे के मुताबिक हो दे सकता है इसी तरह ही खाना नं: 6 में जिसकी उम्र 80 साल है अगर सूरज बैठा हो जिसकी उम्र 100 साल मानते है मुराद यह होगी कि ऐसे टेवे वाले को सूरज नं: 6 का ग्रह ज्यादा से ज्यादा 80 साल तक अपना असर जैसा भी टेवे के मुताबिक से दे सकता है।

[2] जिस वक्त जन्म कुंडली में चन्द्र के साथ केतु हो चन्द्र ग्रहण और जब सूरज के साथ राहू हो तो सूरज ग्रहण बनेंगे।

ग्रह व राशि का परस्पर (वाहमी) सम्बन्ध

मेष वृश्चिक मालिक मंगल   तुला वृष शुक्र की है
कन्या मिथुन का बुध है मालिक   कुंभ मकर दो शनि की है
गुरु मालिक है धन मीन का   कर्क चन्द्र की होती है
सिंह अकेला गरजे दुनिया   राशि जो सूरज की है
केतु बैठे गर कन्या राशि   राहू निवासी भी न का है
पाप चढ़ा आसमान के ऊपर   जड़ जिसकी पाताल में है

शि नः	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
न राशि	मेख	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
लिक ग्रह	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र	सूरज केतु	बुध	शुक्र	मंगल	बृहस्पत	शनि	शनि	राहू बृहस्पत
च ग्रह	सूरज	चन्द्र	राहू	बृहस्पत	- राहू	बुध	शनि	-	केतु	मंगल	-	शुक्र केतु
च ग्रह	शनि	-	केतु	मंगल	-	शुक्र केतु	सूरज	चन्द्र	राहू	बृहस्पत	-	बुध राहू
का घर	सूरज	बृहस्पति	मंगल	चन्द्र	बृहस्पत बुध	केतु शनि	शुक्र	मंगल	बृहस्पत	शनि	बृहस्पत	राहू
स्थत ग्रहं वाली	मंगल	चन्द्र	बुध	चन्द्र	सूरज	राहू	शुक्र	चन्द्र	बृहस्पत	शनि	बृहस्पत	केतु
फल ग्र	मंगल	राहू केतु	शनि	चन्द्र	शुक्र सूरज	बुध केतु	शुक्र	मंगल	बृहस्पत	शनि	शुक्र शनि	राहू
फल का	राहू ।	-	शनि दौलत के लिए	मंगल शुक्र केतु	-	नरग्रह शनि	सूरज शुक्र राहू	-	शनि बुध	केतु	-	बुध

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

ऊंच ग्रह से मुराद पूरी ताक्त आखिरी और उतम दर्जे की हदबन्दी नेक अर्थों में
नीच ग्रह से मुराद सबसे नीच या मन्दी हालत आखिरी कम दर्जे की हदबन्दी मन्दे अर्थों में
घर का मालिक ग्रह से मुराद औसत दर्जा नेक अर्थों में

हर राशि के सातवें नम्बर पर वही ग्रह ऊंच होगा जो पहले उसी नम्बर नीच था मसलन खाना नं: 1 में अगर सूरज ऊंच है तो वह नं: 7 में नीच होगा

खाना नं: 8 में चन्द्र नीच है वह नं: 2 में उच्च होगा। नं: 1 में शनि नीच है वह नं: 7 में उच्च होगा नैः सात ग्रह और बारह राशि या 12x7= 84 की योनि का जी जाल या रात दिन में 84 लाख सांस का मसाला अजीब पैदा हो चुका है हर सातवें के बाद फिर वही ग्रह असर करते है या हर आठवें साल वही हाल्त हो जाती है

इसी असूल पर ग्रह व राशि का असर मुश्तरका लेते है। खाना नं: 2 का नीच नहीं होता। और यह खाना राहू केतू (सिर्फ दोनों) की मुश्तरका बैठक है। जिसके लिए राशिफल का ग्रह नहीं है। यानि इस खाना के ग्रह अपना अपना या अपने अपने कर्मों (पुण्य पाप का बजाते खुद अपनीजान से मुतल्लका) के करने कराने के खुद अख्तयारी है। खाना नं: 5 का ऊंच नीच दोनों ही हिस्से नहीं होते। इस घर में बैठने वाला ग्रह अपनी खुद जाती कमाई की किस्मत का ग्रह होता है। खाना नं: 11 का ऊंच नीच दोनों ही हिस्से नहीं होने यह आम दुनिया मुतल्लका, से किस्मत का लेन देन है खाना नं: 8 का ऊंच नीच नही होता कोई मौत को मार नहीं सकता सिवाय चन्द्र के जो दिल की शन्ति व गैबी (रहस्यात्मक) मदद है (दुनिया को माता गिना तो इन्सान का बच्चा माता के पेट में बच्चे की तरह रहने वाला) गौर से देखे तो मालूम होगा कि राहू खाना नः 12 में घर का मालिक ग्रह भी लिखा है। और खाना नः 12 में वह नीच भी लिखा है। इस तरह केतू खाना नः 6 में घर का मालिक ग्रह ही लिखा है और उसको नीच फल की राशि भी खाना नः 6 ही लिखी है मतलब यह है कि :–

राहू:

जब बृहस्पत के घर खाना नं: सिर्फ 12 में हो तो नीच होगा। हालांकि बृहस्पत और राहू बाहम दुश्मन नहीं बराबर के है। राहू के वक्त (जब राहू बृहस्पत इक्ट्ठे हों) बृहस्पत चुप ही हो जाता है। राहू को आसमान (खाना नं: 12) नीला रंग माना है। बृहस्पत की हवा को जब आसमान का साथ मिले या ज्यूं-ज्यूं हवा आसमान की तरफ ऊंची होती जावेगी हल्की होती जावेगी और दुनियादारों के सांस लेने के ताल्लुक में निकम्मी होती जावेगी लेकिन जब वही बृहस्पत की हवा नीचे की तरफ होती आएगी तो केतु का साथ होता जाएगा (खाना नं: 6) तो हर एक की मददगार होगी इसी असूल पर राहू के साथ बृहस्पत हो तो न सिर्फ बृहस्पत का असर चुपचाप बन्द हालत का होगा बल्कि राहू का अपना असर बुरा होगा या दम (सांस बृहस्पत की ताक्त) घुटने पर या दम घुट जाने पर नतीजा मन्दा होगा इसके खिलाफ अगर राहू को बुध के खाली आकाश में खुला ही मैदान मिलता जावे मगर वह खाना नं: 12 के माने हुए आसमान की बजाए बुध के खाली आकाश के हो होतो राहू का फल जरर ही अच्छा बल्कि उम्दा असर देगा या राहू को बुध का घर खाना नं: 6 या बुध का साथ मिले तो नेक असर देगा। राहू है भी बुध का दोस्त इसलिए दोनों के बाहम साथ से दोनों का फल उम्दा होगा। या दोनों ही खाना नं: 6 में ऊंच फल के और दोनों में से हर-एक या दोनों ही खाना नः 12 में मन्दे फल के होंगे। राहू को फर्जी तौर पर अगर आसमान माने तो यह फर्जी दीवार बृहस्पत को साफ कह देगी कि ऐ बृहस्पत तू मेरे ऊपर गैबी जगह (दूसरी दुनिया) या मेरे नीचे इस इन्सानी दुनिया में से एक तरफ ही रखे। गोया राहू ने बृहस्पत को दो जहां में से सिर्फ एक ही तरफ कर दिया या राहू के साथ पर दो जहानों में से सिर्फ एक ही तरफ के जहां तक मालिक रह जाता है या दोनों में एक तरफ के लिए वह बृहस्पत चुप ही गिना जाता है इसी तरह ही

Free by Astrostudents

केतु:

जब बुध के साथ हो या बुध के घर खाना नं: 6 में हो तो नीच होगा लेकिन जब केतु का बृहस्पत का साथ मिल जावे तो केतु ऊंच फल का होगा। केतु बृहस्पत बराबर का फल देंगे। राहू केतु चूंकि अपने से सातवें देखने के असूल के ग्रह है इसलिए राहू अगर 3, 6 बुध के घर में ऊंच हुआ तो केतु यहां (खाना नं: 3, 6 में) नीच होगा यही हाल केतु यानि अगर केतु खाना नं: 9, 12 (बृहस्पत के घर) में ऊंच होगा तो राहू इन घरों में नीच होगा। गर्जे कि राहू केतु का अपने दायरा में चलाने वाला बुध है।

जब बुध होवे राहू के घर खाना नः 12 में तो नीच होगा क्योंकि खाना नं: 12 उसके दुश्मन ग्रह बृहस्पत का है और जब बुध हो केतु के घर खाना नं: 6 में ऊंच होगा। क्योंकि यह राशि नः 6 बुध की अपनी ही राशि है और बुध व केतु दोनों ही आपस में बराबर के ग्रह है और दोनों ही शुक्र के दोस्त होते है बुध पर कोई असर न होगा। मगर केतु शुक्र दोनों ही खाना नं: 6 में नीच होंगे बृहस्पत के साथ बृहस्पत के घरों में राहू हाथी का तेंदुआ होगा। या बृहस्पत के साथ बृहस्पत के घरों में राहू बुरा फल होगा और नीच होगा बुध के साथ या घरों में केतु कुत्ते का सिर पागल या दीवाना नीच फल का होगा क्योंकि राहू केतु मुश्तरका के लिए खाना नं: 6 और 12 भी बुध बृहस्पत के है। जहां कि उन्हें जगह मिली यानि

(I) खाना नः 6 (बहैसियत मालिक ग्रह) में बुध केतु मुश्तरका माने गये है। जब नं: 6 खाली हो और बुध नं: 3 में बैठा हो तो खाली खाना नं: 6 का मालिक ग्रह केतु लेंगे लेकिन जब बुध खाना नं: 3में न हो तो खाली खाना नं: 6 के लिए बुध और केतु में से वह बहैसियत मालिक ग्रह लेंगे। जोकि टेवे में दोनों से उम्दा हो।

(II) खाना नः 12 (बहैसियत मालिक ग्रह) में बृहस्पत राहू मुश्तरका माने गये है जब नः 12 खाली हो और बृहस्पत नः 9 में बैठा हो तो खाली खाना नः 12 का मालिक ग्रह राहू लेंगे। लेकिन जब बृहस्पत नः 9 में न हो तो खाली नः 12 के लिए बृहस्पत राहू मुश्तरका (दोनों का मसनूई ग्रह बुध खाली आकाश) लेंगे।

(III) केतू खाना नः 6 में और खाना नः 12 में दोनों ही नीच भी है और घर के मालिक भी इसकी असली हालत के लिए जब राहू को बुध की

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

मदद और केतु को वृहस्पत की मदद मिले यानि राहू खाना नः 3, 6 (बुध के घर में) और केतु हो खाना नः 9, 12 में (जो वृहस्पत के घर है) तो दोनों ही ऊंच हालत वरना नीच हालत के होंगे यानि राहू नः 9, 12 में नीच होगा संक्षिप्तः-

1. जैसा बुध टेवे में हो वैसा ही राहू नः 12 का असर होगा
2. जैस वृहस्पत टेवे में हो वैसा ही केतु नः 6 का असर होगा

<u>ग्रह बुर्ज व राशियों की गलतफहमी</u>:-
राशि से मुराद मकान की तह जमीन और उसके मालिक ग्रह से अभिप्राय उस पर बने मकान की इमारत होगी। क्याफः बुर्जों को पक्कृ तौर पर जगह या जगह मुकर्ररक कर दिया गया है इसी तरह से ही राशियों के लिए हमेशा के लिए वास्ते जगह निश्चित कर दी गई है ग्रहों के रहने की जगह को बुर्ज या ग्रह का घर कहेंगे और राशि के लिए निश्चित की हुई उंगली की पोरी को राशिका घर कहेंगे। हर बुर्ज या ग्रह का निशान मुकर्रर है इस तरह से हर राशि का निशान भी निश्चित है ग्रह के निशान से ग्रह का जिस्म ताकत या असर लेंगे मगर उसके लिए जो जगह हथेली पर हमेशा के लिए निश्चित है वह स्थान उस ग्रह का घर होगा। या ग्रह खुद किसी दूसरे ग्रह के घर जा बैठा हो इसी तरह से ही राशियों का हाल है यानि राशि की जो जगह उंगली की पोरी पर मुकर्रर है वह राशि का घर है और जो निशान राशि का है वह राशि का दिया हुआ मिसाल के तौर पर अगर सूरज का सितारा है चन्द्र के बुर्ज पर स्थित हो तो चन्द्र के घर में सूरज आया हुआ गिना जाएगा। या अगर यही सूरज का सितारा शुक्र के बुर्ज पर हो तो सूरज का शुक्र के घर मेहमान कहेंगे अब सूरज और शुक्र का या सूरज और चन्द्र का आपस से ताल्लुक है वही असर होगा इस तरह से हर राशि के निशान का असर लेंगे यह जरुरी नहीं है कि हर एक राशि का निशान उंगली की उसी पोरी पर स्थित है जहां कि उस राशि का मुकाम मुकर्रर है लेकिन अगर निशान अपनी मुकर्रर जगह पर ही होवे तो वह आदमी उस राशि का होगा अगर कोई भी निशान राशि का न पाया जावे तो हैरानी की बात नहीं ग्रहों या बुर्जों से पता चल जाएगा।

फरमान नः 8

बारह पक्के घर

प्राचीन ज्योतिष के अनुसार जन्म कुंडली बन चुकी उसमें दिए हुए तमाम के तमाम अंक मिटा दिए मगर ग्रह जहां-जहां उसमें लिखे थे वहां वहां ही लिखे हुए रहने दिए और फिर लगन के घर को अंक नः 1 दिया गया और 12 ही घरों में तरतीब वार 1 से लेकर 12 तक अंक लिख दिए अब यह घर लगन को 1 गिन कर फलादेश देखने के लिए हमेशा के लिए ही मुकर्रर नः के होंगे। और इस विधि में 12 पक्के घर कहलाए।

लगन का घर या कुंडली का पहला घर खाना नः 1

(शाह सलामत का तख्ते बादशाही या हजूर की कदमों मुबारक)

Free by Astrostudents

घर पहला है तख्त हजारी ग्रह फल राजा कुंडली का
ज्योतिष में इसे लग्न भी कहते झगड़ा जहां रहमाया का
ऊंच बैठे ग्रह उत्तम कितने दसती लिखा या विधाता हो
खाली पड़ा घर सात जब टेवे शक्की असर कुल ग्रह का हो
लग्न बैठा ग्रह तख्त नशीनी राज शाही जब करता हो
आंख गिना घर आठ है उसकी ग्यारह से हर दम डरता हो
अकेला तख्त पर बहुत हो सातवें राजा वजीरी होती है
उल्ट मारू जब टेवे बैठे जड़ सांतवी की कटती है (1)
ऊंच नीच (2) जा गिने घरों का वह नहीं 1,7 लड़ते है
बाकी ग्रह सब झगड़ा करते उस से चन्द्र मन्ते है (3)

खाना नः 1 में सूरज ऊंच होगा शनि नीच होगा और मंगल घर का ग्रह होगा और खाना नः 7 में शनि ऊंच होगा सूरज नीच होगा और शुक्र घर का ग्रह होगा

मसलन खाना नः 1 में वृहस्पत चन्द्र बुध राहू (चार ग्रह) और खाना नः 7 में अकेला केतु हो तो 34 साला उम्र (बुध की अवधि) तक नर औलाद केतु नदारद या पैदा होकर मरती जावे और 48 साला उम्र केतु की अवधि तक एक ही लड़का कायम हो अगर 48 साला उम्र से दूसरा लड़का कायम हो जावे तो बुध लड़की बेघर बेइज्जती हया दीगर मन्दे नतीजों में बरबाद होगी टेवे वाला अगर चार और जानों (कुत्ता घोड़ा गाय तोता कोई भी चार जानवर) टेवे वाले पर औलाद कायम होगी और औलाद पैदा होने के दिन से चन्द्र राहू वृहस्पत बुध मुश्तरका राज योग होंगे। वरना चन्द्र राहू बुध वृहस्पत के उम्दा असर की बजाए खाक की बोरी या हर तरह लानत नसीब होगी और जिस वक्त टेवे में असल मंगल के इलावा मसनूई मंगल नेक (सूरज बुध) या मसनूई मंगल बद (सूरज शनि) दोनों ही मौजूद हो तो नः 1 देखेगा नः 11 को.

(1) जब नः 11 खाली हो तो नः 1 का ग्रह अपना असर करने के ताल्लुक में बैठा या बुध की चाल पर ऐसा कि वह उस वक्त टेवे में हो चलेगा इसी तरह ही जब नः 8 खाली हो ता नः 10 वाले ग्रह की आंखों को रोकने के लिए कोई रुकावट न होगी। और वह खुद ही अपनी आंखों से

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

देखभाल करता होगा।

जब खाना नः 1 में ज्यादा ग्रह हो तो खाना नः 1 का आधा शुक्र होगा जैसा कि इस वक्त वह टेवे (खाना नः 1 ही) में हो

2. तख्त पर बैठे हुए ग्रह वाली हुक्मरान राजा के अहद में उस के लिए खाना नः 1 (Lense) lense no. 8 (Focussing glass focussing glass और नः 11 (Regulator) होगा

हर एक ग्रह की अपनी हकूमत यानि खाना नः 1 में आने के वक्त दूसरे ग्रहों की उसके मुकाबला में ताकत का पैमाना खाना नः 1 को कुंडली क तख्त कहते है इसलिए नः 1 मे बैठा हुआ ग्रह तख्त का मालिक या हुक्मरान राजा कहलाता है।

बृहस्पत के वक्त यही ग्रह किसी से दुश्मनी नहीं करता चन्द्र 1/2 शुक्र गुना शनि 3/4 केतु 5/6 होगा बृहस्पत खुद सूरज राहू के वक्त बु होगा मगर बुरे ग्रहों के साथ अपना आधा समय यानि 8 साल हमेश नेक होगा दुश्मन का असर 8 साल के बाद हो सकेगा।

सूरज के वक्त यह ग्रह खुद कभी नीच न होगा शुक्र साथ हो तो शुक्र नीच होगा मगर दोनों के मिलाप से बुध पैदा होगा यानि फूल होंगे मगर फल न होगा केतु 1/2 बुध 1/2 शनिच्चर खुद अपने लिए बराए दौलत 2/3 और वालिद पिता के लिए 1/2 और जायदाद के लिए 1/3

चन्द्र के वक्त कोई दुश्मनी नहीं करता यह ग्रह खुद अपना नेक असर किसी के साथ होने पर घटा लेता है राहू 1/2 होगा

शुक्र के वक्त यह किसी को नीच नहीं करता दूसरे ग्रह इसको नीच करते है। चन्द्र 1/2 शनि 1/3 शनि के वक्त चन्द्र 1/3 केतु 1/2 होगा मंगल नेक के वक्त शुक्र शनि मंगल बद तीनों ही 1/3 हर एक केतु व बुध दोनों 1/2 हर एक राहू के वक्त: सूरज शून्य चन्द्र 1/2 होगा केतु के वक्त: चन्द्र शून्य सूरज 1/2 होगा।

कुंडली का पक्का घर खाना नः 2 धर्मस्थान उम्र, बुढ़ापा।

घर चल कर जो आवे दूजे ग्रह किस्मत [1] बन जाता है
खाली पड़ा घर 10 जब टेवे सोया हुआ कहलाता है
बुनियाद समन्दर ग्रह नौ लेते पहाड़ ऊंचा घर दो का हो
चाल असर ग्रह दूजे बैठे जेर असर गुरु साया हो
हवा बारिश जो 9 से चलती [3] टकरा कर दूजे पर खाती हो
आठ पड़ा घर जब तक खाली असर भला ही देती हो
शुरु उम्र में असर दूजे का घर 6वें पर पड़ता हो
जाती असर हो नेक जा अपना वक्त बुढ़ापे बढ़ता हो
बुनियाद मन्दिर घर चौथा गिनते आठ छठे से मिलता जो [2]
खाली होते गर दो मन्दिर टेवे असर रहाना उम्दा हो

[1] खाना नः 2 हमेशा वही ग्रहों या खाना नः 9 जो बतौर एक समन्दर गिना जाएगा कि बुनियाद होगा मगर खुद नः 2 की बुनियाद खाना नः 4 होगा

[2] जैसा भी बृहस्पत टेवे में हो वैसी ही हवा के झोंके साथ होंगे

[3] खाना नः 8 देखता है नः 2 को और खाना नः 2 देखता है खाना नः 6 को इस तरह पर खाना नः 2 में खाना नः 8 और नः 6 का बाहमी ताल्लुक हो जाता है खाना नः 8 खाली हो तो नः 2 उम्दा होगा। मगर जब खाना नः 2 खाली हो तो सब कुछ ही उम्दा होगा। बृहस्पत नः 2 और खाना नः 8 के खाली के वक्त पर बृहस्पत मन्दा ही होगा या बृहस्पत की हवा मन्दी आंधी होगी जो हर तरह का नुक्सान करेगी अगर नः 9 बरसाती मौनसून हवा के उठने का समन्दर हो तो खाना नः 2 उस बारिश से लदी हुई हवा से टकरा कर बरसा लेने वाला कोहसार (पहाड़ों का लम्बा सिलसिला) होगा

गुरु जहां दो मन्दिर कच्चा पावं बैठक खुद साथी हो
मरक घर से गरु भी डरता आठ दृष्टि खाली जो
ग्रह मुश्तरका बुरा नहीं करते - बन्द मुट्ठी के खानों में
फल दो ग्यारह अपनो अपने धर्म मन्दिर गुरुद्वारा में
शान समन्दर घर नौवे का या फल उम्र हो पहली का
सफेद झण्डा झूल उम्र बुढ़ाप घर दो का
पाप की बैठक घर दो गुरु के गृहस्थी शुक्र भी बनता जो
लेख जगत का मस्तक गिनते मौत जन्म जहान मिलता दो

इस घर में मंगल बद के मसनूई (बनावटी) ग्रह और पापी ग्रह खुद टेवे वाले पर मन्दा असर न देंगे बल्कि इस घर में बैठा हुआ राहू भी बृहस्पत के मातहत होगा।

सब ग्रह अपना तमाम फल जो उनमें से हर एक के लिए खाना नः 9 में लिखा हुआ है टेवे वाले की उम्र के आखिरी हिस्सा में देंगे। मसलन खाना नः 9 में शनिच्चर का फल 60 साल लिखा है जो टेवे वाले की उम्र के शुरु होने की तरफ से गिनकर 60 साल बुढ़ापे की तरफ होगा। लेकिन जब शनिच्चर खाना नः 2 में हो तो शनि का वही असर मौत के दिन की तरफ से पीछे जन्म दिन की तरफ को गिनकर 60 साल होगा। इस तरह ही सब ग्रह असर देंगे।

2. इस घर के ग्रह आखिरी उम्र बुढ़ापा में हमेशा नेक फल देंगे या वह किसी दूसरे अगुलों की गिनती या चाल वगैरा से कितने ही मन्दे क्यों न

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

2. जैसा भी बृहस्पत टेवे में हो वैसी ही हवा के झोंके साथ होंगे
3. खाना नः 8 देखता है नः 2 को और खाना नः 2 देखता है खाना नः 6 को इस तरह पर खाना नः 2 में खाना नः 8 और नः 6 का बाहमी ताल्लुक हो जाता है खाना नः 8 खाली हो तो नः 2 उम्दा होगा। मगर जब खाना नः 2 खाली हो तो सब कुछ ही उम्दा होगा। बृहस्पत नः 2 और खाना नः 8 के खाली के वक्त पर बृहस्पत मन्दा ही होगा या बृहस्पत की हवा मन्दी आंधी लेगी जो हर तरह का नुकसान करेगी अगर नः 9 बरसाती मौनसून हवा के उठने का समन्दर हो तो खाना नः 2 उस बारिश से लदी हुई हवा से टकरा कर बरसा लेने वाला कोहसार (पहाड़ों का लम्बा सिलसिला) होगा

गुरु जहां दो मन्दिर कय्या पाप बैठक खुद साथी हो
मारक घर से गुरु भी डरता आठ दृष्टि खाली जो
ग्रह मुश्तरका बुरा नहीं करते - बन्द मुठी के खानों में
फल दो ग्यारह अपनो अपने धर्म मन्दिर गुरुद्वारा में
शान समन्दर घर नींव का या फल उम्र हो पहली का
सफेद झण्डा कोहसार पे झूले उम्र बुढ़ाप घर दो का
पाप की बैठक घर दो गुरु के गृहस्थी शुक्र भी बनता जो
लेख जगत का मस्तक गिनते मौत जन्म जहान गिनता दो

इस घर में मंगल बद के मसनूई (बनावटी) ग्रह और पापी ग्रह खुद टेवे वाले पर मन्दा असर न देंगे बल्कि इस घर में बैठा हुआ राहू भी बृहस्पत के मातहत होगा।
सब ग्रह अपना तमाम फल जो उनमें से हर एक के लिए खाना नः 9 में लिखा हुआ है टेवे वाले की उम्र के आखिरी हिस्सा में देंगे। मसलन खाना नः 9 में शनिच्चर का फल 60 साल लिखा है जो टेवे वाले की उम्र के शुरू होने की तरफ से गिनकर 60 साल बुढ़ापे की तरफ होगा। लेकिन जब शनिच्चर खाना नः 2 में हो तो शनि का वही असर मौत के दिन की तरफ से पीछे जन्म दिन की तरफ को गिनकर 60 साल होगा। इस तरह ही सब ग्रह असर देंगे।
2. इस घर के ग्रह आखिरी उम्र बुढ़ापा में हमेशा नेक फल देंगे या वह किसी दूसरे असूलों की गिनती या चाल वगैरा से कितने ही मन्दे क्यों न हो। मंगल बद = सूरज शनि मुश्तरका 2 पापी = राहु केतु शनिच्चर,तीनों ही मुश्तरका के लिए एक नाम है खाना नः 1, 7, 4, 10

धर्म स्थान या पेशानी का दरवाजा (मस्तक)

दोनों भवों का केन्द्रीय बिन्दु (भाग) जो नाक का आखिरी हिस्सा या पेशानी पर तिलक लगाने की जगह खाना नः 2 की असली जगह है इस तिलक लगाने का निशान की जगह को छोड़कर माथे की बाकी जगह पेशानी कहलाएगी जिसका जिक्र खाना नः 11 में है जब खाना नः 2 हर तरह और हर तरफ (खाना नः 8 की दृष्टि वगैरा) से खाली हो तो खाना नः 2 को तिलक की जगह गिनते है इस खाना नः 2 को हवाई ख्याल की तमाम ताकतों में राहू केतु मुश्तरका की बैठक या मसनूई शुक्र की जगह मानते है खाना नः 8 का असर जाता है खाना नः 2 में और खाना नः 2 देखता है खाना नः 6 को इसलिए 2 का फैसला 2, 6, 8 को साथ मिला कर होगा दूसरे शब्दों में खाना नः 8 को अगर राहू केतु की शनिच्चर के साथ होने की बैठक माने तो उस बैठक या मौत के दीवर खानों का दरवाजा खाना नः 2 सिर्फ राहू केतु दोनों की बैठक मुश्तरका होगी। जिस में शनिच्चर की मौत का ताल्लुक न होगा। सिर्फ राहू केतु की अपनी नेकी बदी का मैदान गुरुद्वारा, मस्जिद, मंदिर होगा इस धर्मस्थान का दरवाजा दोनों भवों की ऐन दरम्यानी जगह होगा जिसका मालिक बृहस्पत है जो दोनों जहानों का मालिक है जिसके वस्ते की लम्बाई के दोनों सिरों पर सूरज और चन्द्र दिन रात गिनते है यानि दुनिया से बाहर खाना नः 8 और दुनिया का अन्दर खाना नः 11 के साथ बृहस्पत की दूसरीताकत खाना नः 5 भविष्य और खाना नः 9 भूत का दरम्यान वर्तमान काल खाना नः 1 (या बन्दी मुट्ठी के खाने 1, 7, 4, 10) होगा। थोड़े शब्दों में जिस तरह खाना नः 4 ने अपनी नेकी न छोड़ी थी उसी तरह ही खाना नः 2 ने कुल दुनिया से ताल्लुक न छोड़ अगर नाभि तमाम जिस्म का दरम्यान या और बन्दी मुट्ठी के खानों में खाना नः 4 बच्चे के साथ लाए हुए खजाने का भेद था तो चेहरे पर तिलक की जगह या दुनिया में बच्चा के लिए बाकी सब तरफ से मिलने मिलाने वाले खजाने का भेदी खाना नः 2 हुआ इन दो खानों यानि खाना नः 4 और खाना नः 2 का मुश्तरका असर किस्मत का करिश्मा हुआ जो ग्रह फल खाना नः 2 जो राशिफल खाना नः 4 दोनों का निचोड़ भी कहा जा सकता है। खाना नः 4 बढ़ाता है चन्द्र को खाना नः 2 बढ़ाता है बृहस्पत को दिनों मिले मिलाए (माता पिता) वाल्देन या अकेला बृहस्पत जो दोनों जहानों का मालिक है होगा जो बच्चे का मदद लेने के लिए खाना नः 5 में सूरज के साथ और खाना नः 11 में शनिच्चर के साथ जा मिलता है। बृहस्पत की इस लम्बाई को सबकी लम्बाई गिनते है या चेहरे की (खाना नः 6 में देखे) हो। या पेशानी की (विस्तार पूर्वक खाना नः 11 देखो) संक्षिप्त रूप से तिलक की खास जगह बृहस्पत का खाना नः 2 राहू केतु की मुश्तरका बैठक की जगह (मसनूई शुक्र की राशि भी है) का दरवाजा है। खाना नः 2 में ग्रहों का असर भय खाना नः 8 के पेशानी पर तिलक लगाने की जगह △ या केतु का निशान ∧ यानि खाना नः 2 में हर तरह से अकेला केतु हो तो शासक समृद्ध होगा।

अंगूठा

जिस तरह सिर के ढांचे का मालिक बुध और उसके अन्दर दिमागी खानों में हवाई ख्याल की लहरें पैदा करने की ताकत का मालिक राहू है इस तरह ही इन्सानी दिल का मालिक चन्द्र है। जिसके अन्दर लहरों का उछालने या गिराने की ताकत का प्रवर्तक ग्रह यानी पाप (राहू और केतु दोनों मुश्तरका) है इस पाप की बैठक खाना नः 2 (जिसमें शनि का ताल्लुक नहीं मानते) इंसानी अंगूठे पर मानी गई है
अंगूठा जिस कदर लम्बा होगा - कदर ही ज्यादा ख्यालात पर काबू पा लेने वाला होगा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

अंगूठा जिस कदर मोटा होगा - उसी कदर ही ज्यादा निर्धन होगा
अंगूठा जिस कदर छोटा होगा - उसी कदर ही ज्यादा वहशी व हैवानी ताकत ज्यादा होगी, तंग हौसला जिद्दी होगा
अंगूठा अगर सीधा रहता हुआ मालूम हो और अंगूठे की नाखुन वाली पोरी पीठ की तरफ झुकी रहे। — इसका धन दौलत दूसरों दुनियावी साथियों के काम बहुत लगे खुद नरम दिल होगा

पोरी का हिस्सा	उसकी हालत	उम्र का हिस्सा व तासीर व ताकत
नाखून वाली पोरी कुंडली का खाना नः 6 मन मर्जी केतु से मुतल्लका	जिस कदर हथेली की तरफ झुकती जावे उस कदर उसका ज्यादा धन दौलत दूसरों के काम लगे और वह खुद नरम दिल होगा उल्टे हालत में उल्टे नतीजा लेंगे	बचपन फैलना आध्यात्मिक शक्ति
दरम्यानी पोरी कुंडली का खाना नः 12 दलील मुन्तका सोच विचार की ताकत राहू से मुतल्लका	जिस कदर ज्यादा लम्बी हो उसी कदर ही ज्यादा बादलील और होनहार प्राणी होगा	जवानी, सिकुड़ना, जिस्मानी ताकत
निचली पोरी कुंडली खाना नः 2 इश्क Love शुक्र से मुतल्लका	जिस कदर ज्यादा छोटी हो उसी कदर ही ज्यादा जादू मंतर की ख्वाहिश और जन मुरीदी में गर्क रहने वाला होगा	बुढ़ापा इन्सानी नफसानी ताकत

Free by Astrostudents

लगन से कुंडली का पक्का घर खाना नः 3 इस दुनिया से कूच के वक्त राहे रवानगी (बीमारी वगैरा)

इस घर का है जो रंग है खूनी — असर होता भी खूनी है
होता जभी ग्रह इस घर जुल्मी — देता असर व कष्टी है
पापी अगर हों उम्दा टेवे — कष्ट सभी ग्रह करता हो
तीन मन्दा या 12 उसके — असर खाना नः 8 करता हो
ग्रह मन्दे घर तीसरे बैठे — बुरा मालिक नहीं करते हैं
खून दृष्टि जुल्म से अपने — जहर बाहर ही मरते हैं
उम्र पहली हो ग्यारह शक्की — ग्रह तीजे जब मन्दा हो
मौत रुकेगी आठ से उठती — बैठा तीजा खा कैसा हो
ग्रह जब तक कोई तीसरे बैठा — मौत टेवा न पाता हो
भेद गुरु से बेशक खुलता — फैसला बुध से होता हो
माया दौलत जो ग्यारह आती, — भाग तीसरे से जाती हो
तासीर मंगल हो टेवे जैसी, — हालत वही कर पाती हो

जब नः तीन में पापी बैठे हों और न 6 व 8 भी मन्दे हो रहे हों तो अगर मौत नहीं तो बहाना मौत जरूर खड़ा कर देंगे। लेकिन खाना नः 12 का ग्रह चाहे नः 3 वाले का दुश्मन ही हो, नः 3 की मदद देगा।

मंगल नः 12 केतु नः 3 तो मच्छ रेखा वाले धन हाल्ला की मंगल केतु बाहम दुश्मन है इसी प्रकार ही बुध नः 12 शनि या बृहस्पति नः 3 हो तो अमृत कुण्ड हर तरह से बरकत का जमाना होगा इसी तरह नः 12 में शुक्र राहू इकट्ठे हो तो जाहिरा तौर पर 21 या 25 साला उम्र बेवा पन जाहिर होगा। लेकिन अगर उसी वक्त ही खाना नः 3 में शनि बैठा हो तो राहू का शुक्र पर कोई बुरा असर न होगा। क्योंकि शनि शुक्र को हर तरह मदद देगा। लेकिन जब नः 3 में मुश्तरका ग्रह हो तो 12 व 3 ग्रहों की (हरेक का अकेला-अकेला गिनकर) बाहमी दोस्ती दुश्मनी बहाल होगा-

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

गन से कुंडली का पक्का घर खाना नः 4 माता की गोद व पेट का जमाना

ग्रह चौथे के रात को जागें या जागे वह मुर्रावत में
मदद कोई न जब कोई करता आ तारें वो बुढ़ापे में
ग्रह चौथे हो जो कोई बैठा, तासीर चन्द्र वह होता हो
असर मगर हो उस घर जाता, शनि जहां टेवे बैठा हो
खाली होते घर चौथा मन्दिर - आखिर उम्र तक उन्नति हो
चन्द्र का फल घर दे चन्द्र, बैठा चन्द्र या नष्टी हो
पाप बैठा घर चन्द्र माता - बुध शनि दो उम्दा हो
आठ, तीजा, छ टेवे मन्दा, मौत बहाना चौथा हो

ग्रह मुतल्लका के कारोबार बावक्त रात फायदा मन्द होंगे
मन्दिर नः 2 या चन्द्र खुन नः 2 जो की ऊंच उतम फल देता है
इस घर में शनिच्चर जहरीला सांप मंगल जला हुआ बद हो सकता है।
गर राहू केतु धर्मात्मा ही रहेंगे या यू कहो की राहू और केतु सिर्फ इस घर बैठे हुए चुप होंगे मगर किसी भी दूसरी जगह मन्दे काम छोड़ने का दा नहीं करते। क्योंकि या तो उनके खून की ही बुनियाद है बल्की हो सकता है उन के चुप रहने से कई दफा फायदे की बजाए नुकसान हो
______________ जैसा की दण्ड देने का अख्तियार का मालिक अगर शरारती को न डांटे तो अत्याचार और बढ़ जाता है।

तख्त पड़े जब चौथा टेवे, राहू मन्दा खुद होता हो
मुट्ठी चन्द्र आठ ग्यारह बैठे, अकेले चौथा न मन्दा हो
थाल समुन्दर ग्रह नः 9 नाभी, मुरदा कोई नहीं रखता हो
तीनों ग्रह नर शरण माता की पेट अन्दर कुल पलता हो

. चन्द्र का मुट्ठी (खाना नः 1, 7, 4, 10) से बाहर और खाना नः 4 खाली हो तो चन्द्र का सब ग्रहों माए खुद चन्द्र पर नेक असर होगा चाहे न्द्र खुद रद्दी निकम्मा या मन्दा हो रहा हो
. खाना नः 4 में कोई भी अकेला ग्रह हो और चन्द्र उसी वक्त चन्द्र मुट्ठी खाना (1, 7, 4, 10) से बाहर कहीं भी खराब हो रहा हो मसलन ाना नः 8 में चन्द्र नीच या नः 11 से चन्द्र 0 निरपक्ष या मन्दा वह नः 4 वाला ग्रह नेक असर ही देगा चाहे वह चन्द्र का दोस्त हो या दुश्मन।
ाफा नः 1 हाथ की सब आखिरी जगह गैबी हालत दिल की अन्दरुनी कल या रात का जमाना (चन्द्र का बुर्ज) बताती है।
: 1 खाना नः 4, 16, 28, 40, 52, 64, 76, 88, 100, 114
ाला उमर
: खाना नः 1, 7, 4, 10
: 3 मंगल बद या मंगलीक या कोई भी अकेला बैठा हुआ ग्रह
: 4 सूर्य मंगल बृहस्पत मित्र (चन्द्र का दोस्त सूर्य बुध) तो पेट में पालना करे शत्रु (लेकिन जब चन्द्र का दुश्मन राहू केतु) तो समुन्द्र मर्द को भी ाहर कर देगा
ब वह दुश्मनी करे यानि जब तक राहू केतू (सम्बन्धित वस्तुएं) जिन्दा होंगे नेक फल देंगे वर्ना खुद बरबाद हो जाएंगे।

नग्न से कुंडली का पक्का घर खाना नः 5 औलाद भविष्यतः का समय

गुरु टेवे में जब तक उम्दा औलाद दुःखी न होती हो
पांच पापी गुरु मन्दा टेवे बिजली चमक आ देती हो
शनि शुक्र या दो कोई उम्दा बिजली कड़कती मन्दी हो
चन्द्र भला तो चमक हो उम्दा असर हालत वो जल्दी हो
वजह चमक घर तीसरे होगी वर्क निशानी 11 हो
तीन खाली घर आठ से पड़ती उल्ट हालत पेड़ 8 पे वह
घर तीन चार या हो 9 मंदा बुरा असर 5 देता है
6, 10 का दोस्त उसका शत्रु जहरीला होता हो
अपनी लिखा अहवाल आईन्दा गुरु शनि से चलता हो
केतु भला तो सब कुछ उम्दा राहू मन्दे सब उल्टा हो

1. नः 6, 10 की जहर से बचाव के लिए नः 5 के दुश्मन ग्रह की चीज पाताल (नः 6) या जद्दी बजुर्गों मकान (नः10) में कायम करें। जब क नः 8 मन्दा न हो लेकिन अगर नः 8 मन्दा हो तो नः 5 के दुश्मन ग्रह की चीज सिर्फ पाताल (नः 6) में तह जमीन के नीचे दबाने से मदद होगी। क्योंकि नः 10, 2 गुना रफ्तार से चला करता है। और जब नः 8 मन्दा हो नः 10 दुगुना मन्दा हो जाएगा। विस्तार के लिए पक्का घर नः 10 देखें।
2. फर्ज किया बृहस्पत नः 10 शुक्र नः 11 केतु नः 8 शनि राहू नः 5 औरत (शुक्र) की जुकाम (केतु) की बीमारी के बाद लड़के (केतु) पर मन्दा असर
उपायः
लड़के के वजन के बराबर 25 शुक्र 48 (केतु) दिन तक आटे की रोटियां कुत्तों को तकसीम करें।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

3. शनि या शुक्र या दोनों जब कभी मन्दे हो तो दोनों की हालत की मुताबिक फौरन मन्दा असर होगा। लेकिन मगर चन्द्र उस वक्त भला हो मन्दी हालत फौरन ही बदलकर उत्तम असर हो जाएगा। जन्म कुंडली के खाना नः 5 में अगर सूरज शुक्र हो तो जब शुक्र या पापी सूरज बृहस्पत नः 1 में आए अपनी सेहत के ताल्लुक मे मन्दा वक्त होगा लेकिन अगर नः 5 मे शुक्र बुध या कोई पापी हो तो सूरज या बृहस्पत के नः 1 मे आने के वक्त सेहत के ताल्लुक मे मन्दा जमाना होगा। बृहस्पत की वजह से पैदा शुदा (जब बृहस्पत नः 5 मे हो) बीमारी नई औलाद पैदा हो चुकने के बाद खत्म होगी।

लग्न से कुंडली का पक्का घर खाना नः 6 दुनियावी जड़, पाताल की दुनिया ,रहम का खजान खुफिया मदद।

पाताल खाली घर जब तक रहता नेक असर फल देता हो
दूजे बैठे की पहली अवस्थी असर छठे पर होता हो
उच्च मन्दी ग्रह खुद बर्बाद होगा घर 6 वें आ बैठे जा
लाख उपाय कर न टलता ग्रह फल लिखा जिसको हो
अकेला बैठे या से मुश्तरका बन्दी मुट्ठी के खानों में
9 ही ग्रह पाताल में बैठे देखा करे उन तरफों में
10, पापों का दुश्मन जहरी हुक्म राहु का पाता हो
साथ मगर, 2, 8 दृष्टि फैसला दूजा होता हो

खाना नः 6 खाली हो तो नः 2 और खाना नः 12 के ग्रह दोनों की तरफ के इसलिए खाना नः 2 में अच्छे ग्रह हो और 12 मे भी उत्तम ग्रह बैठे हो तो नः 6 को जगा लेना मददगार होगा यानि टेवे वाला अगर अपने बैठे हुए ग्रह की अपनी ग्रह वाली उच्च और खुद ग्रह

मुतल्लका की जाती अशिया का असर

सिवाय सूरज बृहस्पत और चन्द्र बाकी सब ग्रह इस घर में ग्रह फल के होंगे और बुध व केतु

इस घर (नः 6) या नः 8 मे बैठे हुए ग्रह की मियाद तक मन्दे होंगे या नः 6 के ग्रह का असर बुध केतु या शुक्र बैठा होने वाले घर में भी जा सकता है। नः 6 में बैठा हुआ शनिच्चर उल्टा नः 2 को देखा करता है नः 6 में सूरज या चंद्र होने के वक्त मंगल नः 4 का मंगल अब मंगल बद न होगा। नः 6 में उच्च माने हुए ग्रह (बुध,राहु) कभी मन्दे न होंगे और न ही वह बन्द मुट्ठी के घरों या नः 2 पर मन्दा असर देंगे।

क्याफा चेहरा:

चेहरे की चौड़ाई कुल चेहरे की लम्बाई का 2/3 अगर कुल के दो हिस्से करें। तो तीन हिस्सों से दो हिस्से नेक होती है यह चौड़ाई जिस कदर इस मिक्दार से घटे उसी कदर नेक असर ज्यादा बढ़े और मुबारिक होवे, चौड़ाई केतु की ताकत लम्बाई बृहस्पत की ताकत (सूरज शनिच्चर दोनों का मालिक गुरु) गोलाई बाहर को उभार, बुलन्दी, बुध की ताकत पस्ती गहराई नीचे अंदर को दुनिया राहु की ताकत उपर की ताकतों का घटना बढ़ना ग्रहों के दृष्टि दर्जे कीताकत के बढ़ने से मुराद होगी

चेहरे की चौड़ाई खाना नः 6 केतु से बजरिए दृष्टि या खाना नः 6 या नः 6 के ग्रह से जिस कदर बृहस्पत का साथ होवे उसी कदर चेहरा लम्बा होगा। जिस कदर कम असर या ताल्लुक बृहस्पत का खाना नः 6 से होवे उसी कदर चेहरा चौड़ा होगा। जिस कदर चेहरा की लम्बाई ज्यादा उसी कदर नेक असर ज्यादा होवे साथ लाई हुई जाती किस्मत का चौड़े चेहरे में बृहस्पत की बजाए राहु के साथ शनिच्चर की खुदगर्जाना ताकतें होगी लम्बा चेहरा बृहस्पत के साथ व ताल्लुक से केतु मे शनिचर की हम दर्दाना ताकते होगी। लम्बा चेहरा बृहस्पत के साथ वा ताल्लुक से केतु मे शनिच्चर की हमदर्दाना ताकतें होगे जहानत (अक्ल) कम होगी और जिस कदर चेहरा चौड़ाई से लम्बाई वाला होता जावे उसी कदर यह खुद-गर्जाना ताकतें कम होती जावें और जहानत बढ़ेगी या लम्बे चेहरे वाला हमदर्द होता जाएगा। मर्द का चेहरा व मुंह दोनों ही लम्बे हों तो नेक बख्त होगा।

मर्द का चेहरा व मुंह दोनों ही चौड़े हों तो खुदगर्ज होगा। औरत का चेहरा लम्बा व मुंह लम्बा बदबख्त होगी औरत का चेहरा मुंह चौड़ा नेक नसीब होगी

पांव पर खास निशान

दाएँ पांव के पव पर कनिष्ठका के नीचे बुध पर या शुक्र के बुर्ज या अगूंठे की जड़ पर अगर
(I) शंख, सदफ हो तो वही असर जो हाथ मे होता
(II) चक्र हो तो आसूदा हाल, साहवे इक्बाल होगा
(III) त्रिशूल, अंकुश, आला अफसर मुन्सफ मिजाज
(Iv) चश्म की (हाथी की आंख) का निशान साहवे तख्त होगा।
(v) चश्मफील अगर बाएँ पांव पर हो तो राह जन चोर डाकू होवे फिर भी तंग बहुत मन्दा हाल

औरत के पांव में (दोनों पाँव इक्ट्ठे गिनकर) जिस कदर गहरे चक्र या पद्म या सदफ पव या पांव की हथेली पर हो। उसी कदर लड़के होंगे और जिस कदर चक्र या पद्म नरम व बारीक लकीर हो तो उसी कदर लड़कियां होंगी।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

कुंडली का पक्का घर खाना न: 7
गृहस्थी चक्की

(आकाश, जमीन, दो पत्थर सातवे रिजक अक्ल की चक्की हो)
बुध शुक्र शुक्र बुध

दोनों घुमे कीली लोहे की, घर आठ के[1] जो होती हो
पहले घर के खाली होते, सातवां फौरन सोया
पांच साला हो सूरज[2] निकले, आठ जब दूजे हो या
दोस्त[3] शुक्र हो घूमते पत्थर, शत्रु[4] पत्थर गड़े माना है
बुध बराबर चक कुम्हारन[5], साथी हत्थे को[6] जाना है
जैसे शुक्र हो वैसे ही सब फल, निचले पत्थर से होते हैं
बाकी असर ग्रह अपनों अपना, साथी को प्रबल गिनते हैं
दो से ज्यादा घर सातवें में, स्त्री[7] ग्रह नर[8] होते हैं
असूल मिलावट[9] मिले बेशक अपने, असर मर्द पर करते हैं।

1. जब खाना न: 8 के ग्रह (वर्षफल के अनुसार) खाना न: 8 या खाना न: 1 में आवे तो आपसी दोस्ती दुश्मनी के असूलों पर असर करेंगे।
2. 5 साला उम्र से किस्मत का सूरज उदय होगा .
3. बुध शनि केतु अपना अपना नम्बर 7 का दिया हुआ फल घूमते पत्थर यानि वास्ते रिजक फालतू धन शामिल (काबिले उपाय)
4. सूरज चन्द्र राहू जैसा शुक्र वैसा ही अपना अपना फल पत्थर यानि वास्ते रिजक व फालतू धन ग्रहफल (अटल फैसला)
5. दो पत्थरों की बजाए कुम्हार के चक की तरह एक ही पत्थर जो दो का काम देवे। मंगल या बृहस्पति वास्ते परिवार
6. जहां शुक्र हो उस घर का ग्रह बहैसियत मालकियत या पक्का घर चक्की व चक का रहनुमा होगा।
7. स्त्री ग्रह से अभिप्राय शुक्र और चन्द्र
8. नर ग्रह से अभिप्राय बृहस्पत सूरज मंगल
9. असूल मिलावट से अभिप्राय दर्जा दृष्टि या आपस में देखना

प्रायः स्त्री ग्रह स्त्रियों पर असर करते हैं और नर ग्रह मर्दों पर मगर जब खाना न: 7 में दो से ज्यादा ग्रह वाका हो तो स्त्री ग्रहों को नर ग्रह ही समझ कर असर गिनना चाहिए। मसलन चन्द्र न: 7 में किसी और दो ग्रहों के साथ बैठा हो तो मिलावट या दृष्टि की रह से जो भी असर खाना न: 1 या 7 में बैठे हुए ग्रहों का चन्द्र पर हो सकता है वही असरी नर ग्रह यानि बृहस्पति पर लेंगे या यूं कहो कि अगर कोई असर चन्द्र या माता पर होता हुआ मालूम होवे तो वह असर चन्द्र के साथ कोई और ग्रह (जब सब को मिलाकर दो से ज्यादा हो जावे) होने पर बृहस्पति या पिता पर होगा। इसी तरह ही शुक्र न: 7 के साथ कोई दो और दो से ज्यादा ग्रह होने पर स्त्री (शुक्र) की बजाए नर ग्रह (मर्द) पर असर लेंगे यानि ऐसी हालत में खुद टेवे वो की स्त्री की बजाए वही असर खुद टेवे वाले के अपने जिस्म पर होंगे और वह बृहस्पति मंगल सूरज तीनों ही ग्रहों से मुतल्लका हो सकता है।

लगन से कुंडली का पक्का घर 8 मुकाम

मौत, अदल (इन्साफ)

मौत शनि हो मंगल चन्द्र, बुध मंगल नहीं मन्दे है
बैठा कोई ग्रह जब तक तीजे, मौत टली ही गिनते हैं
घर आठवां जब बदी पर आवे, 2, 6 भी आ मिलते हैं
बैठा बारह खा दुश्मन होवे, फैसला उस का लेते हैं
मंगल बद गो सब से मन्दा, बुध पापी नहीं अच्छे हैं
ग्रह ग्यारह घर चीज जो आवे, छत गिरी ही लेते हो

अदल से अभिप्राय यह है कि इस ग्रह घर के ग्रह इन्साफ व जिसमें रहम और अक्ल दोनों शामिल होते है कि बजाए अदले का बदला के असूल पर अपना असर करेंगे मसलन किसी ने दूसरे का लड़का कत्ल कर दिया तो सजा के ताल्लुक में उसका लड़का ही कत्ल किया जावे बेशक पहले शख्स के पांच लड़कों में से एक लड़क मारा गया और दूसरे प्राणी के यहां सिर्फ एक ही लड़का हो दूसरे के कत्ल के हुक्म पर उसका खानदान ही नष्ट हो जावे इसी तरह ही इस घर के ग्रह अपना असर करेंगे और किसी को मुआफ करने के लिए रहम या अक्ल का दखल न देंगे।

अगर खाना न: 8 में सूरज बृहस्पति तथा चन्द्र में से कोई भी अकेला अकेला या कोई दो या तीनों ही मुश्तरका बैठ जावे तो खाना न: 8 न आगे को खाना न: 12 को नहीं पीछे को खाना न: 2 को देखेगा। बल्कि खाना न: 8 का ऐसा असर सिर्फ खाना न: 8 में ही बन्द हुआ गिना जाएगा (गोया मौत के घर को सूरज, बृहस्पत चन्द्र मुश्तरका) योगी जोगी जीत लेगा।

शनिच्चर मंगल या चन्द्र अकेले अकेले घर में हमेशा उम्दा मगर जब कोई दो या तीनों इकट्ठे तो शनिच्चर मौतों का भण्डारी चन्द्र दौलत व सेहत के बरबाद करने वाला और मंगल में न: 2, 6 का मन्दा असर शामिल या वह मंगल बद हर तरह की लानत का देवता जलता ही होगा। बुध न: 8 हमेशा मन्दा मंगल न: 8 अमूमन बुरा। मगर मंगल बुध दोनों मुश्तरका न: 8 में उत्तम होंगे जब तक न: 2 में शनिच्चर न हो वरना

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

मंगल बद ही होगा। जो मैदाने जंग में मौत का बहाना खड़ा करेगा।

8, 6 कोई मन्दा तो दोनों मन्दे

आखिरी अपील चन्द्र पर होगी

खाना नः 11 का ग्रह (वर्षफल के अनुसार)

खाना नः 8 या 11 में ही आ जाने तो खाना नः 11 में [illegible] होगे [illegible] खाना नः 4 [illegible] नः 2 होगा जब तक नः 2 खाली तो मन्दी हालत नः 8 तक महदूद होगी। नः 11 में अगर नः 8 का दुश्मन हो तो नः 8 का बुरा असर नः 2 में न जाएगा।

जब नः 8 [illegible] नः 2, 11 [illegible] नः 8 [illegible] के अनुसार [illegible] नः 2, 11 पर मार कर ही देगा

कुंडली का पक्का घर खाना नः 9

आगाजे किस्मत

जड़ बुनियाद ग्रह 9 होता, किस्मत का आगाज भी हो
हर दूजे पे बारिश करता, समन्दर घिरा बहमायु भी हो
घर तीजे का असर हो पहले, बाद मिला घर पांच का हो
कुंडली मकानां मरकज गिनते, हाकिम गिना ग्रह सबका हो
उम्र ग्रह जो अपनी जागा, असर गिना उस उमर का हो
धर्म पितृ जब टेवे बैठा, रेत समन्दर जलता हो
पांच दृष्टि 9 पे करता, विकास औलाद की गिनती जो
रवि चन्द्र कोई 9 जब बैठा, नजर दृष्टि उल्टी हो
शान समुन्द्र घर नीवे का, या फल उम्र हो पहले का
सफेद झण्डा काहे सार के झूले, उम्र बुढ़ाप घर दो का
किस्मत का असल आगाज खाना नः 9 का ग्रह होगा
नः 9 जब 3, 5 खाली तो नः 2 की मार्फत जाग पड़ेगा।
जब नः तीन सोया हुआ हो तो तीन साला उम्र के बाद इसका असर होगा।

जन्म कुंडली का सोया हुआ ग्रह जब कभी वर्षफल अनुसार नः 9 में आने पर जाग पड़े तो वह ग्रह अपनी उम्र से अपनी उम्र के जमाने तक नेक असर देगा मसलन सूरज में हो तो 22 साला उम्र से 22 साल तक यानि 44 साला उम्र तक नेक असर देगा। यही असर जन्म कुंडली के नः 9 वाले बाकी ग्रहों का नः 9 में आने से होगा। मंगल नः 9 का 28 से 28, बृहस्पत नः 9 का 16 से 16 साल, सूरज नः 9 का 22 से 22 साल, चन्द्र नः 9 का 36 से 36, साल केतु नः 9 का 48 से 48 साल, राहू नः 9 का 42 से 42 साल सब के सब उत्तम सिवाय। :-

(I) शुक्र नः 12 का जो सिर्फ 25 वे साल मन्दा होगा। जब नः 3 या 5 की दृष्टि से मन्दा हो रहा हो वरना नेक असर देगा।

(II) बुध नः 3 का 17 से 17 मन्दा जब बाकी असूलों से बुध मन्दा हो वरना नेक असर देगा।

6. ऐसी हालत नः 5 में बैठे हुए पापियों का औलाद पर कोई बुरा असर न होगा मगर बाकी सब बातें में वही असर लंगे जो सूरज चन्द्र से पापियों के ताल्लुक पर हो सकता है।

नः 9 के ग्रह के मुतल्लका आशिया तिलक की जगह लगाने से नः 9 का असर पैदा होगा

लगन से कुंडली का पक्का घर खाना नः 10 किस्मत की बुनियाद का मैदान।

ग्रह मंडल 9 ही से टेवे, घर दसवें जब बैठा हो
6, 5 में खा दोस्त उसके, दुगनी जहर का होता हो
ग्रह दसवें घर 10 शक्की, दुगनी, ताकत का होता हो
आंख गिना है घर दो जिसकी, ख्वाब 12 में लेता हो
घर दूजे के खाली होते, दसवां फौरन सोया
दिन उसी ग्रह 10 जागे, शनि दूजे जब सोया

इस घर में वर्षफल के अनुसार आया हुआ ग्रह धोके का ग्रह होगा। जो अच्छा बुरा दोनों ही तरफ हो सकता है। अगर नः 8 मन्दा हो तो दुगना मन्दा और अगर नः 2 नेक तो दुगना उम्दा होगा। अगर दोनों तरफ बराबर तो अच्छा असर पहले और बुरा असर बाद में होगा। अगर नः 8, 2 दोनों ही खाली हो तो नः 3, 5, 11 के ग्रह मदद गार होंगे अगर वो भी खाली हो तो फैसला शनि की हालत पर होगा जब नः 10 में आपस में लड़ने वाले कोई भी ग्रह बैठे हो तो वह रेखा अन्धे ग्रहों की होगी यानि वो ग्रह खुद ऐसे ही ढंग पर असर देंगे। जिस तरह कि दुनिया में एक अन्धा प्राणी चलता फिरता है। ऐसे हालत में फैसला चन्द्र की हालत पर होगा यानि अगर चन्द्र उम्दा तो अगर उम्दा वरना मन्दा फल लेंगे। अगर खाना नः 10 खाली ही हो तो खाना नः 4 के ग्रहों का कोई नेक फल न हो सकेगा। या उस घर में रिजक के चश्मे को उभारने के लिए ग्रह लाख दर्जा ही उम्दा क्यों न हो अपने माता पिता को मिलते रहना मदद देगा। 10 अन्धे मर्दों को इकट्ठा ही मुफ्त (बतौर खैरात) खुराक तकसीम करना (नकद रुपया पैसा हरगिज नहीं) खाना नः 10 के ग्रहों (मन्दे या बाहम लड़ने वाले) की जहर धो सकेगा।

राहू केतु बुध तीनों ही इस घर में हमेशा शक्की होंगे जो शनिच्चर की हालत पर चला करते है यानि अगर शनिच्चर उम्दा तो दुगना उम्दा अगर शनिच्चर मन्दा तो दो गुणा मन्दा असर देंगे।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

न से कुंडली का पक्का घर खाना नः 11 गुरु स्थान इंसाफ की जगह

गाफ करने कराने की जगह या मुकाम मगर खुद इंसाफ नहीं या इन्सानी किस्मत की बुनियाद

पाप अकेला, असर अकेला 3, 5, 9, 11
शनि बली का साथ मिले तो असर बढ़े गुना ग्यारह
ग्रह 11 जो मन्दा होवे, असर में सबसे उम्दा हो
घर 11 से चलकर अपने, बैठा तख्त पर जिस दिन हो
किस्मत का यह घर उस तीजे, मदद न पांव से होती हो
खाली तख्त 3, 11 सोवे, लिखत, शनि पर चलती हो
उम्र पहली में 11 तरक्की, घर तीजा जब मन्दा हो
खुद तीजा हो बेशक रद्दी, मौत आई आठ रोकता हो
खुद बेड़ी को पापी चलावे, डूब डुबाने वो नहीं है
ग्रह 11 घर चीज़ जो लावें, मौत खड़ी ही करते हों
घर 11 में ग्रह जो आवे, तासीर शनि वो होता हो
असर मगर इस घर में जावे, ग्रह जहां टेवे बैठा हो

) 11-23-36-48-57-72-84-94-105-119 साला उम्र
:) नः 3 में वृहस्पत के दोस्त (सूरज चन्द्र मंगल) तो नः 11 हमेशा नेक असर देगा।
:) खाना नः 8 के ग्रह मुतल्लका की अशिया से आई हुई मौत
3 में केतु के दोस्त शुक्र राहू तो नः 4 हमेशा नेक असर देगा।
ना नः 11 को खाना नः 3 देखा करता लेकिन खाना नः 11 का असर उसी वक्त ही मुकम्मल जागता हुआ माना जाएगा। जबकि खाना नः 3, दोनों ही घरों में कोई न कोई ग्रह जरूर हो।
न्मकुंडली या वर्षफल के अनुसार खाना नः 8 और 11 बाहम दुश्मन हो तो नः 11 के ग्रह की मुतल्लका चीज टेवे वाले के किसी काम न एगी। बल्कि ऐसे सदमे या मन्दी हालत की निशानी होगी कि जिससे पीठटूटी हुई की तरह मातम का जमाना होगा ऐसी हालत में खाना नः 11 ग्रह की मुतल्लका चीज के साथ ही उस ग्रह (खाना नः 11 वाले) के दोस्त ग्रह या ऐसे ग्रह के मुतल्लका चीज भी साथ ही ले आवे जो ग्रह के न्दे असर को नेक लेवे। मसलन शनि नः 11 होतो शनि की आशिया के साथ ही केतु की मुतल्लका अशिया ले आना मुबारिक होगा। यानि अगर कान बनाओ तो कुत्ता साथ ही ले आओ (रख लो) मशीने खरीदो तो बच्चों के खेलने का सामान खिलौने वगैरा साथ ही खरीद लाओं। इस तरह निच्चर बुरे असर की बजाए और भी भला असर देगा। मसलन बुध 11 शानिच्चर 12 वृहस्पत शुक्र 7 उम्दा गृहस्थ सूरज 11 शनि 3 वृहस्पत कर्जा है।
ाना नः 11 के ग्रह सिवाय पापी ग्रहों के वेएतबारी हालत में होंगे अगर खाना नः 3 खाली हो तो अमूमन नेकफल तख्त में आने के दिन से शुरु रेंगे और खाना नः 8 में आने के वक्त मन्दा असर देंगे। मन्दी हालत में ग्रह मुतल्लका की कुल मुकर्ररा उम्र की मियाद के बाद नः 11 में बैठे ए या उसके दोस्त ग्रह की मुतल्लका चीज का उपाय मददगार होगा बशर्ते कि पापी ग्रह से कोई उस वक्त वर्षफल के हिसाब से खाना नः 1 में । हो.. अगर कोई पापी नः 1 में ही हो तो खाना नः 9 में आए हुए ग्रहों की मुतल्लका चीज के उपाय से नेक असर होगा अगर खाना नः 9 ाली ही हो वे तो वृहस्पत का उपाय मददगार होगा।
ााना नः 11 के ग्रह किस साल खाना नः 8 में आयेंगे।
'-20-34-45-53-67-79-92-97-113.

ााना नः 11 के ग्रहों की वेएतवारी की हालत खाना नः 11 में वैठे हुए ग्रह का असर

ााना नः 11 में ग्रह ेठा हो	नेक हालत में	बुरी हालत में
ृहस्पत नः 11	जब तक टेवे वाला खानादान में मुश्तरका रहे और पिता जिन्दा हो तो सांप भी सजदा करें।	जब पिता से अलहदा और चाल चलन का ढ़ीला और जन्म कुंडली के हिसाब से कारोबार या रिश्तेदार का हद से ज्यादा ताल्लुकदार हो तो मच्छर का मुकाबला न कर सके और कफन तक पराया हो
सूरज नः 11	जिस कदर धर्मात्मा और सफा (सूफी की) खुराक और पोशाक का मालिक रहे उसी कदर उतम जिन्दगी और साहिब परिवार हो	जब शनि की खुराक गोश्त शराब खाता हो तो विधाता खुद अपनी कलम से लावल्दी का हुक्म लिख देगा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

चन्द्र न: 11	अगर टेवे में बृहस्पत और केतु उम्दा तो माया और औलाद की माता के बैठे तक भी कोई कमी न होगी	माता के जिंदा होते हुए नर औलाद शायद ही माता को तो देखनी नसीब होगी
शुक्र न: 11 मंगल न: 11	दौलत का भण्डारी जब तक औरत के भाई मौजूद या मंगल उम्दा हो (जन्म कुंडली में) बृहस्पत के पीछे पीछे कदम पर कदम रखने वाला प्यादर चीते की तरह जमाने की अन्धेरी रातों को अबूर (पार) करके अपना शिकार या दिली ख्वाहिश पा लेगा।	वरना बुद्दू बुजदिल और हिजड़ा और धन दौलत से दुखिया ही होगा। वरना दुम को आग लगी हुई हालत में लंका से भागते हुए हनुमान जी की तरह समन्दर के पानी (अपना रिज़क और आमदन) की तलाश में भागता होगा।
बुध न: 11	चन्द्र बृहस्पत और शनिच्चर से मारे हुए यानि माता पिता, के यहां जन्म लेने के दिन और दुनिया के गैबी अन्धेरे से निकल कर आंखों के देखने के वक्त से ही दुखिया होने वाले को अपने वक्त में हर तरह और हर हालत से डूबे होने पर भी जिन्दा करके तार देगा।	ऐसी खोटी अक्ल का मालिक जो पौधे के जड़ से ही उखाड़ देवे और खुद भी गिरने वाले दरख्त के नीचे आकर दब मरे
शनिच्चर न: 11	विधाता की तरफ से लावल्दी के लिखे हुए हुक्म को भी पूरे करके बच्चे की पैदायश का हुक्म देगा। और तमाम दुनिया के जहरों और हर तरह से विरोधियों के विरुद्ध अकेला ही हर तरह से पूरी हिफाजत करेगा। और धर्म इमान में सच्चा होने का पूरा सबूत देगा।	(ऐन समन्दर के दरम्यान) पहुंचकर बेड़ी का चप्पू गिर, सिरहाने रखकर अचानक सो जाएगा और अपनी अल्प औलाद को ऐसी अधूरी हालत में छोड़ कर मरेगा कि उनकी आहों को सुनने वाला शायद ही कोई गृहस्थी मददगार होगा या हो सकेगा।
राहू न: 11	इतने तकब्बुर (गर्व) और अपनी कमाई पर काबिज के अपने मां-बाप से भी कोड़ी पाई तक न लेंगे ताकि उस पर कोई एहसान न हो जावे खुद कमायेंगे। और सोना बनाएंगे मगर अपने जन्म से पहले के मिले हुए सोने को खाक कर दिखलाएंगे, न बृहस्पत पिता का लिहाज, न राहू ससुराल के जेलखाने का फिक्र मगर खुद ख्वाबी दुनिया में कोहे नूर पर बैठे खुद की पूजा कर रहे होंगे। अल्प औलाद की ख्वाहिश और केतु की अशिया, रिश्तेदार या दीगर कारोबार मुतल्लका केतु का फल 11 गुना नेक होगा जब खाना न: 5 में चन्द्र या बृहस्पत न हो।	जन्म लेने की अपनी अवधि से पहले अगर सब के सांस और जिस्म के खून (खासकर बाप या बाबे के) को दुखिया और अफीम से जहरीला बरबाद और बन्द न कर दिया। तो ऐसे टेवे वाले के जन्म लेने का किसी को पता ही क्या लगेगा यानि अगर अफीम से मरे या राखिया से चन्द बचे या हीरा चाट जाए, कोयला से राख हुए जो कुछ कहो सच्च मगर वह तमाशा देखने के लिए हर वक्त हाजर-नाजर (जिंदा) होगा। खुद अपना केतु यानि अल्प औलाद और अनि और चन्द्र का फल हद से ज्यादा निकम्मा होगा

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

खाना न: 11 क्याफा: पेशानी



:माग या खाना न: 35 कुंडली या खाना
: 11 पेशानी से तुलना की गई है भवों से ऊपर और
:माग की हद से नीचे कान के सुराख से 90 अंश पर खिंची
ई रेखा दिमाग के हिस्सों को सिर और भवों से अलहदा कर देता है
। पेशानी होगी इन्सान या जाती मान या इन्सान का कुल दुनिया से ताल्लुक
य की मुश्तरका किस्मत का मैदान या पेशानी हर शख्स अपने साथ लिए
करता है गोया पैशनी पर सांझी सांझी किस्मत लिखी है। यह हिस्सा
मेशा जमाने की हवा से टकराता और इन्सानी किस्मत पर बृहस्पत का असर डालता है। दिमागी खानों में खाना न: 35 पेशानी के पीछे खाना न:
0 सूरज और खाना न: 21 चन्द्र चमक रहे है जिन दोनों के ऊपर खाना न: 13 शनिच्चर का घर है पेशानी की चौड़ाई कुल चेहरा की लम्बाई
ा 1/4 (1/4 अगर चार हिस्से किए जावे तो 4 में से सिर्फ एक हिस्सा) तो नेक होती है पेशानी की इस अनुपात से जिस कदर चौड़ाई बढ़े
रा कदर नेक असर ज्यादा बढ़े। और मुबारिक होवे।

ग्रह चाल	पेशानी की क्या हालत है क्याफे की रुह से (अनुसार)	तो खाना न: 11 का क्या असर होगा।
1. खाना न: 2 के बृहस्पत से या खाना न: 2 से बजरिए दृष्टि वगैरा जिस कदर ज्यादा केतु का ताल्लुक होवे	उसी कदर पेशनी चौड़ी होगी।	उसी कदर नेक असर कम होगा।
2. खाना न: 8 का 2 की मार्फत खाना न: 6 में असर हो गये। केतु जब बृहस्पत के साथ या बृहस्पत के घरों (2, 5, 9, 12) में हो।	कुशादा (खुली) पेशानी होगी	अक्ल की बारीकी ज्यादा होगी।
3. जिस कदर केतु का ताल्लुक खाना न: 2 के बृहस्पति 6 से कम होवे	उसी कदर पेशानी लम्बी होगी	उसी कदर ही नेक असर ज्यादा होगा
4. खाना न: 2 का असर खाना न: 6 की मार्फत खाना न: 12 में जावे	पेशानी के ऊपर का हिस्सा बाहर को उभरा हुआ	जांच पड़ताल (कुव्वते दरयाफत) और चाल चलन उम्दा होगा।
5. खाना न: 8 का असर खाना न: 11 की मार्फत जिसके लिए विस्तार से खाना न: 8 में देखे) खाना न:2 में जावे।	पेशानी का निचला हिस्सा बाहर को उभरा हुआ।	कुव्वते ख्यालों नेक तरफ काम करने वाली होगी।
6. खाना न: 2 में खाना न: 8 के मन्दे ग्रहों मंगल बद वगैरा का असर मिल रहा हो।	तिलक लगाने की जगह छोड़कर बाकी पेशानी पर निशानात का असर सिर्फ उम्र की कमीबेशी पर होगा पेशानी पर तिकोन, तराजू मछली त्रिशूल अंकुश पद्म, पंखा तलवार या परिन्द में से कोई भी ऐसा निशान	अजीजों व रिश्तेदारों का सुख नसीब न होवे
	पेशानी पर बैठने के पांव का निशान हो	कम उम्र और मन्द भाग्य होगा

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

7 खाना नः 2 में बृहस्पत के दुश्मन ग्रह (शुक्र बुध) या केतु के दुश्मन ग्रह (चन्द्र मंगल हो)	पेशानी पर टूटी-फूटी लकीरें बहुत हो या उनका झुकाव नीचे की तरफ हो गया हो	अल्पायु यानि कम उम्र और जिंदगी उम्र के आठवे साल 8, 16. 24, 32, 40.48. 56, 64 [illegible] में होगी:
8 खाना नः 2 व 7 में मन्दे ग्रह हो।	पेशानी पर 7 या ज्यादा लकीरें	ठग कज़ाक डाकू उम्र 50 साल
9. नः 2 में मंगल बुध या सूरज बुध	सुर्ख रंग नाड़े	कम उम्र होवे
10. राहू बृहस्पत मुश्तरका नः 2 या अकेला बुध नः 2 में।	सब्ज रंग की नाड़े खाबाह मर्द या औरत	मुनाफिक और खुश किस्मत होवे

लगन से कुंडली का पक्का घर खाना नः 12

इन्साफ मगर इन्साफ करने कराने की जगह नहीं

आरामगाह, ख्वाव अवस्था इंसान का सिर

घर 12 न ग्रह जो बोले, घर दो में वह बोलता है
फल घर 12 दो का इकट्ठा, साधु समाधि होता है
एक जन्म से पूजा शुरु हो, 12 जहां दो होता है
सुख दौलत और सांस आखिरी, हुक्म विधाता होता है।

कुंडली के तमाम ग्रहों की अपील खाना नः 12 पर होगी यनि खाना नः 12 का फैसला सब से आखिरी फैसला होगा लेकिन अगर खाना नः 12 के लिए खुद अपनी अपील हो तो खाना नः 2 पर होगी। या खाना नः 12 के जाती ताल्लुक में खाना नः 2 का फैसला सबसे आखिरी फैसला होगा। अमूमन नः 11 पहला दुनियावी हाकिम (बिल लिहाज मुलाजमत वगैरा) और नः 1 कुंडली का राजा होता है। मगर नः 12 के लिए (जनम कुंडली के अनुसार) नः 1 के ग्रह की उम्र (मसलन सूरज नः 1 तो 22 साला) गुज़रने के बाद नः 2 अपील का काम देगा। जिसका आखिरी निर्णायक केतु होगा। अगर जन्म कुंडली के अनुसार नः 1 खाली हो या नः 1 के ग्रह की उम्र (मसलन मंगल नः 1 तो 28 साला) के बाद नः 1 खाली हो जावे तो सबसे आखिरी निर्णायक चन्द्र होगा। मगर नः 1 की उम्र के अंदर अंदर आखिरी हाकिम हमेशा नः 1 का ग्रह ही होगा। वास्ते व तमाम दीगर हालात

:. नः 12 के ग्रह मुतल्लका रिश्तेदार टेवे वाले के आराम पैदा करने के ताल्लुक में खुदाई ताकत का मालिक होगा। जिसके बाद उस ग्रह की मुतल्लका चीज कायम करने से सुख सागर होगा मसलन वृहस्पत नः 12 हो तो पिता बाबा जिन्दा होने के वक्त तक टेवे वाले की रात हमेशा आराम से गुजरेगी उनकी मृत्यु के उपरान्त वृहस्पत की अशिया बवक्त रात कायम रखना आराम देगा।

:. नः 8 मन्दा और नः 2 खाली हो या नः 12 और 8 दोनों ही घरों में ऐसे ग्रह हों जो इकट्ठे हो जाने पर मन्दे जो जावे तो मन्दिर में पूजा पाठ या यात्रा वगैरा के लिए जाने की बजाए मन्दिर से दूरी बेहतर वरना खाना नः 8, 12 की मन्दी टक्कर होगी मसलन बुध 8 शनि 12 लड़कियों की बिनाई नेत्र (ज्योति) बरबाद जब बाप मन्दिर में जावे।

बारह ही पक्के घर मुश्तरका

धन की थैली सातवें हो वे, मर्द बोलते 6 में है
घर आठवें से उम्र गिने तो, बने महल घर दूसरे है
घर पांचवा औलाद का गिनते, ग्यारह होता घर धर्म है
अंग जिस्म घर पहले होते, साथ लगी 9 बुजुर्गी है
चश्मा दौलत घर चौथे निकले, मैदान रिज़क घर 10 का हो
आखिर वक्त घर तीसरे चलते, ख्वाब पाया घर बारह हो
खरबूजा देख खरबूजा पके, 9 पहले और 7, 11
चारों टोली एके बोला, बुध शनि और शुक्र्याग

जिस्मानी (शारीरिक)

नः 2, 6, 12 (तीनों ही) में कोई न कोई ग्रह जरूर हो तो कुव्वते दरयाफ्त व बाल बचन उम्दा होगा।
इंसान की जिस्मानी ताकत से मुतल्लका खाली खाना नः 10 (उंगलियों का दरमयानी हिसाब)

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

रुहानी (अध्यात्मिक)

नः 2, 8 दोनों ही में कोई न कोई जरर हो और नः 8 का असर नः 2 में पहुंच रहा हो यानि नः 11 में नः 8 का दुश्मन न हो तो अक्ल कीबारीकी व कुव्वते ख्याल उम्दा होगी खाली खाना नः 2 उंगलियों के नाखून वाली पोरी या टुकड़ा रुहानी ताकत से मुतल्लका होगा खाना नः 1 से तीन पहली अवस्था 4 से 6 दूसरी अवस्था 7-9 तीसरी अवस्था 10 से 12 चौथी अवस्था बतलाएगा या दूसरे शब्दों में।
पहली अवस्था 25 दूसरी अवस्था 50 तीसरी 75 चौथी 100 साला उम्र तक।

नफसानी (इन्द्रीय) वासना

खाली खाना नः 12 उंगलियों का निचला हिस्सा नफसानी ताकत से मुतल्लका होगा। खाली खानों के लिए आम तौर पर खाली खानों कि हालत में खाली नः वाली राशि का मालिक ग्रह लेते है। खाना नः 6 व बारह में बुध व बृहस्पति के साथ केतु और राहू का निवास भी माना है। इसलिए हर दो में से कौन सा एक होगा बृहस्पत जब अपनी दूसरी राशि नः 9 में हो तो खाली खाना नः 12 का मालिक राहू होगा। बुध जब अपनी दूसरी राशि नः 3 में हो तो खाली खाना नः 6 का मालिक केतु होगा।
1. बृहस्पत 9, 12 में से किसी जगह भी न हो तो खाली खाना नः 12 में बृहस्पत राहु दोनों ही मुश्तरका या मसनूई (बनावटी) बुध होगा। 2. बुध 3, 6 में से किसी जगह भी न हो तो खाली खाना नः 6 में बुध केतु दोनों ही मुश्तरका हो सकते है लेकिन जहां बुध जबर्दस्त होगा केतु वहां कमजोर होगा इसलिए ऐसी हालत में खाली खाना नः 6 का मालिक बुध या केतु में से कोई एक लेंगे। जो कि दोनों में से (प्रबल या जबरदस्त हो) उस कुंडली में (जन्म कुंडली के हिसाब से) उम्दा होवे क्योंकि खाली खाना नः 6 हमेशा नेक — मानों में होता है। इसलिए दोनों में से कमजोर या मन्दे को अब खाना नः 6 का मालिक नहीं लेंगे। खाली खाना नः 9 का मालिक बृहस्पत और खाली खाना नः 6 का मालिक बुध होगा बाकि खाली खानों के लिए उस खाली राशि नः का मालिक ग्रह (घर का) लेंवे।

क्याफा:

1. (हम साये ग्रह) की बाहा सीमा का प्रभाव अंगूठे और तर्जनी की जड़ का दरम्यानी फासला (जिस में मंगल नेक और बृहस्पत है) हौसला और अन्दरुनी दिली ताकत की मजबूती से मुतल्लका है।

2. तर्जनी और मध्यमा की जड़ों का दरम्यानी फासला (बृहस्पति और शनिच्चर का दरम्यान) विचार शक्ति, सोच विचार, की ताकत से मुतल्लका है
3. मध्यमा और अनामिका की जड़ों का दरम्यानी फासला (शनिच्चर सूरज का दरम्यान) ख्यालात की आज़ादी जाहिर करता है मौका के मुताबिक लट्टू की तरह फौरन पहलू बदल लेने वाला होगा।
4. अनामिका और कनिष्ठका की जड़ो का दरम्यानी फासला (सूरज और बुध का दरम्यान) खुद काम करने की ताकत व आदत ज्यादा दूसरों की कमाई की तरफ उम्मीदें रखने की बजाए खुद अपनी कमाई में बरकत पर शुक्र व सब्र करने वाला होगा।
5. कनिष्ठका की जड़ और बुध का हिस्सा हथेली से बाहर को निकला हुआ सिर्फ बुध के बुर्ज की हद बोलने की ताकत से लोगों में रसूख पैदा करने की ताकत ज्यादा
6. शुक्र की जड़ से चन्द्र की जड़ का हिस्सा जो बाजू की चौड़ाई या कलाई की चौड़ाई होगी दिली मुहब्बत और मगन शुक्र या औरत कीलगन कुव्वते नफसानी (इश्के मुहब्बत) माता की मुहब्बत पितरों या बर्जुगों की सेवा की ताकत से मुतल्लका होगी।

हथेली की चारों तरफे

1. बुध से चन्द्र की तरफ की लम्बाई वाला हिस्सा जिस कदर ज्यादा लम्बाई उसी कदर जबान की ताकत ज्यादा आह जिस कदर कनिष्ठका की जड़ से बाहर को उभरी हुई या निकली हुई उसी कदर रसूख पैदा करने की ताकत और रसूख पैदा किया हुआ ज्यादा होगा।
2. बृहस्पत से बुध की तरफ उंगलियों की जड़वाला हिस्सा जिस कदर लम्बाई ज्यादा उसी कदर जहनी व दिमागी ताकत ज्यादा होगी। और उसी कदर बुध के बुर्ज की पाएदारी होगी।
3. शुक्र से चन्द्र वाला हिस्सा जिस कदर लम्बाई उसी कदर ख्वाहिशते नफसानी या शुक्र की ताकत ज्यादा या शुक्र का असर ज्यादा होगा।
4. शुक्र की जड़ से बृहस्पत के आखिर तर्जनी की जड़ तक हिस्सा जिस कदर यह लम्बाई ज्यादा उसी कदर जानी हिम्मत हैसियत के ज्यादा या अंगूठे की ताकत ज्यादा या मंगल नेक का नेक असर ज्यादा होगा।
1. हथेली भारी या मोटी लालची होगा, मामूली दर्जा की जिंदगी वाला क्योंकि इस हालत में तर्जनी हासिद (ईर्ष्यालु) मध्यमा बेबुनियाद ख्यालात अनामिका मशहरी पसन्द कनिष्ठका बेशर्म जाहिर करती है
2. हथेली अगर (कमजोर) या पतली और कमजोर सी गरीबाना हालत या गरीबाना रोजगार वाला होगा। हथेली लम्बी जुबान में जाहरदारी याजाहिर करने की ताकत ज़्यादा हो जिस कदर लम्बाई ज्यादा होवे उसी कदर यह ताकत ज्यादा होवे।
लम्बी व गोल हथेली वाला गुजरान: खुश गुजरान आसूदा सम्पन्न हाल होवे।
3. हथेली लम्बी जुबान में जाहरदारी या जाहिर करने की ताकत ज्यादा हो जिस कदर लम्बाई ज्यादा होवे उसी कदर यह ताकत ज्यादा हो।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

4. लम्बी व गोल हथेली वाला हुक्मरान, खुश, गुजरान आंसूदा (सम्पन्न) हाल होवे।

सोए हुए पक्के घर या पक्के घरों में बैठे मगर सोए हुए ग्रह

ग्रह सोए हुए घर से अभिप्राय यह है कि वह ग्रह या घर सब कुछ होते हुए भी अपना कोई नेक असर न देगा।

1 अकेले न कोई दुश्मन - नहीं दोस्ती होती है
रियाया बना न राजा कोई - नहीं वजीरी होती है
1 से 6 तक तरफ जो पहली - हिस्सा दायां कहलाती है
बाद के घर 7 से 12 - तरफ बाईं हो जाती है
तरफ पहली नः ग्रह हो कोई - बाद के घर सोए होते हैं
घर जब बाद का खाली होवे - तरफ सोई पहली गिनते हैं
जिस घर में ग्रह हो कोई बैठा - जागता घर वह लेते हैं
जागे घर न ही असर ग्रह का - जब तलक खाली होते हैं
ऊंच दृष्टि कितना ही होवे - निर्बल प्रबल किसी भी घर
पर दृष्टि का जब तक खाली - असर आवे न दूसरे पर
घर 9, 11 गुरु से जागे - चन्द्र से 8, 4, 2 घर
रवि जगाता घर पांचवा तो - शुक्र जगावे 7 वां घर
शनि से दसवां राहू 6 को - बुध जगाता है तीसरा घर
मंगल से घर पहला जागे - केतु जगावे 12 वां घर

कुण्डली



सोया हुआ घर व सोया हुआ ग्रह

सोया हुआ घर

जिस घर मे कोई ग्रह न हो या जिस घर पर किसी ग्रह की दृष्टि न पड़ती हो वह घर सोया हुआ होगा।

सोया हुआ ग्रह

जिस ग्रह की दृष्टि मे मुकाबले पर कोई ग्रह न हो वो ग्रह खुद ही जोकि पहले घरों का है सोया हुआ होगा।

1. कुंडली के खाना नः 1 से 6 पहली तरफ और लग्न से नः 7 से 12 बाद की तरफ मानी गई है अगर पहली तरफ कोई ग्रह न हो तो बाद के ग्रह सोए हुए माने जाएंगे लेकिन जब बाद का घर खाली हो तो पहली तरफ सोई हुई होगी हर हालत में सोए हुए ग्रह का असर बाद के घर में नहीं जा सकता। ग्रह बैठा होने वाला घर हमेशा जागता होगा और पक्के घर का मालिक ग्रह मसलन शुक्र खाना नः 7 या मंगल खाना नः 3 में हर हालत में जागता हुआ गिना जाएगा।

जब पहले घरों में कोई ग्रह न हो तो बाद के घरों के ग्रह सोए हुए माने जाते है ऐसी हालत मे किस्मत के ग्रह जागने वाले ग्रह की तलाश की जरूरत होगी और अगर बाद के घर खाली हो तो खाना नः को जगाने वाले ग्रह के उपाय की जरूरत होगी जो कि खाली है ग्रह का जागना और खाना नः का जागना दो जुदी-जुदी बातें है।

बगैर जगाए हुआ सोया हुआ ग्रह अगर स्वयं जाग उठे यानि अपना फल देना शुरु कर दे तो ऐसे जागे हुए ग्रह की आम उम्र (मसलन शुक्र 3, मंगल 6 केतु तीन साल वगैरा) के आखिरी साल फर्ज किया शुक्र शादी के तीसरे साल पर सब ही ग्रह का फल मन्दा कर देगा खा वह ग्रह स्वयं जागे। एक ग्रह के दोस्त हो या दुश्मन

2. सोये हुए ग्रह के जगाने वाले घर (बहैसियत पक्का घर) को मुतल्लका ग्रह का रिश्तेदार कायम होते हुए कोई मन्दा असर न होगा मसलन शुक्र नः 11 व नः 3 खाली अब अगर औरत के भाई (शादी होने या औरत बनने से पहले) कायम हो खा 3, खा 1 तो खुद ब खुद जागे हुए शुक्र का बुरा असर न होगा।

खाना नः 10 मे कोई भी ग्रह न हो तो खाना नः 2 के ग्रह सोए हुए होंगे।
खाना नः 2 में कोई भी ग्रह न हो खाना नः 10 के ग्रह सोए हुए होंगे।
खाना नः 2 मे कोई भी ग्रह न हो तो खाना नः 9 में ग्रह सोए हुए होंगे।

कौन ग्रह जगा देगा	सोया हुआ घर नः
मंगल	1.
चन्द्र	2.
बुध	3.
चन्द्र	4.
सूरज	5.
राहू	6.
शुक्र	7.
चन्द्र	8.
बृहस्पत	9.
शनिश्चर	10.
बृहस्पत	11.
केतु	12.

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

सोया ग्रह कब स्वयं जाग पड़े

ग्रह	कब जाग पड़ेगा	किस उम्र में	कब मन्दा असर देगा
बृहस्पत	आम कारोबार शुरू होने पर	16 साला उम्र के बाद	6 वे या 22 वे साल
सूरज	सरकारी नौकरी या ताल्लुक	22 साल उम्र के बाद	दूसरे या 24 वे साल
चन्द्र	तालीम ताल्लुक	24 साला उम्र के बाद	पहले या 25 वे साल
शुक्र	शादी करने	25 साल उम्र के बाद	तीसरे या 28 वें साल
मंगल	औरत ताल्लुक	28 साला उम्र के बाद	6 वें या 34 वे साल
बुध	व्यापार, बहिन या लड़की की शादी	34 साला उम्र के बाद	दूसरे या 36 वे साल
शनिच्चर	मकान ताल्लुक	36 साला उम्र के बाद	6 वे या 42 वे साल
राहू	ससुराल ताल्लुक	42 साला उम्र के बाद	2रे या 48 वें साल
केतु	पैदाइश औलाद	48 साला उम्र के बाद	तीसरे 51 वे साल

ग्रह दृष्टि

कुंडली के बारह ही घरों में से किसी घर में बैठे ग्रहों की मुकर्रा रास्तों के जरिए बाहमी असर मिलाने की ताकत या नजर ग्रह दृष्टि देखना कहलाती है। जो ऊंगली टेढ़ी हो जावे वह अपनी ताकत छोड़ देती है और जिस ऊंगली की तरफ झुक जावे उस ऊंगली का असर पैदा होगा ऊंगली के झुकाव से अभिप्राय यह है कि ऊंगली की बनावट में टेढ़ापन होवे न कि जाहिरा झुकाव हो।

वयाफा:

हस्त रेखा में रेखा की शाखों या रेखा के उतार झुकाव को ज्योतिष विद्या में ग्रह दृष्टि गिनते है रेखा के उपर को झुकाव और उठाव तरक्की या नेक असर और नीचे को झुकाव से मुराद होगी कि इसमें उस ग्रह का असर आकर मिल रहा है जिस ग्रह के बुर्ज की तरफ को रेखा उठ रही है दूसरे शब्दों में खत्म होने से पहले ही दूसरी रेखा का शुरू हो जाना — रेखा टूटा हुआ नहीं होता बल्कि परिस्थिति के परिवर्तन का द्योतक है। चाहे वह परिवर्तन अशुभ या शुभ हो। अगर ऐसा परिवर्तन बुरी तरफ को जाता मालूम होवे तो दान से रिहाई छुटकारा और नेक असर होगा।

आम हालत न: 1

1, 7 घर चौथे दसवें [1], पूर्ण दृष्टि होती है
5, 9 वें और 3, 11, आधी नजर ही रहती है
8, 6 वें दो बैठे 12, नजर चौथाई करते हैं
केतु राहू और बुध की नाली, लेखा जुदा ही रखते हैं

शुरू होने वाले तीर के घर निम्नलिखित है		तीर खत्म होने वाले होने वाले घर
1	⟶	7
3	⟶	9, 11
4	⟶	10
5	⟶	9
6	⟶	12
8	⟶	2



[1] लग्न को एक गिनकर पहला सातवां चौथा 10वां वगैरा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

देखने से मालूम होगा कि इस शक्ल में दिए हुए तीरों के निशान किसी खास घरों से शुरू होकर किसी खास-खास घरों में जाकर होते है तीर से मिले हुए घरों का मतलब यह है कि जस घर से तीर शुरू होता है वहां बैठे हुए या जन्म कुंडली के अनुसार या वर्ष फल अनुसार ग्रह का असर उस घर में बैठे हुए ग्रह के असर में मिल सकता है जहां पहुंच कर वह तीर खत्म होता है। मसलन खाना नः 3 से तीर ∴ खाना नः 11 में और दूसरा खाना नः 9 मे जाकर खत्म हो जाता है। जिसका मतलब यह हुआ कि खाना नः 3 में बैठे हुए ग्रह का अ खाना नः 11 खाना नः 9 में बैठे हुए दोनों ही ग्रहों के असरों में जाकर मिला करता है अगर तीर शुरू होने वाले घर में कोई ऐसा ग्रह बैठा हो कि इस ग्रह का दोसत हो जहां जाकर वह तीर खत्म हुआ हो तो तीर खत्म होने वाले घर में बैठे हुए ग्रह का असर और भी उम्दा हो जा लेकिन् अगर तीर शुरू होने वाले घर का ग्रह तीर खत्म होने वाले घर का दुश्मन होता तो तीर खत्म होने वाले घर के ग्रह का असर खराब जाता। याद रहे कि तीर शुरू होने वाले घर का ग्रह तीर खत्म होने वाले घर के ग्रह के असर को अच्छा या बुरा कर देता है मगर तीर खत्म वाले घर के ग्रह का तीर शुरू होने वाले घर के ग्रह के असर में कोई दखल नहीं हुआ करता।

कुंडली में हर ग्रह व खाना नः की मुतल्लका चीजों का असर देखने के लिए उनकी बाहम दृष्टि का ताल्लुक हर ग्रह अपने से सा दरम्यान में 5 छोड़कर सौ फीसदी नजर से देखते है। खाना नः 1 और 7 व खाना नः 4, 10 सौ फीसदी नजर रखते है खाना नः 5, 9 व खा नः 3, 11 पचास फीसदी नजर खाना नः 2, 6 व खाना नः 8, 12 फल फिर राशि का ऊंच ग्रह अपनी राशि में उत्तम फल देगा 25 प्रतिशत नर्क 100 फीसदी दृष्टि की हालत में दो ग्रह एक दूसरे के ज्यादा नजदीक या एक ही हो जाने या मिल जाते 50 फीसदी पर इनका दरम्यानी फास आधा रह जाता है या दोनों की ताकते आधी-आधी परस्पर मिल जाती है 25 प्रतिशत फल सिर्फ एक चौथाई मिलते यानि तीन चौथाई वह दूसरे से दूर रह जाते है बुध की खास नाली राहू केतु सिर्फ दोनों की बाहम दृष्टि और खाना नः 2 और 9 में इन तीनों का ताल्लुक जुदा होगा।

1. हर एक ग्रह के कौन कौन से ग्रह दोस्त है और कौन-कौन ग्रह इसके दुश्मन यह एक अलग सूचि में दर्जकर दिया गया है।
2. तीर शुरू होने वाले घर खाना नः 1, 3, 4, 5, 6, 8 है
3. तीर खत्म होने वाले घर खाना नः 7, 9, 11, 9, 12, 2 है:

उल्टे घर (आम हालत नः 2)

घर उल्टा 8 दूजे देखे न देखे 5, 11 घर

बुध -12, 6, 9, 3 मारे शनि 6 से दूसरा घर

शनि नः 6 की उल्टी दृष्टि हुआ करती है जो शनि नः 6 मे विस्तार से लिखी है।

ग्रहों की बाहम दृष्टि व राशियों (कुंडली के खानों) से ताल्लुक

बात को समझने के लिए राशि को स्त्री और ग्रह को मर्द कहिए। दोनों का मिलाप ग्रह व राशि या मर्द औरत का जोड़ा मिथुन राशि बुध खाली आकाश मे शुक्र की गृहस्थी मुहब्बत (हकीकी वगैर हकीकी) में कुल सृष्टि दुनिया त्रिलोकी तीनों जमाने या खाना नः 3 में मंगल के पाक घर भाई बन्दी से चल रहा है। इस जोड़े की नीयत तीन हिस्सों में बंटी हुई समझे।

1. घर की माल्कीयत या साधारण जैसी हर मर्द व औरत की गिनी जा सकती है।
2. ऊंच हालत की जो हर एक या बाहम एक के लिए दूसरे की नेक हो सकती है।
3. नीच या मन्दी और दुश्मनी भरी बुरी या एक के हाथों दूसरे का बुरा करने वाली होगी। हर एक राशि के असर के लिए उसके घर का मालिक, ग्रह साधारण या आम हालत (भला या बुरा) ऊंच फल की राशि से मुराद, नेक फल देने का ताल्लुक खा राशि को ग्रह के लिए या ग्रह की राशि के लिए और नीच फल की राशि का ग्रह बुरे असर से मुतल्लका होगा या जिसकी खा राशि की इस मुतल्लका ग्रह के लिए कहा खा ग्रह के लिए इस राशि के ताल्लुक से समझो। नीयत वह गिनी जाएगी हर एक राशि किसी खास ग्रह के लिए खास-खास ताल्लुक (बुरा या भला) की और हर एक ग्रह किसी खास राशि के लिए खास-खास ताल्लुक का मुकर्रर किया गया है। इस तरह मुकर्रर किए हुए जोड़े में से जब कोइ ग्रह अपनी मुकर्ररा राशि के बजाय किसी और ग्रह की ताल्लुक दार राशि में जा बैठे तो वह ग्रह जो चलकर दूसरी जगह जा बैठा कुंडली वाले की किस्मत पर वैसा ही असर देगा जैसा कि वह दूसरी जगह जा कर हो गया है।

कुंडली के बारह खानों को एक बड़े मकान की 12 कोठिड़या फर्ज करें। हर एक खाना की लकीर को इस कोठड़ी की दीवार समझे तो ख्याल आएगा कि कुंडली के अन्दर के चार खाने चार दीवारों वाले चार खाने है जिसमें साथ लाया हुआ खजाना गिना गया है। बाकी आठ खाने सिर्फ तीन तीन दीवारों से बने हुए आधे मकानों के तरह आठ मुस्लसे (तिकोन) है जिसमें कुंडली वाले का आधा आधा हिस्सा गिनकर खुद आठों से आधा या चार पूरे घर और है। गोया बच्चे के कुल आठ घर होंगे। पहला घर अपना जन्म का जिस्म व आठवां खाना मौत है। ग्रहों को लैम्प मानिए सब कोठड़ियो के दरवाजे किसी न किसी तरफ खुलते हुए माने गये है या एक घर में चमकते या जलते हु एलैंप की रोशनी उसके दरवाजे से दूसरे के अन्दर जाती हुई मानी गई है रोशनी के इस तरह दूसरे घर में पहुंच जाने के ढंग को ग्रह की दृष्टि देखना कहते है। लाल किताब मे हर ग्रह अपने से सातवें यानि फलाने घर के ग्रह फलाने घर को 100 फीसदी 50 फीसदी की नजर से देखता है। से मुराद है कि वो अपने उस घर से अपने से बाद के घर को देखता है या उसका अपने बैठे हुए घर का असर वो अपने बाद वाले घर में भी पहुंच रहा है मगर यह मतलब नहीं है कि वो अपने से बाहर वाले सातवे घर के ग्रह के असर को अपनी तरफ अपने बैठे हुए खाना नः में खैंच कर ला रहा है खाना नः 8 मौत का घर उल्टा देखता है यानि वो अपना असर खाना नः 2 की तरफ भेजता है। यह खाना नः 2 सब के लिए राहू केतु के मुश्तरका। बैठक के अगर (पाप पुण्य का मकान) का मुकर्रर है मगर इस नः 2 में खाना नः 8 से आने वाले असर में तमाम पापी ग्रहों राहू केतु के अलावा शनिच्चर का भाग भी शामिल है।

अपने से सातवे घर को देखने वाले खानों के ग्रह यानि खाना नः 3, 6 के ग्रह (तीसरा नौवें को देखता है मगर 9 वां तीसरे को नहीं

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

देखता इसी तरह नः 12 को देखता है मगर 12 वां घर में अपना असर नहीं मान सकता। सिवाय खाना नः 12 के बुध के सिवाय बुध को आकाश माना है और खाना नः 6 पाताल और खाना नः 12 आसमान में भी माना आकाश होता है। सब हर खाने वाले तब्दीली हालात कर सकते है। खाना नः 8 मौत को पीछे को देखने वाले घर के ग्रह हर आठवें साल तब्दीली हालात दे सकते है। अपने से बाद के सातवें को देखने वाले घर यह है।

देखता है खाना नः 3 से 9 को — बुध के घर में पाताली नहीं है
देखता है खाना नः 6 से 12 को — जो जुदा किसी के मुतालिक खाना नः 3
देखता है खाना नः 8 से 2 को — से नः चार को

देखता हुआ बुध या नः 9 में बैठा हुआ सब ही ग्रह का फल बेमानी कर देता है खावो तमाम एक तरफ और बुध अकेला ही मुकाबले पर खा उसके दोस्त हो या दुश्मन खा वो उसके साथ ही हो या उससे अलहदा मुकाबला पर खाना नः 8 पीछे को देखता है इसी असूल का 8 ने नः 2 को देखा और नः 2 ने नः 6 को तो नः 8 का असर नः 6 में नः 12 के देखा तो नः 8 का असर नः 12 में चला गया या नः 8 अपना असर नः 12 में 25 फीसदी डालता है अब नः 2 में सौ फीसदी नः 8 का असर मिला है और नः 12 में 2, 6 की मारफत 25 फीसदी नः 8 का असर मिला है गोया नः 2 देखता है 25 फीसदी नः 12 को

सौ फीसदी और अपने से बाद के सातवे को देखने का फर्क:

शत प्रतिशत वाला खाना नः अपने से बाद के खाने में दूध खांड की तरह अपना असर पैसा का वैसा ही मिला देता है मगर अपने से सातवे वाला अपने से बाद के घर के असर को उल्टा कर देता है। गोया दूध का रंग ही जहरीला कर देता है दोनों हालतों दृष्टि का असर तो शत प्रतिशत होता है। फर्क थोड़ा सा यह है कि

1. सौ फीसदी के असर के खाने सिर्फ बंद मुट्ठी के अन्दर के मुकर्रर है (यानि 1, 7, 4, 10) मगर अपने से बाद के खाने बाहर के तिनों के घरों से मुकर्रर है। मुट्ठी के अन्दर अपने से सातवें का असूल न होगा और न ही बाहर वालों पर सौ फीसदी (नेक कर देने) का असूल चल सकेगा।

2. जब कोई ग्रह अपने से बाद के घर का सौ फीसदी की नजर से देखता है तो वह देखने वाला ग्रह अपने बाद के घर के ग्रह में (बाद के घर में नहीं) अपना असर मिला देता है कि पहले का असर दूसरे में मिला हुआ मालूम ही न होगा जैसे दूध में खांड ऐसी मिलावट को बुध की मिलावट कहते है और इस पहले घर वाले ग्रह का वही असर रहेगा जैसा कि वो पहले घर में था मगर जब कोई ग्रह अपने से बाद के सातवें को देखे तो न सिर्फ देखने वाले ग्रह का असर इस घर (ग्रह में नहीं) ऐसा मिला हुआ होगा जैसे एक टांग कटे आदमी को दूसरी टांग लगा दी गई (दो चीजों का इकट्ठे होकर काम करना मगर अपने अपने वजूद को न छोड़ना यह मिलावट मंगल की कहलाती है। बल्कि उस पहले घर वाले ग्रह का असर बाद वाले के लिए बिल्कुल उल्ट होगा। यानि अगर पहले घर वाले का पहले घर में नेक असर था तो बाद के घर के मिलने के वक्त वो असर जो नेक था बाद वाले के लिए बुरा ही होगा मगर पहले का खुद अपने लिए जैसा कि वे हो वैसा ही रहेगा।

ग्रह का असर ग्रह में और ग्रह का असर दूसरे ग्रह के घर में और उनका फल

पहले घर के ग्रह का असर बाद के घर के ग्रह में मिल जाने से मतलब यह होगा कि पहले घर के व बाद के घर के ग्रहों का असर एक ही होगा या बाद के घर के ग्रह में पहले घर के ग्रहों का असर एक ही होगा या बाद के घर के ग्रह में पहले घर के ग्रहों का असर ऐसा मिला कि जुदा न गिना गया। लेकिन इस मिलावट ने बाद के घर में यानि बाद के खाना नः में अपना कोई असर न डाला हो सकता है कि उस बाद के घर में कई ही ग्रह हों पहले घर के ग्रह का असर बाद के घर सब ग्रहों (जितने भी हो) में जब मिला तो हो सकता है कि अगर वो पहले सबके सब जो बाद के घर में थे दोस्त हो तो जब

(I) इन में से पहले घर के ग्रह की जहर मिली तो वो सबके सब या उनमें से चन्द बाहम या चन्द दूसरों के दुश्मन हो जाएं

(II) उनमे दोस्ती पैदा करने की ताकत का असर मिल जावे तो जो पहले दुश्मन भाव के थे अब बाहम या चन्द दूसरों से दोस्ती का ताल्लुक कर लेवे।

(III) पहले घर के ग्रह का असर बाद के घर में मिल जावे (ग्रह में नहीं) से मुराद होगी कि बाद के घर के ग्रह अलहदा अलहदा ही रहेंगे। मगर वो मंगल की बनाई हुई मिलावट की तरह अलग-अलग होते हुए भी उस आ मिलने वाले ग्रह के असर का सबूत देंगे क्योंकि इस घर का ही असर उस मिलने वाले ग्रह के असर ने सब के लिए बदल दिया या बाद के घर के ग्रहों के लिए वो खाना नः ही किसी और असर का हो गया यानि इन ग्रहों ने अपना भला असर इस घर की तमाम चीजों पर बदल कर दिया जब ग्रह से ग्रह मिला था तो असली तौर पर यह फर्क हुआ था कि पहले घर के ग्रह ने बाद के घर के ग्रह के असर को बदला था। यानि बाद के घर का असर जिसमें कि वो ग्रह (जिसका असर बदला गया) बैठा था सिर्फ अपना ही बदला हुआ असर इस खाना की सिर्फ उन चीजों पर किया जो चीजें कि उस असर बदला जाने वाले ग्रह की और उस घर जिसमे बैठा हुआ कि वो असर में बदला जाने वाला ग्रह था। अगर बदला ग्रह होता इन ग्रहों जिनका असर बदला गया अपने बदले हुए असर का सबूत सिर्फ उन्हीं चीजें पर दिया जो चीजों कि इस खाना की उन ग्रहों से मुत्तलका हो मसलन बुध शुक्र दोनों का ही पक्का घर खाना नः 7 है जिसमें उपर से खाना नः 1 का असर मिल सकता है। फर्ज करे कि खाना नः 1 में है सूरज और खाना नः 7 में हो शुक्र और बुध अब सूरज का असर दोनों में ही मिल गया यानि शुक्र और बुध दोनों ही सूरज की तरह चमकने लगे और सूरज का असर नः 7 वालों के लिए अपना पहले घर में उच्च हालत का होने की बजाए उल्ट बुरा न होगा और वो असर दोनों ही ग्रहों में दूध में खांड की तरह मिल जावेंगे यह है हालत सौ फीसदी की। दूसरी मिसाल है जब शुक्र हो खाना नः 6 में और मंगल हो खाना नः 12 में दृष्टि में 6, 12 अपने से सातवें है यानि शुक्र नः 6 का जो असर है खाना खाना नः 6 में उसका उल्ट होगा खाना नः 12 में उस ग्रह के लिए जो खाना नः 12 में है वो है मंगल गोया अब मंगल के लिए वो खाना नः 12 सभी चीजों के असर के लिए जो खाना नः 12 की है मुबारिक होगा क्योंकि नः 6 का शुक्र नीच है जब उसका असर नः 12 तमाम चीजों

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

देखता इसी तरह ग्रह 12 को देखता है मगर 12 वां ग्रह में अपना असर नहीं डाल सकता। [illegible] खाना नः 12 के ग्रह के [illegible] ग्रह को आकाश माना है और खाना नः 6 पाताल और खाना नः 12 आसमान में [illegible] मगर नहीं [illegible] रखते है। खाना नः 8 मौत को पीठ को देखने वाले घर के ग्रह हर आठवे [illegible] अपने से बाद के खाने को देखने वाले घर यह है।

देखता है खाना नः 3 से 9 को — [illegible]

देखता है खाना नः 6 से 12 को — [illegible] जुदा [illegible] मुताल्लिक खाना नः 3

देखता है खाना नः 8 से 2 को — से नः चार को

देखता हुआ ग्रह या नः 9 में बैठा हुआ सब ही ग्रह का फल [illegible] और ग्रह [illegible] ही मुकाबले पर या उसके दोस्त हो या दुश्मन या वो उसके साथ ही हो या उससे अलहदा मुकाबला पर खाना नः 8 [illegible] को देखता है इसी असूल का 8 ने नः 2 को देखा और नः 2 ने नः 6 को तो नः 8 का असर नः 6 में नः 12 के देखा तो नः 8 का असर नः 12 में [illegible] नः 8 अपना असर नः 12 में 25 फीसदी डालता है अब नः 2 में सौ फीसदी नः 8 का असर मिला है और नः 12 में 2, 6 की मारफत 25 फीसदी नः 8 का असर मिला है गोया नः 2 देखता है 25 फीसदी नः 12 को

सौ फीसदी और अपने से बाद के सातवे को देखने का फर्कः

शत प्रतिशत वाला खाना नः अपने से बाद के खाने में दूध खांड की तरह अपना असर [illegible] ही मिला देता है मगर अपने से सातवे वाला अपने से बाद के घर के असर को उल्टा कर देता है। गोया [illegible] शत प्रतिशत होता है। फर्क थोड़ा सा यह है कि

1. सौ फीसदी के असर के खाने सिर्फ बंद मुट्ठी के अन्दर के मुकर्रर है (यानि 1, 7, 4, 10) मगर अपने से बाद के खाने बाहर के [illegible] घरों से मुकर्रर है। मुट्ठी के अन्दर अपने से सातवें का असूल न होगा और न ही बाहर वालों पर सौ फीसदी (नेक कर देने) का असूल चल सकेगा।

2. जब कोई ग्रह अपने से बाद के घर का सौ फीसदी की नजर से देखता है तो वह देखने वाला ग्रह अपने बाद के घर के ग्रह में (बाद के घर में नहीं) अपना असर मिला देता है कि पहले का असर दूसरे में मिला हुआ मालूम ही न होगा जैसे दूध में खांड ऐसी मिलावट को बुध की मिलावट कहते है और इस पहले घर वाले ग्रह का वही असर रहेगा जैसा कि वो पहले घर में था मगर जब कोई ग्रह अपने से बाद के खानों को देखे तो न सिर्फ देखने वाले ग्रह का असर इस घर (ग्रह में नहीं) ऐसा मिला हुआ होगा जैसे एक टांग कटे आदमी को दूसरी टांग लगा दी गई (दो चीजों) का इकट्ठे होकर काम करना मगर अपने अपने वजूद को न छोड़ना यह मिलावट मंगल की कहलाती है। बल्कि उस पहले घर वाले ग्रह का असर बाद वाले के लिए बिल्कुल उल्ट होगा। यानि अगर पहले घर वाले का पहले घर में नेक असर था तो बाद के घर के [illegible] असर जो नेक या बाद वाले के लिए बुरा ही होगा मगर पहले का खुद अपने लिए जैसा कि वे हो वैसा ही रहेगा।

ग्रह का असर ग्रह में और ग्रह का असर दूसरे ग्रह के घर में और उनका फल

पहले घर के ग्रह का असर बाद के घर के ग्रह में मिल जाने से मतलब यह होगा कि पहले घर के व बाद के घर के ग्रहों का असर एक ही होगा या बाद के घर के ग्रह में पहले घर के ग्रहों का असर ऐसा मिला कि जुदा न गिना गया। लेकिन इस मिलावट ने बाद के घर में यानि बाद के खाना नः में अपना कोई असर न डाला हो सकता है कि उस बाद के घर में कई ही ग्रह हों पहले घर के ग्रह का असर बाद के घर सब ग्रहों (जितने भी हों) में जब मिला तो हो सकता है कि अगर वो पहले सबके सब जो बाद के घर में थे दोस्त हो तो जब

(I) इन में से पहले घर के ग्रह की जहर मिली तो वो सबके सब या उनमें से चन्द बाहम या चन्द दूसरों के दुश्मन हो जाएं

(II) उनमें दोस्ती पैदा करने की ताकत का असर मिल जावे तो जो पहले दुश्मन भाव के थे अब बाहम या चन्द दूसरों से दोस्ती का ताल्लुक कर लेवे।

(III) पहले घर के ग्रह का असर बाद के घर में मिल जावे (ग्रह में नहीं) तो मुराद होगी कि बाद के घर के ग्रह अलहदा अलहदा ही रहेंगे। मगर वो मंगल की बनाई हुई मिलावट की तरह अलग-अलग होते हुए भी उस आ मिलने वाले ग्रह के असर का सबूत देंगे क्योंकि इस घर का ही असर आ मिलने वाले ग्रह के असर ने सब के लिए बदल दिया या बाद के घर के ग्रहों के लिए वो खाना नः ही [illegible] और असर का हो गया यानि इन ग्रहों ने अपना भला असर इस घर की तमाम चीजों पर बदल कर दिया जब ग्रह से ग्रह मिला था तो [illegible] पर यह फर्क हुआ था कि पहले घर के ग्रह ने बाद के घर के ग्रह के असर को बदला था। यानि बाद के घर का असर [illegible] (जिसका असर बदला गया) वैसा था सिर्फ अपना ही बदला हुआ असर इस खाना की सिर्फ उन चीजों पर किया जो चीजें कि उस असर बदला जाने वाले ग्रह की और उस घर जिसमें बैठा हुआ कि वो असर में बदला जाने वाला ग्रह था। अगर बहुत ग्रह होंगे इन ग्रहों [illegible] असर बदला गया अपने बदले हुए असर का सबूत सिर्फ उन्हीं चीजें पर दिया जो चीजें कि इस खाना की उन ग्रहों से मुताल्लिक हो मसलन बुध शुक्र दोनों का ही पक्का घर खाना नः 7 है जिसमें ऊपर से खाना नः 1 का असर मिल सकता है। फर्ज करें कि खाना नः 1 में है सूरज और खाना नः 7 में हो शुक्र और बुध अब सूरज का असर दोनों में ही मिल गया यानि शुक्र और बुध दोनों ही सूरज की तरह [illegible] और सूरज का असर नः 7 वालों के लिए अपना पहले घर में उच्च हालत का होने की बजाए उल्ट बुरा न होगा और वो असर दोनों ही ग्रहों में दूध में खांड की तरह मिल जावेगा यह है हालत सौ फीसदी की। दूसरी मिसाल है जब शुक्र हो खाना नः 6 में और मंगल हो खाना नः 12 में दृष्टि में 6, 12 अपने से सातवें है यानि शुक्र नः 6 का जो असर है खाना खाना नः 6 में उसका उल्ट होगा खाना नः 12 में उस ग्रह के लिए जो खाना नः 12 में है वो है मंगल गोया अब मंगल के लिए वो खाना नः 12 सभी चीजों के असर के लिए जो खाना नः 12 की है मुबारिक होगा क्योंकि नः 6 का शुक्र नीच है जब उसका असर नः 12 तमाम चीजों

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

मंगल के लिए उंच फल की ही होगी मगर यह उंच फल किसके लिए होगा मंगल के लिए जो खाना न: 12 का है यानि कुंडली वाले के भाई मंगल का गृहस्थ का सुख उस भाई के लिए उम्दा होगा मगर कुंडली वाले के शुक्र (औरत) का फल वैरो का वैसा ही मन्दा और नीच होगा।

संक्षिप्त: सौ फीसदी की मिलावट की हालत में कुंडली वाले को जाती अच्छा बुरा असर मिलेगा मगर अपने से सातवें की दृष्टि असर करेगी बाद के घर पर जिसकी वजह से उस घर का जो ग्रह उस कुंडली वाले का जैसा भी ताल्लुक दार हो वे उस पर असर देगी। मगर कुंडली वाले पर सीधा असर न होगा मसलन बाद के घर में सातवीं मिलावट की हालत मे शुक्र है तो असर होगा बाद के घर का शुक्र पर उल्ट कर दिया औरतजात के ताल्लुक दार या कुंडली वाले के ससुराल वगैरा पर अपने असर का उल्ट असर होता होगा अगर पहले घर का कुंडली वाले को मंदा फल मिल रहा है तो उस मन्दे फल का उल्टा अच्छा फल मिलता जाएगा कुंडली वाले के उस ग्रह के मुतल्लका रिश्तेदार को जो बाद के घर के ग्रह से कुंडली वाले के साथ सम्बन्ध रखता हो यानि मंगल हो तो भाई बुध हो तो बहिन वगैरा।

सेहत बीमारी, शादी, औलाद, मकान वगैरा खास खास चीजों के लिए दृष्टि

घर अपने से पांचवे दोस्त, सातवें उल्टे होते हैं
आठवें घर पर टक्कर खाते, बुनियाद नींवे पर होते है
तीसरे घर के जुदा-जुदा तो, बुध से वो आ मिलते हैं
घर दस पर बाहम दुश्मन धोका देते या चक्कर है
नर ग्रह बोलते जुफ्त के घर में, स्त्री बोलते ताक में है

बुध है बोलता 3, 6 में तो, पापी नहीं बोलते 2 में है

स्त्री ग्रह शुक्र चन्द्र

दो घरों के दरम्यान जब घर होवे तीन 5वां दोनों खानों के ग्रह बाहम मददगार होंगे खा दोस्त हों या दुश्मन 5(7वां) देखने वाले के ग्रह देखा जाने वाले घर पर बैठा होने वाले घर के असर का उल्ट असर देंगे या उल्टा असर देंगे। बन्द मुट्ठी की शर्त जुदा होगी 6(8वां) दोनों घरों के ग्रह बाहम टकराव पर होंगे सिवाय खाना न: 9 के जिनमें कोहसार और समुन्दर की तरह का टकराव बारिश करवाने का फायदा कर रहा होगा बाकी सब टकराव के घरों में मन्दा असर होगा 7(9वां) दोनों घरों के ग्रह बाहम साधारण दोस्ती या दुश्मनी जो भी होवे।

अठवां और दसवां दोनों घरों के ग्रह बाहम दुश्मनी पर होंगे मसलन खाना न: 9 से न:6 तक दरम्यनी खाने खाली होंगे। (10 से 12 = 3, 1 से 6 = 5) और फर्जन न: 9 में शनिच्चर जो न: 9 में निहायत मुबारिक और 60 साला असर का है। न: 6 में बुध है जो बजाते खुद न: 6 में उंच या राजयोग है लेकिन अब अगर खाना न: 6 वाले यानि टेवे वाले के मामू वगैरा सिर्फ बुध के मुतल्लका कारोबार ही करे तो वो काम करने के लिए राजयोग होंगे लेकिन अगर वही मामू वगैरा शनिच्चर के मुतल्लका कारोबार करें तो वह बरबाद होंगे। बजाते खुद न: 9 वालों के लिए यानि इसके बुर्जगों के लिए शनिच्चर का फल उतम ही होगा और न: 6 वाले (मामू वगैरा) बुध के काम मुबारिक होंगे इस दुश्मनी का टेवे वाले पर कोई बुरा असर न होगा। अगर कोई होगा तो शनिच्चर का न: 6 के घर के ताल्लुक वालों पर मन्दा होगा। मिसाल खाना न: 1 से 5 के दरम्यान घर होंगे 11, 12 से 4 यानि कुल 6 घर मगर खाना न: 5 से 10 तक दरम्यान के घर होंगे। 6 से 9 या कुल चार घर यानि खाना न: 10 देख सकेगा न: 5 को मगर न: 5 नहीं देख सकता न: 10 के सिवाय न: 5 के चन्द्र को जो न: 10 के लिए जहर होगा आमतौर पे पहले घरों के ग्रह दूसरे घर वालों को देखा करते है। (सिवाय खाना न: 8) लेकिन खाली खानों की हालत में सोए हुए घर या सोए ग्रह देखने के लिए ऊपर की शर्त आगे पीछे दोनों ही तरफ चला कर देखी जाएगी।

योग दृष्टि बवक्त सेहत बीमारी

नर ग्रह बोलते जुफ्त के घर में, स्त्री बोलते ताक में है
बुध है बोलता 3,6 में तो पापी नहीं बोलते दो में है।

NEXT PAGE पर CHART

योग दृष्टि

बाहमी (पारस्परिक सहायता) मदद चाहे दो घरों के ग्रह परस्पर दोस्त हो या दुश्मन मगर करेंगे एक दूसरे की मदद ही।



This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

खाना	दृष्टि	बाहम मदद	आम हालत	टकराव	बुनियादी	धोका	मुश्तरका दिवार		अचानक चोट		निशान	
1	A	5	7	8	9	10	2	4	3	7	11	D
	B	9	7	6	5	4	12	10				
2	A	6	8	9	10	11	3		4			E
	B	10	8	7	6	5	1					
3	A	7	9	10	11	12	4		1			F
	B	11	9	8	7	6	2					
4	A	8	10	11	12	1	5	7	10	6	2	H
	B	12	10	9	8	7	3	1				
5	A	5	11	12	1	2	6		7			G
	B	1	11	10	9	8	4					
6	A	10	12	1	2	3	7		4			K
	B	2	12	11	10	9	5					
7	A	11	1	2	3	4	8	10	1	5	9	L
	B	3	1	12	11	10	6	4				
8	A	12	2	3	9	5	9	2	10			M
	B	4	2	1	12	11	7					
9	A	1	3	4	5	6	10		7			N
	B	5	3	2	1	12	8					
10	A	2	4	5	6	7	11	12	4	8	12	P
	B	6	4	3	2	1	9	7				
11	A	3	5	6	7	8	12		1			Q
	B	7	5	4	3	2	10					
12	A	4	6	7	8	9	1		10			R
	B	8	6	5	4	3	11					

A देख सकता है खाने को
B देखा जा सकता है खाना नः से

ग्रहों की बाहम दृष्टि के वक्त उनके मुश्तरका असर की मिकदार

हर देखा जाने वाले या दूसरे हमसाया मुश्तरका होने वाले ग्रह की ताकत होगी

कायम हो या देखता होवे	वृहस्पत	सूरज	चन्द्र	शुक्र	मंगल	बुध	शनि	राहू	केतु
वृहस्पत	..	2	1/2		2/1	2/1	3/1	2/1	5/6
सूरज	2/3	..	3/4	3/4	3/1	1/2		ग्रहण	1/2
चन्द्र	2/1	2/1	..	2/1	2/2	2/1	1/3	1/2	ग्रहण
शुक्र	1/2	3/4	1/2	..	4/3	3/3	1/3	2/1	2/1
मंगल	2/1	2	2/1	1/3	1/3	2/1	4/3	0/1	1/2
बुध	1/2	2/1	1/2	2/2	2/2	..	5/4	2/1	1/4
शनि	5/4		1/3	4/3	1/3	4/5	..	2/1	1/2
राहू	0/1	ग्रहण	1/2	1/2	2/2	2/1	2/1	..	2/2
केतु	2/1	1/2	1/2	ग्रहण	2/1	1/2	3/4	2/1	2/2

दोस्ती दुश्मनी का भाव नेक व बुरे हिस्से कि मिकदार होगी मध्यामान अनुपात है। अंकों में रकम का ऊपर का भाग देखा जाने वाले ग्रह के असर की मिकदार और नीचे का भाग देखने वाले के असर की मिकदार होगी। सिर्फ एक ही भाग से पूरा पूरा अंक देखा जाने वाला ग्रह की ताकत से मुराद होगी।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

योग दृष्टि की सूचि के खाना निशान में D के खाना नः 1 के सामने दृष्टि के खाना में शब्द A और B लिखने में और खाना नः बाहमी मदद के नीचे शब्द A के सामने अंक नः 5 लिखा है और शब्द B के सामने अंक नः 9 लिखा है यह भी योग दृष्टि में लिखा हुआ कि शब्द A से मुराद होती है कि देख सकता है खाना नः 5 को पारस्पारिक सहायता के लिए इसी तरह ही वही खाना नः 1 देखा जा सकता है खाना नः 9 से यानि खाना नः 9 सहायता दे सकता है खाना नः 1 को। दूसरे शब्दों में सिंहासन पर विराजमान राजा को खाना नः 9 के ग्रह सहायता दे सकते है चाहे वह (9 व खाना नः1 वो) परस्पर मित्र हो या शत्रु और स्वयं खाना नः 1 का ग्रह सहायता देगा खना नः 5 को चाहे परस्पर मित्र हो अथवा दुश्मन।

आम हालत

इस अवस्था में बैठे हुए ग्रहों की यही दृष्टि इत्यादि की अवस्था होगी जो कि आम हालत में हुआ करती है यानि 1, 7, 4, 10 या 5, 9, 3, 11 वगैरा वगैरा अब पारस्पारिक मित्रता शत्रुता का सिद्धांत कायम रहेगा।



टकराव

दो भिन्न भिन्न घरों के ग्रह चाहे आपस में मित्र हों चाहे शत्रु मगर ऐसी हालत में आ बैठने के समय जरुर आपस में टकराव पैदा करेंगे यानि लड़ाई झगड़ा या एक ग्रह दूसरे का बुरा ही करेगा बेशक आम असूल पर वह बाहम कितने ही दोस्त हो ऐसी टक्कर मारेंगे कि दूसरे की जड़ तक

काट देंगे।



1 मारेगा टक्कर 8 को

6 मारेगा टक्कर 1 को

बुनियाद

चाहे परस्पर मित्र हो या न हो मगर एक दूसरे को पूरी और पक्की बुनियाद की तरह मदद ही देंगे या एक के असूल की वही बुनियाद होगी जो कि दूसरे की हो या दोनों घरों के ग्रह आपस में एक दूसरे को बाहम बुनियाद बनकर चलते-चलाते और मदद देते रहेंगे।



9 वीं दृष्टि पक्की बुनियाद की तरह मदद

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

धोका

अब यह ग्रह दुगनी ताकत के होंगे अच्छे या बुरे। बात का फैसला पक्के घर नः 10 में धोका के ग्रह के मुतल्लक दिए हुए असूल पर होगा

अपने से 10 वीं दृष्टि धोका



मुश्तरका दीवार

दो घरों में जुदा जुदा बैठे हुए दो दोस्त ग्रह आपस में मिले हुए ही गिने जाते है मगर दो दुश्मन हमेशा जुदा जुदा ही गिने जाएँगे या दो दोस्त ग्रहों के बैठे हुए घरों के दरम्यान की दीवार नहीं गिना करते मगर दुश्मन व दीवार की वजह से बाहम इकट्ठे होकर लड़ाई नहीं बढ़ा सकते। यह असूल तो है सिर्फ एक साथ ही लगते हुए दूसरे घर की हालत में मगर मगर दोग दृष्टि के वक्त दूर दूर घरों के ग्रह भी हूबहू वैसे ही गिने जावेंगे।



Free by Astrostudents

अचानक चोट



परस्पर मित्र हो या शत्रु जब कभी भी अवसर मिले ऐसी चोट मार देंगे कि चोट खाने वाला सोच ही न सके कि किसने चोट मारी थी और यह चोट कोई हर रोज या हर साल न होगी मगर होगी अचानक फौरन और झटपट दम के दम और हानि कर देगी माल और जान दोनों ही का इस सीमा तक जिस का किसी को ख्याल भी न हो सकता हो।

कुंडली में पहले या बाद के घरों के ग्रह

नः 1 दृष्टि और 1, 2, 3 हद 12 की तरतीब (क्रम) से जो घर या खाने पहले आ जावें उनमें बैठे हुए ग्रह पहले घरों के होंगे। यानि जो ग्रह दूसरे ग्रहों को देखते हो और हो भी गिनती की तरतीब में पहले नम्बरों के तो वह पहले घरों के कहलाएँगे। उदाहरण के रूप में अगर ग्रह स्थित हों।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

तो सूरज खाना नः 1 वाले को कहेंगे कि वह शनिच्चर खाना नः 7 वो से पहले घरों का है। वृहस्पत खाना नः 4 वाले को मंगल खाना नः 10 वाले से पहले घरों का कहेंगे। अब मंगल से सूरज वृहस्पत शनि हर एक या तीनों गिन्ती में तो जरर पहले नम्बर पर है मगर मंगल से पहले घरों के ग्रह से मुराद सिर्फ बृहस्पति से होगी या मंगल अब वृहस्पत के बाद के घरों का ग्रह है क्योंकि खाना नः 1 का सूरज और खाना नः 7 का शनिच्चर दृष्टि के असूल पर खाना नः 10 के मंगल को नहीं देख सकता। एक ही घर का ग्रह जब दो और घरों को देखे मसलन खाना नः 3 देखता है खाना नः 9 और खाना नः 11 को अब खाना नः 9, 11 दोनों ही घरों के ग्रह खाना नः 3 में बैठे हुए ग्रह से बाद के घरों के ग्रह होंगे। इसी तरह ही जब कहें कि चन्द्र दुश्मनी करता है शुक्र से तो मुराद होगी कि चन्द्र से पहले घरों में शुक्र है

2 कुंडली के पहले घरों के ग्रह अपने से बाद के घरों में अपना असर मिलाया करते हैं। सिवाय खाना नः 8 जिसके ग्रह पीछे को देखते या अपने से पहले घरों में अपना असर मिला देते है ऐसी हालत में जब तक पीछे से बाद के घरों में किसी ग्रह का बुरा असर आना बन्द न हो जावे या पहले घरों के बुरे ग्रह की अवधि तक बाद के घरों के ग्रहों का असर नेक न होगा यही असूल खाना नः 8 के ग्रहों का नः 2 के ग्रहों के लिए होगा। मित्रता, शत्रुता करता है देखता है दृष्टि के वक्त कुंडली के खानों में 1, 2, 3 वगैरा की, तरतीब से पहले घरों का ग्रह अपने बाद के घरों से दोस्ती दुश्मनी करता कहलाता है। सिवाय खाना नः 8 के जो खाना नः 2 को (पीछे की तरफ) देखता है

उलझन के ग्रह

जिनकी यदाकदा ही आवश्यकता पड़ेगी या ऐसी ग्रह चाल जिसके देखे बगैर ही काम चल सकेगा। क्योंकि ऐसे टेवे वाले प्राणी पुरानी पीढ़ी दर पीढ़ी मंदी हालत में होते चले आने के कारण संसार में रह ही कहां सकते है। संसार में ऐसा प्राणी जो जन्म से या किसी एक विशेष दिन से वर्षों ही वर्षों निरन्तर मन्दा पे मन्दा जमाना देखता चला आवे वह कहां तक जमाने का मुकाबला करके अपनी जिंदगी कायम रखता चला आ रहा होगा।

उलझन के ग्रह

राशि ग्रह जड़ है

उलझन के ग्रह

ऋण पितृ के ग्रह

ऋण पितृ से तात्पर्य कुंडली वाले पर उसके अपने पूर्वजों के पाप का गुप्त प्रभाव होता है अथवा गुनाह कोई करे, मगर सजा उसकी कोई और भुगते मगर भुगतेगा उस गुनाह करने वाले का वास्तविक रिश्तेदार ही।

घर नौंवे हो ग्रह कोई बैठा, बुध बैठा जड़ साथी जो
ऋण पितृ उस घर से होगा, असर ग्रह सब निष्फल हो,

साथी ग्रह जब जड़ कोई काटे, दृष्टि मगर वो छुपता हो
5, 12, 2, 9 कोई मन्दे, ऋण पितृ बन जाता हो,
बुध की नाली की दृष्टि बवक्त ऋण पितृ
असर ग्रह घर तीसरा पहले, बुध नाली जब मिलता हो
बुध ग्रह घर दोनों रद्दी, शत्रु मित्र ख्वाह बैठा हो
हाल मन्दा न तीन का होगा, मिला असर ख्वाह तीसरे हो
बुध मिले खुद टेवे ऐसा, बदल असर सब देवे वो

जन्म कुंडली में जिस ग्रह की जड़ (उसकी अपनी राशि) में उसका दुश्मन ग्रह बैठकर उस का फल रद्दी कर रहा हो और साथ ही वो ग्रह खुद भी मन्दा हो रहा हो तो ऋण पितृ होगा जिसकी आम निशानी यह होगी कि बाप बेटे भाई वगैरा सबके सब या कई एक की जन्म कुंडलियों में मन्दा ग्रह एक ही या ऐसे किसी दूसरे घर में जहां कि वो ग्रह पूरा मन्दा गिना जा रहा हो प्रगट होता चला आ रहा होगा। मसलन राहू नः 11 शनि 4 या 6 या बुध 2 या तीन आठ/11, 12 उस खानदान में कई एक ही जनम कुंडलियों में ज़ाहिर या प्रगट होता चला आ रहा होगा। वास्तव में यह खाना नः 9 के ग्रहों से अभिप्राय होता है। यानि जब उस घर में या उस घर के स्वामी ग्रह यानि वृहस्पत के कि दूसरे घर में कोई और ग्रह एक या एक से ज्यादा बैठे हुए आपस में दुश्मनी पर होगा या वो आपस में या अलग अलग बृहस्पत की ताकत को खराब करते या बृहस्पत के असर में जहर मिलाते हो तो पितृ ऋण होगा। राहू को बृहस्पत के चुप कराने वाला गिना है वो अगर बृहस्पत का मुंह बन्द करके खुद मन्दी हालत का असर बृहस्पत के ताल्लुक से (यानि या तो वो बृहसपत के घरों में हो या बृहस्पत के पक्के घर में) देवे तो भी पितृ ऋण का योग होगा। इसी तरह और ग्रह भी यानि चन्द्र की खराबी से मातृ पक्ष के मातृ ऋण का वगैरा का बहाना हो सकते है। ऐसे शख्स के (कुंडली वाले के) अपने ग्रह ख्वाह लाख राजयोग वाले ही क्यों न हो बुरा असर दो ग्रहों का ही होगा। और उपाय भी दो ही ग्रहों का करना होगा। मान लें उदाहरणतः कुंडली वाले के बाप ने बिला वजह अकारण कुत्ते मारे या मरवाए तो कुंडली वाले पर बृहस्पत और केतु दो ही ग्रहों का पितृ ऋण होगा जो कुंडली वाले पर उसकी सोलह से चौबीस साल उम्र तक कुंडली वालो की बालिग होने की उम्र से 16-24 साल तक रह सकता है।

इसी तरह ही बाकी सब ग्रहों का उपाय होगा। यानि एक तो उस ग्रह का उपाय करेंगे जो खुद निकम्मा हो गया और दूसरे उस ग्रह का उपाय करेंगे जो उसके जड़ की राशि में बैठकर उसको निकम्मा कर रहा हो उदाहरणतः बृहस्पत नः 9 में बैठा राहू नः 2 या 11 में बैठ जाए तो एक उपाय तो नः 2 या 11 में राहू की मन्दी हालत के शमन करने को लिखा है वो करेंगे। और दूसरा उपाय वह होगा जो बृहस्पत नः 9 बरबाद होने के वक्त पर सहायक होगा लिखा है।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

उपाय अवधि के लिए ग्रह का उपाय के हाल में देखे, यानि 40/43 दिनों की यजाए 40/43 सप्ताह लगातार होगा। जय तमाम के तमाम खान्दान की भलाई के लिए करना हो। ध्यान रहे एक समय में दो उपाय चालू कर देने उचित न होंगे क्योंकि ऐसा करने से किसी भी उपाय का फल प्राप्त न होगा इसलिए पहले एक उपाय 40/43, दिन हफ्ते करें फिर कुछ दिन/हफ्ते खाली छोड़ दे फिर उसके बाद दूसरा उपाय 40/43 दिन हफ्ते लगातर करे।

2. राहू केतु की स्वयं अपनी मन्दी हालत या नीच हालत (राहू न: 12 केतु न: 6) या 2, 8 में कोई तमाम सहायक ग्रह न हो तो ऋण पितृ की हालत में सिर्फ दुनिया की माया पर बोझ (मन्दा असर होगा) बाकी किसी तरफ से भी मन्दा असर न होगा।

3. ऋण पितृ के वक्त स्वयं उस ग्रह का जो मन्दा हो गया हो और जिस ग्रह ने जड़ राशि से बर्बाद किया हो दोनों ही उपाय और दोनों ही की मीयद तक करना लाभदायक होगा।

क्रमांक	ग्रह का नाम	किस खाना में	कौन साथ दुश्मन ग्रह बैठा हो	ऋण की प्रकार	वजह पाप	साधारण चिन्ह और क्याफा के लिए
1.	बृहस्पत	2, 5, 9 12	शुक्र बुध राहू	ऋण पितृ	पूर्वजों का पाप, खान्दानी कुल पुरोहित बदला गया होगा या वजह लावल्दी खानदान नाराजगी	हम साया धर्ममन्दिर या बृहस्पत से सम्बन्धित वस्तुएं पीपल को तबाह बरबाद ही कर चुके या करते होगे।
2.	सूरज	5	शुक्र या पापी ग्रह	जाती ऋण	अन्त खराब, नास्तिक पन, पुराने रस्मों रिवाज बिल्कुल न मानना निन्दा भर्त्सना करना	उस घर में जमीन दोज अग्नि कुंड आम होंगे या आसमान की तरफ से रोशनी के रास्ते आम होंगे
3.	चन्द्र	4	केतु	मातृ ऋण	माता आदमी नीयत बद अपनी औलाद पैदा होने के बाद अपनी माता के दरबर अलहदा या दुखिया करना या इसका अपने आखरी दुखिया हो जाने पर ध्यान न देना	हम साया कुआं दरिया नदी नाला पूजने की बजाय घर का मंदा मादा बहाने का जरिया बनाया जा रहा होगा
4.	शुक्र	2, 7	सूरज राहू चन्द्र	स्त्री ऋण	कुटुम्बी पेटा मार स्त्री को प्रगृति के समय लालच वश जान से खत्म कर देना	उस घर में दांतो वाले जानवरों का पालन विशेषकर गाय को पालना या अपने घर में रखने से खानदानी नफरत का नियम चलता होगा।
5.	मंगल	1, 8	बुध केतु	रिश्तेदारी का ऋण	मित्र द्रोह जहर के वाक्यात करना पकी खेती को आग लगाना बच्चा आई भैस का मारना या मरवा देना	रिश्तेदारों के मिलने बरतने से नफरत बच्चों की पैदाय, दिन त्यौहार के समय खुशी मनाने से गुरेज
6.	बुध	3, 6	चन्द्र	बेटी बहन का ऋण	जवानी धोखा किसी की पुत्री और बहन की हत्या या हद से ज्यादा जुल्म करना।	मासूर, कम उम्र या गुमराह बच्चों का बेचना लड़की लड़के का लालच में तबादला को उचित समझना

Free by Astro Students

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

7.	शनि	10, 11	सूरज चन्द्र मंगल	जालिमाना ऋण	जीव हत्या, मकान शनि से सम्बन्धित वस्तुएं धोखा से ले लेना पर कीमत किसी तरह से अदा न करना।	घर के मकानों का बड़ा रास्ता साधारणतया दक्षिण में होगा या सन्तान विहीन लोगों से जगह लेकर मकान बनाया होगा या रास्ता या कुंआ छत कर महल बनाए होंगे
8.	राहू	12	सूरज शुक्र मंगल	अनजन्मे ऋण	ससुराल या आपसी पारस्परिक संसारिक रिश्तेदारों धोखा फरेब या दगा की घटनाएं ऐसे ढ़ग से किए हो कि उनका कुल ही गर्क हो जाए।	घर से बाहर निकले हुए दरवाजे की दहलीज के नीचे घर का गन्दा पानी बाहर निकालने के लिए नाली चलती होगी या दक्षिण की दीवार के साथ उजाड़ वीरान कब्रिस्तान या भड़भूजे की भट्ठी होगी
9.	केतु	6	चन्द्र मंगल	दरगाही ऋण कुदरती	कुत्ता, फकीर बदचलनी, बदनेकी मगर ऐसे ढ़ग से कि दूसरों की गरीब कुत्ते की तरह हद से ज्यादा दुर्दशा या तबाही हो जावे और ऐसी कारवाईयो में नीयत बद की बुनियाद हो	दूसरों की नर औलाद किसी न किसी गुप्त या गुमनाम बहाने से जाया करवाना कुत्तों को बिना वजह गोली से मरवाना या केतु से सम्बन्धित दूसरी वस्तुओं या रिश्तेदारों की लालच के कारण कुल नष्ट करना या करवा देना हर हालत में नीयत बद बुनियाद गिनते है।

Free by AstroStudents

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

पितृ ऋण की प्रथम अवस्था

(जब बुध जड़ में बैठा हो)

1. बृहस्पत हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 12
सूरज हो खाना नः 9 औक्र बुध हो खाना नः 5
चन्द्र हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 4
शुक्र हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 2, 7
मंगल हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 1, 8
शनि हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 10, 11
राहू हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 12
केतु हो खाना नः 9 और बुध हो खाना नः 6

द्वितीय अवस्था

क्रमांक		
1.	बृहस्पत खाना नः 2, 3, 5, 6, 9, 12 से बाहर कहीं भी हो	और नः 2 में शनि ग्रह के रूप में अथवा नः 5 में शुक्र अथवा नः 9 में बुध या नः 12 में राहू या नः 3, 6 बुध, शुक्र या शनि बाहैसियत पापी ग्रह
2.	सूरज खाना नः 1 और 11 बाहर हो	और नः 5 में शुक्र या पापी ग्रह
3.	चन्द्र खाना नः 4 से बाहर	और नः 4 में शुक्र बुध शनि हों तो पितृ ऋण की द्वितीय अवस्था होगी।
4.	शुक्र 1, 8 से बाहर	और 2, 7 में सूरज चन्द्र राहू में से कोई एक या अधिक
5.	मंगल खाना नः 7 से बाहर	और 1, 8 में बुध केतु
6.	बुध खाना नः 2, 12 से बाहर	और 3, 6 में चन्द्र
7.	शनि खाना नः 3, 4 से बाहर	और 10, 11 में सूरज चन्द्र मंगल
8.	राहू खाना नः 6 से बाहर	और खाना नः 12 सूरज शुक्र मंगल
9.	केतु खाना नः 2 से बाहर	और खाना नः 6 में चन्द्र मंगल

जन्म कुंडली के अनुसार ऊपर लिखित कुल दो अवस्थाओं में खाना नः 2, 5, 9, 12 की मन्दी हालत की उम्र साथ हो तो ऋण पितृ होगा अन्यथा कोई या किसी भी किस्म का ऋण पितृ या मातृ या कोई और ऋण न होगा। ध्यान रहे कि ऋण पितृ हमेशा जन्म कुंडली से देखा जाएगा वर्षफल वाली कुंडली का इसके कोई सम्बन्ध होगा।

ऋण का अर्थ है कर्जा पितृ का अर्थ है बुजुर्गों से सम्बन्धित या ऐसा पाप किया था बुजुर्गों ने पर उसका ब्याज भरना पड़ा मौजूदा पुश्तों को ग्रह से सम्बन्धित आशिया या रिश्तेदारों या कारोबार का उस हद तक नुकसान कर देना कि मुतअल्लिक का ढेरा ही गर्क हो जाने की नौबत आ जावे। ऐसे वक्त के दुखिया के दिल का धुआं पितृ ऋण के बहाना होगा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

पितृ ऋण के बुरे ग्रहों का प्रभाव वा उपाय

1. बृहस्पत:-

जब बाल स्याद से सफेद होने लगे। किस्मत बदलती नजर आएगी सोना पीतल हो जाएगा। इज्जत अकारन अपमान का बहाना होगी। जो कार्य स्वतः हो रहे थे अब जान तोड़ जोर लगाने पर भी नेक फल न देंगे। दुःख की अवस्था होगी।

कुल खानदान के हर एक मैम्बर जहां तक कि खून का असर हो हर एक से एक-एक पैसा वसूल करके धर्म मन्दिर में एक ही दिन देना या उनके खानदानी घर से बाहर निकलने के दरवाजे पर अटक जाए मुंह बाहर को पीठ मकान के अन्दर को है अब जिधर नजर जा रही है या जिधर गया हाथ है इन दोनों तरफों में सोलह कदम के अन्दर पृथक्ता को दस्तूर धर्म मन्दिर या पीपल का दरख्त मौजूद होगा उसकी पालना

2. सूरज:-

जो भी जवान हुआ या जवानी ने सर उठाया उसका जिस्म सर और पांव राजदरबारी हवाओं के मन्दे झोंकों से तंग आने लगे चढ़ती जवानी में दुःख और गरीबी आकर मिलने लगे बचपन की उम्मीदें खत्म हो जाए। मुकद्दमा किसी का कर्जा किसी का डिग्री किसी और के नाम मगर वसूली डंडे के साथ इस प्राणी से होने की नौबत आ जाए किसी ने न देखा कि दरअसल कसूर किस का है राव को यही मालूम होता गया कि उसके बाजू में जो दर्द हो रहा है वो उसके जिगर की खराबी का बहाना है इसलिए दिल और जिगर का आप्रेशन होना चाहिए या आंखें तकलीफ में हो मगर राजदरबारी डा० ने अपनी दलील बाजी को हर तरह से साबित करते हुए उस प्राणी के सभी दांत निकलवा कर कर्जे का हलवा खाने के लिए मजबूर कर लिया गर्ज कि हियाकत और दिल की तमनाओं की आहें उठती जवानी से बुढ़ापे के शुरु उसकी आधाएं (38 साल की उम्र तक) जिस्म के अन्दर दबी हुई या कफन में लिपट कर रह जाती है। और ज्यूं अंग कमजोर होते है सिर हिलने लगता है शान्ति की कुछ ठंडी हवा के झोंके आने लगते है और वो भी वक्त जब कोई बच्चा या पोता 11 महीने या 11 साल की आयु पर आ पहुंचता है

कुल खानदान के हर एक मैम्बर जहां तक की खून का असर हो उन सबका बराबर और मुशतरका हिस्सा लेकर यज्ञ करना।

चन्द्र:-

जब भी ऐसा प्राणी तालीम से ताल्लुक करे या दूध के जानवर उसे से सम्बन्धित हो जावे या ऐसी कीमती दूध पिलाने लगे (बच्चे वाली होकर) चांदी का पैसा, घड़े का पानी दिल की शान्ति रात का आराम, आमदन का फौव्वारा, घर का दूध, दुनियावी यार दोस्तों या सम्बन्धियों की गैबी मदद रेशम के सफेद रंग की बजाए दीवारों पर रंग बदलने के लिए मिट्टी की गंदगी में तब्दील होने लगे। हर चन्द कोशिश जिस किसी ने भी हिम्मत की, तालीम का जवाब निकम्मा ही रहा रुपया जमा किया तो वह किसी मुर्दे के कफनों, रिश्तेदारों की बिमारियों, या दूसरे नाहक जजिये व जुर्मानों में ही खर्च होता देखा गया और कभी ऐसा वक्त न पाया गया जब दिल ने स्वयं खुश होकर पीने के लिए दूध मांगा हो या किसी दूसरे साथी को बगैर मांग बिला मतलब खुद-बखुद अपनी खुशी से दूध पिलाया अगर कहीं हुआ होगा तो दूसरे की पगड़ी या दोस्त के जूते का मुफ्त उड़ाने की ख्वाहिश ही पैदा हुई होगी।

कुल खानदान हर एक मैम्बर जहां तक कि खून का असर हो उन सब से बराबर हिस्सा की चांदी लेकर दरिया में एक ही दिन बहा दी जाए।

शुक्र:-

शादी हुई या होने के लिए बाजे बजने लगे जिस्म को धोया, बनाया जिल्द चमकने लगी खूबसूरती ने साथ दिया औरत या खविन्द बन बैठे मगर वसल की रात शादी का फल (औलाद नरीना और दुनियावी जाहिरदारी का नतीजा कभी भला न पाया गया) कहीं जिल्द में कोढ़, फुलबहरी वगैरा खुशी के वक्त मातम का साथ यानि इधर शादी हो रही हो उधर उसी वक्त ही या उसके लगभग उन्हीं का कोई मुर्दा जल रहा या जलाने के लिए तैयार होगा। अगर कोई फसल होती होगी तो किसी न किसी का कफन खरीदा गया होगा। बहरहाल खुशी के फल में गमी का कबीज मिल रहा होगा मगर पता न चला कि शादी शुदा औरत मर्द में असल भाग्यवान कौन था जिसके ऐसे शुभ कान होते ही घर में बन्दर केला (एक खेल) आजमा और जमी हुई मिट्टी उड़कर सिर पर पड़ने लगी, और गौ और माता दोनों ही रात को बिलकने लगी एक चूड़ी टूटी दूसरी को तोड़ने की कोशिश की गई या कई एक थमते-थमते ही खुद-बखुद टूट गई मगर भेद न खुला कि वह मर्द था या औरत जिसके खूबसूरती को देखते ही हर एक ने ऐसे आंसू बहाए जो जाहिर न हुए कि वह बेहद खुशी के थे या मातम में जले हुए दिल की भाप का पानी जो दिल से उछल कर बाहर कतरे-कतरे होकर बहने लगा।

सौ गऊओं को जो कि अंग हीन न हो कुल खानदान के बराबर 2 मुशतरका खर्च पर एक ही दिन में लजीज भोजन वगैरा खिलाया जाए।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

मंगल:-

जिस्म में खून पैदा हुआ। मुंह पर मूंछे निकलने लगी या मशवारी आराम (नेक) शुरू हुआ बच्चा बनाने की धुन (लगन या मुहब्बत) पैदा हुई हर नये काम जिसमें भी हाथ डाला का नतीजा स्वयं नेक होता हुआ मालूम होने लगा जो कभी भी जानता था। लोगों दूर से ऐसे प्राणी को शौक से मिलने मिलाने का ख्वाहिश मन्द हुआ। दुश्मन झिझकने और दोस्त आशा रखने लगा जो भी दातों में आता रगड़ता ही चक्की में अनाज के साथ घुन की तरह पिसता चला गया। जंगी राज सभा यार दोस्त, स्त्री दरबार या माता के परिवार गर्ज कि हर जगह उसकी तलवार का डंका बजने लगा मगर अचानक दम के दम में क्या हुआ कि गुमनाम आग भड़क उठी छत पर पहुंचने से अभी थोड़ा ही नीचा था कि कमन्द टूट गई। छाती की हड्डियां आ टूटी, खून गर्दिश में हुआ किसी यार दोस्त मदद न की और किसी की दवी के इन्तजाम में ही उसका खून बहा दिया गया। रहम ने साथ छोड़ा। मुनाफे ने नजर फेरी। और जिन्दा ही कब्र में गाड़ दिया गया वह अपने धर्मस्थान पर चलता रहा हर एक पर भरोसा रखा मगर जाहिरदारी दुनियावी खाड़ ने शीशा के बारीक टुकड़ों के रेत का सबूत दिया। एक नहीं जो भी खानदान में होनहार सबसे अच्छा उम्दा हैसियत का फल या एक फायदामद प्राणी साबित होता हुआ मालूम होने लगा अचानक मौत का शिकार या किसी न किसी और वजह से नाहक बर्बाद या तबाह देखा गया उम्र का आम अरसा 28 साला उम्र और 36 के मध्य का अरसा किसी जालिम चक्की के चलने का जमाना पाया गया। मगर किसी हकीम या डाक्टर ने यह जांच ना की उसके खून में इस कदर ताकत और अच्छी हालत होते हुए उसमें अचानक और दम-दम में जहर आ बनने की वजह क्या थी? एक नहीं दो नहीं वाकात तो बहुत हुए मगर तमाम हमदर्दों ने सिर्फ अफसोस के आंसू बहाए मगर बेमौका जालिम तलवार के चलाने वालों का सुराग न पाया गया। मुंह पर मुंछे क्या निकली मौत की आमद की किस्में साबित होने लगी।

बाहर से गांव में दाखिल होने पर दरम्यानी दुकान के मालिक जो शनिच्चर के कारोबार से वाबस्ता मसलन कोई कारीगर पेशा, पेशावर हकीम हाजिक या नलबन्द वगैरा हो तमाम खानदान के ताल्लुकदारों से एक-एक पैसा इकट्ठा करके ऊपर जिक्र शुदा शनि के कारोबार करने वाले शख्स को उस काम को कुछ हिस्सा मुफ्त करने के लिए दे या ऐसे शख्स की निशानी गांव में पूर्व तरफ से दाखिल हुए एक चौक आया पीठ अभी गांव से बाहर को ही हो और मुंह गांव में अन्दर की तरफ को ऐसी हालत में चौक में ठहर गये, सामने ऐसे शख्स की दुकान होगी दाएं हाथ की तरफ उस चौक से रास्ता जा रहा है। और दुकान का एक दरवाजा भी उसी हाथ पर है बाएं हाथ की तरफ जो दुकाने है उनका मालिक उन्हें बेच गया। जिस ने उन दुकानों में कारोबार किया वह बरबाद हो गया ऐसे शख्स के अव्वल नर औलाद हुई ही न होगी और अगर हो गई तो वह बेचारा ऐसी औलाद का जमाना न देख सका और अगर कारकजा लड़के के जवान हो भी गए तो वह बच्चे उस शख्स की अमूमन दुश्मनी ही करते रहे वजह सिर्फ यह हुई कि वह शख्स शनि न: 4 का मारा हुआ था। यानि हकीम के होते हुए सांप का तेल बेचता रहा कारीगर हो कर धोखा देही से पक्के की जगह कच्चा सामान देता गया या दूसरों की शनि की मुतल्लका अशिया ऐसा धोखा से बरबाद करता गया जिससे सिर्फ गैबी ताकत का मालिक ही पहचान सका।

बुध:-

लड़की पैदा हुई बहन का साथी भाई आ पहुंचा दोनों मिलकर बैठने लगे हा हा हू हा हू ता होने लगी। दोनों की चक्की चलने की आवाज आ निकली कि कोई लटक गया। कपड़ा आ फंसा, चक्की को हल्का करो। किसी समझदार को आवाज दो जो कुछ आराम करे। जल्दी करो वह पिसता चला जा रहा है चक्की ताकत हटाने पर और भी उल्टी तेज हुई जा रही है। आन्त मारी गई दाएं कि उस साथ वाले पर लाग गया। जबान का जरा सा एक लफ्ज। तलवार से ज्यादा नुकसान कर बैठा। लड़का पैदा हुआ घर वालों ने शुक्र मनाया। पर बाप को पता नहीं क्या आ चिन्ता कि उसका धन दौलत सब रेत आ हुआ। नाड़े खिंचने लगी दांत हिलने लगे और ऐन जवानी के पूरे जोर पर चक्की की मरकजी की लौ निकल बैठी पिता की उम्र की हुई या माता अपनी हीजान से हाथ धो बैठी या उस खानदान में जब तक कोई बाप (बेटे) का न बना या माता न हुई खुशहाल और तन्दरुस्त रहे मगर ज्योंहि कि नुरेवंश खानदान के चिराग लड़के पैदा हुए वह प्राणी जो अब बाप बना अपने ही दिल अपनी हालत को देखकर रात के वक्त आंसू बहा कर सोने लगा। मगर वरतन में उस गुमनाम गुनाह का भेद छुपा ही चला गया अगर कोई माता बनने पर जिन्दा रही तो वह आखिर बुढ़ापे तक अपनी मन्दी हालत को देखकर हर रात सिसकती सिसकती और रोती ही देखी गई और जो बाप बना था वह हर चन्द अपने खर्चे और कारोबार को थमथमा कर चलता चलाता गया। मगर न पहचान सका कि उसकी जानी और जद्दी जायदाद को बरबाद करने वाला कीड़ा किस जगह लगा हुआ है। और उसकी खुशी के बाजे से मातम की आवाज क्यों आ रही है। साल भर अगर कड़ी मेहनत से दो पैसे जमा कर ही लिए तो आखिर पर नया साल शुरू होने से पहले-पहले दो आने का खर्च यानि डेढ़ आना मन्दी का जवाब ही मिल रहा मगर वक्त सिर्फ यही रही कि अगर रुपया ने हार दी तो जानों ने साथ नहीं छोड़ा। लेकिन इस नमक हराम लौंडी (बुध) ने कई खानदानों को तो ऐसा तबाह करके छोड़ा उनके नाम लेवा तो यकतरफ रहे बल्कि अपने शरीक भाईचारा अमदन के मददगार खानदानी पलने वाले बुजुर्ग, माता खानदान के रिश्तेदार या आईन्दा आने वाले मासूम बच्चे दोनों हाथों से सिर पीटते बल्कि यह देखा तो सब के सब बेहरवार गुमनाम गढ़ों में गिरकर दम कि दम में खाक होते देखे गए सिर्फ वही भला मालूम हुआ जिसको जुबान न थी या जो अपनी तकलीफ को जाहिर न कर सका जहां कुछ भी न था उस कुड़ी का फंदा मौजूद था मगर उस फंदा लगाने वाले शिकारी का साया किसी को मालूम न हुआ दान आए चले गये, सरगर्म खत्म हो गए या फिर फूंक मार दर बदर हुए या चले गए मगर उस छुपे लड़की के भेद में दूर जोर से लड़ाई के चक्कर का राज खुलने न पाया उम्र 34 से 48 हुई या बोलना सीखने के वक्त से दांत निकल जाने तक तमाम जिस्म की नाड़ी ने कोशिश करके देखा कि भेद क्या है तो यही मालूम हुआ कि

हजारों भटकते है लाखों दाना करोड़ो सयाने
जो खूब करके देखा-आखिर खुदा की बातें खुदा ही जाने।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

जिसने कुछ काम न किया नाम बदनाम हुआ लेकिन जिसने कुछ काम किया गुमनाम हुआ मगर दोनों के दायरे की हद बन्दी का निशान कोई मुकर्रर न हुआ।

कुल खानदान के हर एक मेम्बर जहां तक कि खून का असर पीली कौड़ी एक-एक लेकर एक ही जगह इकट्ठी करके जलाकर उसकी राख को उसी दिन दरिया में बहा दे।

शनि:-

नींद से उठे आंखे खोली तो मकान के दरवाजे पर दस्तक की आवाज आई कि वह किधर गये जो कि शाम को मशीनों का सौदा कर रहे थे कुछ ब्याना भी दे गये थे कारखाना की दीवारों तक का खर्चा पेशगी जमा करवा गए मगर बात अभी तय न होने पाई थी कि उनकी आंखों में अचानक मिट्टी का कण उछलकर पड़ गया सर दर्द शुरु हुई और सब कहानी जहां की तहां रह गई सब इन्तजार में है बारिश जोर कर रही है। सामान मकान बर्बाद हो रहा है चलिए पता करिये, कि वह साहब कहां है इतने में भागती हुई लौंडिया आई कि मकान के उस कोने में जहां के तेल नारियल लकड़ी का बारदना (गोदम) जमा था आग से खाक हो गया। आग के बुझाने वाले नल की चाबी का जिम्मेदार चौकीदार कहीं बाहर गया हुआ है इस नागहानी आग में एक दो रिश्तेदार भी टांगों से जख्मी हो गए है। और उनको अस्पताल पहुंचाने का इन्तजाम नजर नहीं आता यह तकरार हो ही रही थी कि कोने से एक सांप सरकता हुआ नजर आया सबका दम खिंचने लगा। और यह सब राम कहानी ख्वाबी हुआ मालूम होने लगी बारिश के जोर से बगैर छत की खड़ी हुई दीवारें खटाखट गिरने लगी और नींद से उठते ही यह नजारा दरपेश हुआ ससुराल और बच्चों की दरसगाहों (स्कूल) से पैगाम आए कि पुलिस और मुकामी अफसरों और महकमा तालीम की जिम्मेदार हस्तियों से नाहक झगड़े फसाद खड़े हो गए। लड़का निहायत लायक अगर मकानों, इंजिनों, पहाड़ों खानों और डाक्टरी के इल्म से पूरा वाकिफ था मगर वजह न मालूम हुई कि मुकाबले पर परीक्षक ने क्यों सिफर नम्बर देकर निकाल दिया। लड़का जिस कदर समझदार होशियार या बाजार में उसी कदर ही बेकद्री पाई गई। मकान देखने में आलीशान और भारी लागतें खर्च कर के बनाए गये मगर ज्यों ही उनमें रहने का मौका आया किसी ने उन में आराम ने पाया अगर कोई बना बनाया ही मकान खरीदा गया तो उसकी सीढ़ियां दरम्यान से टूटी हुई या तोड़ कर दोबारा ही बनती रही बल्कि कई दफा तो मालिक ने (जिसने मकान बनवाया) इस नये मकान में एक रात भी सोकर न देखा। अगर कहीं भूलकर सो ही गया तो सुबह दो बार उठता जागता न देखा गया कोशिश तो बहुत की मगर पता न लगा कि उस खानदान में मकानों या उनके सामानों का आराम क्यों नहीं मिलता और वहां सांपों हथ्यारों या नाहक जहर के वाकातों से खानदान क्यों घटता-कटता गया।

सौ मुख्तलिफ जगह की मछलियों को एक ही दिन में कुल खानदान के बराबर और मुश्तरका खर्चा से खाना बोग देवे। 100 मजदूरों को सभी खानदान वाले पैसा इकट्ठा कर के खाना खिलाए।

Free by Astrostudents

राहू :-

शाम हुई नींद का दौरा जारी हुआ कुछ-कुछ ख्वाब की लहरें आने लगीं। हर तरह का आराम और दुश्मनों से बचने का साया न मुहैय्या हो चुका कि अचानक बिजली की लहर फट निकली (लीक कर गई) सजा सजाया मकान जल उठा ख्वाब भूला नींद उचट गई और जान के लाले पड़ गए देर नहीं गुजरी कि करोड़ों आंखों के मालिक नीलम के व्यापारी दम के दम में खाक हो गये। सोना गुम हुआ जगह-जगह चोरी। राहजनी गबन धोखा दे ही और फरेब के वाकानसे धन हानि होने लगी जो भी कोई ससुराल का ताल्लुकदार हुआ या 16 से 21 साला उम्र में पहुंचा सर से जख्मी ख्यालात का गंदा और जिस्म में बेढ़ब बेढ़ौल बीमारियों से मारा हुआ नौजवानी के बजाय बचपन में ही बूढ़ा, खोखला निकम्मा साबित होने लगा।

जिस अक्ल से काम करता गया उसी कदर ही बेकार निर्धन और परेशान पाया गया शाम को सोया प्रातः में सोया, अकेले पन में सोया मगर पता न चला कि सोना खालिस जंग लगा पीतल पीला झिलमिल रंग से क्यों नीला बनता गया। खानदानी मेम्बर नौजवान लड़के देखने में सुन्दर लम्बे कद्दावर मगर सांस में क्यों रुकने लगे दमा, मिरगी, काली खांसी तथा सांस की तकलीफ, बेगुनाह जेलखाने, बेमौका और अचानक मौतों की संख्या बढ़ने लगी, जहां तक भी इस खानदान के खून का असर पहुंचा काली मिट्टी की आंधी का जोर और जमाने का तकरार बढ़ता गया चाहे स्वयं कितने ही शरीफ, गरीब तबीयत के डर के चलने वाले हुए जज ने मुकद्दमे के फैसले पर कुछ न कुछ जुर्माना डाल दिया। कसूर चाहे था या न था बताया न गया कि क्या था। जो किया सब कुछ उल्ट-पल्ट होता गया जमीन की तह से छत तक नजर दौड़ाई, नीले समुन्द्र और आसमान तक छानबीन कर ली, सुबह से पक्की शाम तक भली-भांति देखा कि क्या मगर जवाब यही रहा कि यह सिर्फ वहम है फर्जी ख्याल है या किसी हद तक दीवानगी का पैमाना है जो यह गुमनाम गजारें आफतें और दिल-दर्दी की बुनियादें खड़ी कर रहा है।

कुल खानदान एक एक नारियल लेकर एक जगह ही इकट्ठे करके एक ही दिन में दरिया में बहा दें।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

केतु:-

बच्चे खेल रहे थे इधर-उधर भागने लगे और कुत्तों के बच्चे भी साथ-साथ शामिल होकर अचानक कोई मुसाफिर आया उसका पांव फिसला कुत्ते के मुंह पर लगा वह अपनी जान बचाने के लिए मासूम बच्चों पर झपटा जो डर कर भागता हुआ सड़क पर मोटर के नीचे आ गया। माता ने जो छोटे बच्चे को दो मंजिले मकान पर नहला रही थी घटना को देखकर उस बच्चे को वहीं छोड़कर नीचे का रुख किया मर गये हुये बच्चे का भाई तीसरी मंजिल की छत पर धूप सेक रहा था। शोर शराबे से नीचे की देखने पर वह जमीन पर आ गिरा माता का छोड़ा हुआ बच्चा पानी के बर्तन में लेटकर डूब गया। छत से गिरा हुआ लड़का गिरते ही दम तोड़ गया। और मोटर की घिरी हुई माता मोटर के नीचे आई हुई लाश और छत से गिर कर मरे हुए होनहार को जब उठा कर ऊपर पहुंची तो देखा कि सबसे छोटा भाई अपनी नींद से करवट लम्बी कर चुका है अर्थात् माता की टांगे फैल गई किसी का सलाह मशविरा काम नहीं देता। कान आवाज नहीं सुनते और उस बेचारी की रीढ़ की हड्डी बगैर किसी के मारे स्वयं टूट रही है अभी तीन थे अभी एक भी नहीं रहा। किस को कहे किसने मार दिया और क्यों और कब मार दिए। खान्दान में किसी के दो पर औलाद हुई ही नहीं किसी के होकर मर गई और किसी की जब चलने फिरने के वक्त पर पहुंची तो नकारा होती गई। अगर फिर भी किसी ने जवानी देखी तो कानों से बहरा पेशाब की बीमारियों से दुखिया, अधरंग फालिज का मरीज ही होता गया। अगर अपना खान्दान बचा तो ससुराल खान्दान की मिट्टी उड़ गई अगर घर में दो पैसे जमा किए तो मुसाफिरी में हजारों का नुकसान जा देखा। अव्वल तो कोई नेक सलाह का मिलता ही न था लेकिन अगर किसी पे ऐतबार किया तो उस ने गुमराह करके कोई न कोई नुकसान ही खड़ा कर दिखाया। मगर इस अचानक धोखे, जंजाल और दुनिया की दो रंगी के मन्दे नतीजे या हर दो रंग में मंदगी ही के फल की बुनियाद का सुराग न चला।

सौ कुत्तों को एक ही दिन में कुल खान्दान के बराबर और मुश्तरका खर्च से लजीज खाना वगैरा दे या उनके खानदानी घर में अन्दर दाखिल होने के लिए बाहर दरवाजे पर ठहर गये पीठ बाहर को है और मुंह उस मकान को देख रहा उनके घर के साथ लगते हुए बायें हाथ के मकान में एक बेवा होगी जो अपनी छोटी उम्र से ही दुखिया हो चुकी होगी उस का आशीर्वाद लिया।

ऋण पितृ का उपाय निम्न निर्देशानुसार करें ....

ऐसे उपाय के वक्त समस्त खानदान, या जहां कहां भी उनके खून का कोई रिश्तेदार यानि लड़की पोती बहू बहन दोहता पोता बाबा पड़दादा गर्ज कि जहां तक खून का ताल्लुक हुआ या हो रहा हो सबके सब को इसमें हिस्सा डालना सहायक बल्कि जरूरी होगा। (औरत के माता पिता) टेवे वाले के ससुर की तरफ से रिश्तेदारों के लिए पितृ ऋण के उपाय में बतौर जिम्मादार शामिल होने की कोई शर्त नहीं। मगर टेवे वाले की लड़की बहन बहू या उनकी औलाद (ख्वाह नर हो मादा, दोहता दोहती भांजा भांजी वगैरा का) बतौर हिस्सा शामिल होना या करना उचित बल्कि जरूरी माना है। अगर किसी वजह से ऐसा न हो सके तो कोई वहम की बात न ही बेहतर तो यही होगा कि इन सबको शामिल कर लिया जाए अगर कोई रिश्तेदार नास्तिकता या जाती नाराजगी की वजह से शामिल न हो या न हो सके तो उसको यह अर्ज कर देना जरूरी होगा कि ऐसे पितृ ऋण का गन्दा बोझ से बाहर रह जाने वाले प्राणी के खान्दान या जिस्म पर चलता रहेगा।

ऐसा उपाय करने वाले का फर्ज होगा कि शामिल न होने वाले प्राणियों के लिए भी स्वयं अपनी मर्जी और हिम्मत से ऐसे गुमराहों का हिस्सा उपाय में शामिल कर लेवे। मगर उनका हिस्सा आम हिस्सा से दस गुना किया जाएगा।

महादशा के ग्रह

मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की और डरते-डरते आखिर
एक दिन मौत का ख्वाब अजल का फरिश्ता ही बन बैठा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

[1]

खास ग्रह ववक्त महादशा

मंगल देखता चौथे को, गुरु देखे 5 नौवें घर
शनि देखे घर दस तीजे का, दृष्टि होवे कुल पूर्ण घर
एक अकेला या मुश्तरका, बन्द मुट्ठी के खानों में
नौ ही ग्रह घर 6 वें बैठे, देखा करे उन तरफों में

[1] किसी ग्रह का लगातार ही मन्दी हालात का जमाना महादशा का अरसा होगा। और उम्र के एक 35 साला चक्र में सिर्फ एक ग्रह ही महादशा में हो सकता है। और एक किस्मत के ताल्लुक में 'ग्रहण' या इन्सान की तमाम उम्र में ऐसा जमाना ज्यादा से ज्यादा 39 साल हो सकता है एक महादशा के बाद अगर फौरन दूसरी महादशा शुरू हो जावे तो दोनों महादशा के दरम्यान का अरसा (एक का खत्म और दूसरे का शुरू) महादशा के मन्दे असर का न होगा।

1. जहां कहीं भी बैठे हो उस बैठा होने वाले घर को 1 नः यानि पहला घर गिनकर चौथा या आंठवा वगैरा महादशा के वक्त ग्रहों की अवधि निम्नलिखित होगी। बृहस्पत 16, सूरज 6, चन्द्र 10, शुक्र 18, 20, मंगल-7, बुध-17, शनिच्चर-19, राहू-18, केतु-7, कुल = 120
2. (I) किस्मत का ग्रह (II) राशिफल का ग्रह (III) ऊंच या कायम और नेक ग्रह कभी महादशा में न होगा।
3. जब मन्द मुट्ठी के खानों (1, 7, 4, 10) में कोई भी ग्रह बैठा हो और साथ ही मुट्ठी के बाहर के घरों में कोई ऊंच ग्रह हो यानि नः 9 में चन्द्र नः 3 में राहू नः 6 में बुध राहू नः 9 में केतु नः 12 में शुक्र या केतु बैठा या नः 4 या खुद चन्द्र अच्छे हो तो महादशा हरगिज न होगी।
4. महादशा के वक्त "धोके का ग्रह तबदीली हालात पैदा करेगा" हर सातवें साल बजरिए राहू और आठवें साल बजरिए ग्रह नः 8
5. महादशा में हो चुके ग्रह का दूसरों पर कोई बुरा असर न होगा।
6. महादशा के वक्त हर ग्रह का जो महादशा में हो गया हो निम्नलिखित सालों में अपना जाती असर वर्षफल के अनुसार बहाल होगा।

बृहस्पतः- दसवे या दसवां साल बृहस्पत की ग्रह पदवी और रियायती साल के इलावा होगा
सूरजः- विषम (ताक) उम्र के वो साल जो 2 के अंक पर विभक्त न होवें, 1, 3, 5 वगैरा।
चन्द्रः- सम 2, 4, 6, 8 उम्र के वह साल जो 2 के अंक पर विभक्त हो जावें।
शुक्रः- 11 वे ⎫ इस ग्रह के आम दौरा के तीन साला अरसा का पहला साल शुक्र में
मंगलः- चौथे ⎭ मंगल के मंगल का असर प्रबल होने का होता है।
बुधः- पांचवे
शनिः- 6वे
राहूः- 7वे
केतुः- तीसरे

Free by Astrostudents

बृहस्पत की आम मियाद 16 साल हुआ करती है मगर वृहस्पत की हालत में महादशा नौवे से शुरू होगी और यह ग्रह अपनी महादशा के वक्त का पहला दूसरा आठवां दसवां और चौदहवां जाती असर का रख लेगा। और गुरु होने की हैसियत से अपनी उम्र के आधे अरसा यानि 8 साल तक कभी बुरा असर न देगा। और महादशा नौवे साल से ही शुरू होगी। टेवे वाले का महादशा का हाल और उसकी औरत का हाल चन्द्र कुंडली से देखा जाएगा। जिसके लिए वर्षफल भी उसी कुंडली से बनायेंगे।

चन्द्र कुंडलीः-

जिस घर में ज्योतिष वालों ने लफ्ज़ चन्द्र का ग्रह लिखा हो उस घर को जन्म लग्न वाली का नम्बर लगाकर तमाम खानों में 12 अंक पूरे कर देंगे। इस तरह से जहां भी एक का अंक आवे वह घर सामुद्रिक में पहला खाना होगा। चन्द्र कुंडली के देखने के लिए जब सामुद्रिक के हिसाब से एक कुंडली तो जन्म कुंडली नः 4 वाली दोनों का फर्क यह होगा कि जनम लग्न में चन्द्र का ग्रह खाना नः 10 आ गया और चन्द्र कुंडली में वही चन्द्र खाना नः 10 में हो गया। चूंकि जन्म राशि दोनों हालतों में सिंह राशि नः 5 फर्ज़कर लिया था। अब दोनों कुंडलियों का जुदा-जुदा हाल

(1) जन्म कुण्डली



(2) चन्द्र। कुण्डली

(3)

(4)

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

ल किताब के हिसाब से जुदा-जुदा देखा गया। फर्क हालात में यह होगा कि चन्द्र कुंडली का असर अचानक और सहवन और भूल भुलाए भी-कभी जाहिर होगा और वह भी महादशा के खाली रखे हुए सालों मे और धोके ग्रह के सालों में जो होगा पक्का भेद जिसे राशिफल कहकर ... का फायदा उठा लेगें। (राशि फल वह ग्रह फल का फर्क वगैरा जद्दो जगह लिखा गया है)

दाहश 2 चैत सम्वत 1992 शनिच्चर वार व मुकाम लाहौर छावनी खास 6 बजे सुबह मुताबिक 19. 3. 36 हो तो उस दिन होगा कुंडलिया नीचे दें।

अब लाल किताब के लिए पैदाइश के दिन वाली चन्द्र कुंडली में चन्द्र को जन्म लग्न की राशि यानि हिस्सा न: 11 दिया है तो यही चन्द्र कुंडली आम हालत के लिए हस्बेजैल (नीचे लिखा) होगी या अंक न: 1 को अपनी उपर की जगह किया तो लाल किताब के मुतालबिक लाल किताब की चन्द्र कुंडली होगी, वास्ते महादशा।

य किसी ग्रह के बराबर के ग्रह नीच और रद्दी हो मगर खुद वह नीच और रद्दी न हो तो ऐसा ग्रह तख्त पर आने के बाद (वर्षफल के अनुसार) जिस महीने खुद ही नीच और रद्दी हो जावे उस दिन महादशा में हो गया माना जाएगा।

लेकिन जब वह ग्रह स्वयं भी नीच और रद्दी होवे और उसके बराबर के ग्रह नीच और रद्दी हों तो तख्त पर आने के दिन (वर्षफल के अनुसार) या जन्म दिन जब जन्म कुंडली के अनुसान जब सब तरफ रद्दी हालत हो से ही महादशा में हो गया होगा। महादशा के वक्त दोस्त ग्रहों की कोई मदद न होगी। मगर दुश्मन ग्रह जख्म पर नमक छिड़कने.. की तरह मन्दा असर देते होंगे।

महादशा के साल	महादशा के सालों में कितने साल मंदे होंगे।	ग्रह खाना न:	वीरवार के ग्रह किन ग्रहों में बैठे हों।	जन्म कुंडली में ही से ग्रह चाल हो तो आयु का साल मंदा होगा।	जिस साल वर्षफल के हिसाब खाना ए.बी.सी.डी.ई. की ग्रह चाल कायम हो जाते उस साल को पहला साल गिनें फिर उससे आगे महादशा का साल होगा।
बृ. 16	16 में से 3 मन्दे	बृ. 10	रा. 9-12 शु. 1 के. 3-6	20-21-22	11-12-13
सूर्य 6	6 में से 1 मंदा	सूर्य 7	बु. 12	12	महादशा का 6वां साल
च. 10	10 में से 1 मंदा	च. 8	शु. 6 श. 1 मं 4 बृ. 10	17	महादशा का 10 वां साल
शु. 20	20 में से 8 मंदा	शु. 6	म. 4 बृ. 10	9-11-12-13 17-18-21-25-27	1-3-4-5-9-10 12-17-19
म. 7	7 में से 4 मंदा	म. 4	शु. 6 श. 1 रा. 9-12	4-5-6-9	1-2-3-6
बु. 17	17 में से 7 मंदा	बु. 12	श. 1 के. 3, 6 म. 4 बृ. 10	11-14-15-17 22-24-20	1-3-4-6-11 13-17
श. 19	19 में से 4 मंदा	श. 1	के. 3-6 बृ. 10	1-2-11-13	1-2-11-13
रा. 18	18 में से 11 मंदा	रा. 9	बृ. 10 च. 8	6-8-9-10-14 से 18-20-22	1-3-4-5-9-10 से 13-15-17
के. 7	7 में से 4 मंदा	के. 3	बृ. 10 श. 1 बु. 12 सू. 7	3-4-6 1-1-13	1-3-5-6-9-11-12-13=15-17-18
1 20		A B	C	D	E

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

किस ग्रह के चाल के वक्त महादशा होगी। किस खाना नः में कौन कौन ग्रह महादशा में हो जाने वाले ग्रह के बराबर का मगर नीच हालत में बैठा हो बराबर के ग्रह

किस ग्रह की महादशा होगी	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
बृ.	श.		के.			कं.			रा.	बृ.		रा.
सू.							रा.					बु.
च.	श.			मं.		शु		च.		बृ.		
शु				म		शु				बृ.		
म.	श.			म		शु			रा.			रा.
बु.	श.		के.	म.		केतु				बृ.		बु.
श.	श.		के.			केतु				बृ.		
रा								च.	रा.	बृ.		रा.
के.	शुर		के.			के.	सूर्य			बृह		बु.

दी गई ग्रह चाल के वक्त अगर उसी वक्त ही।

खाना ग्रह बैठा हो

2 च.
3 रा.
6 बु रा.
9 के.
12 के. शु

या खाना नः 4 के० ग्रह अच्छे या खुद ह किसी भी घर में अ प्रभाद का हो तो महादशा न होगी।

1. महादशा के असर के वक्त महादशा वाले ग्रह की कुंडली के सिर्फ उस खाना नः का जिसमें कि वह बैठा हो और उन्हीं चीजों पर जो चीजें उस ग्रह (महादशा में हो जाने वाले) की उस बैठे हुए खाना की मुतल्लका ही पर मन्दा असर होता है।

2. महादशा में हो जाने वाले ग्रह का दूसरे ग्रहों पर (बस्र दोस्ती या दुश्मनी या दृष्टि) वही असर होगा जैसा कि उस वक्त होना था अगर महादशा में न होता।

3. महादशा के वक्त सा किसी भी ग्रह की हो ज्यादा से 1 से 40 तक अंक निम्नलिखित ढंग पर 12 खानों की सूचि में लिख ले और पेशानी खाना नः 1 (अंक नः 1, 13, 25, 37 वाला खाना) में इस ग्रह का नाम लिख ले जो कि महादशा में हो गया हो मान लिया कि वह शुक्र है शुक्र को नः 1 के उपर लिख दिया और बाकी ग्रहों को भी दी हई तरतीब से लिख देवे।

1 शुक	2 नः12 के ग्रह	3 सूरज	4 चन्द्र	5 केतु	6 मंगल	7 बुध	8 शनि	9 राहू	10 नः 8 का ग्रह	11 खाना नः 9	12 बृहस्पत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31	32	33	34	35	36
37	38	39	40								

जिस अंक नः की पेशानी पर जो कोई ग्रह भी लिखा हुआ हो। वह साल उन उस ग्रह की मार्फत उस महादशा के जमाना में तब्दीली हालता करने वाला होगा ऊपर की सूचि में खाना नः 1 से मुराद महादशा का पहला साल और नः 2 से दूसरा साल वगैरा वगैरा होगी खा वह उ किसी भी साल में शुरू हुई हो।

धोके का ग्रह

देखते ही जाओ कि वह कही धोका ही न कर जावे

1. दुगना अच्छा होगा या दुगना मन्दा मगर चलेगा जरूर दुगनी रफ्तार से
2. धोके का ग्रह अच्छा फल देगा या बुरा इस बात के फैसले के लिए विस्तार से पक्का घर नः 10 देखें।
3. औसत उम्र 120 साल हो 12 गुना 10 खानों की सूचि में लिखकर पेशानी खाली छोड़ दे और सूरज जन्म कुंडली के अनुसार जिस खाना : बैठे होवे उसी नः वाले अंक के खानों की पेशानी पर सूरज लिख देवे। सिवाय खाना नः 6 के सूरज को नः 9 की लाईन की पेशानी पर

खाना नः 9 के सूरज के नः6 की लाईन की पेशानी पर

खाना नः 7 के सूरज को नः 5 की लाईन की पेशानी पर

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

सिर्फ उस वक्त जब नः 1 खाली हो वरना नः 7 जो 7 के उपर
बाकि ग्रहों को उसी क्रम मे लिख दे, जिस क्रम से कि वह नीचे लिखे है, मसलन किसी का सूरज जन्म कुंडली मे

धोका के ग्रह की तलाश

सूरज नः 11 वाली कुंडली

टेवे मे नः 3 का है तो 12 खानों मे सूरज को नः 3 वाले खाना के ऊपर लिखकर खाना नः 4 के ऊपर चन्द्र नः 5 वाले खाना के ऊपर केतु वगैरा लिखा दें। जिस अंक नः के खाना के ऊपर जो ग्रह आए वह ग्रह उम्र के इस साल धोके का ग्रह होगा, जिसके बुरे या भले असर के लिए विस्तार से नः 10 में देखे।

केतु	मंगल	बुध	शनि	राहू बृहस्पति	चन्द्र	बृहस्पति	बृहस्पति	शुक	बुध	सूरज	चन्द्र
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31	32	33	34	35	36
37	38	39	40	41	42	43	44	45	46	47	48
49	50	51	52	53	54	55	56	57	58	59	60
61	62	63	64	65	66	67	68	69	59	60	72
73	74	75	76	77	78	79	80	81	82	83	84
85	86	87	88	89	90	91	92	93	94	95	96

याददाश्त:-

जन्म कुंडली के ग्रहों का कोई ख्याल न करेंगे सिर्फ सूरज को हम जन्म कुंडली से देख लेंगे और जन्म कुंडली के बाकी ग्रह किसी भी ग्रह का कोई ख्याल न करेंगे।

मे नः 3 का है तो 12 खानों के खाका में सूरज को नः तीन वाले खाना के ऊपर लिख कर खाना नः 4 के ऊपर चन्द्र नः 5 के खाना के ऊपर केतु ख दें। जिस अंक नः के खाना के ऊपर जो ग्रह आये वह ग्रह उम्र के इस साल धोखे का ग्रह होगा जिसके बुरे या भले असर के लिए विस्तार से नः खें।

सूरज नः 12 वाली कुंडली

चन्द्र	केतु	मंगल	बुध	शनि	राहू	केतु	बृहस्पति चन्द्र	बृहस्पति	शुक्र	सूरज	सूरज
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31	32	33	34	35	36
37	38	39	40	41	42	43	44	45	46	47	48
49	50	51	52	53	54	55	56	57	58	59	60
61	62	63	64	65	66	67	68	69	59	60	72
73	74	75	76	77	78	79	80	81	82	83	84
85	86	87	88	89	90	91	92	93	94	95	96

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

पेशानी में ग्रहों की तरतीब 10

जन्म कुंडली खाना नः का ग्रह जब वर्षफल के मुताबिक दोबारा खाना नः 10 में ही आ जावे तो वह धोका (अच्छा या बुरा) का ग्रह होगा अब अगर नीचे दी हुई तालिका के अनुसार भी वह नः 10 में आया हुआ ग्रह धोके का ग्रह साबित होवे तो ऐसा ग्रह जरूर ही धोका कर देगा। अच्छा या बुरा जिसके फैसले के लिए खाना नः 10 में विस्तार से लिखा है।

सूरज	चन्द्र	केतु	मंगल	बुध	शनि	राहू	खाना नः 8 के ग्रह	खाना नः 9 के ग्रह	बृहस्पत	शुक्र	खाना नः 12 के ग्रह
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

अगर जन्म कुंडली के अनुसार खाना नः 8, 9, 12 खाली ही हो तो नः 8 के लिए मंगल शनिच्चर } कोई ग्रह दो दफा लिखा जाएगा वहम न
नः 9, 11 बृहस्पति

एक के बाद दूसरी दो लगातार महादशा के बक्त दोनों का दरम्यानी साल बुरा असर न देगा। मसलन शुक्र पहले का 20 वां साल मंदा असर देना जब शुक्र की लगातार दो महादशा शुरू हो जावेंगी।

—— - ——

Free by Astrostudents

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

फरमान नः 9

मददगार उपाय

ग्रह आत्मा राशि शरीर

(अ) रूह बुत के झगड़े की तरह ग्रह को रूह और राशि को बुत मानें तो ग्रह फल के उपाय की इस विद्या में गुंजाइश नहीं मानी गई। राशि या ग्रह या राशि फल के शक का इलाज और ग्रहों से धोके के ग्रह के धक्के से बचकर चलना इन्सानी ताकत में माना गया है। बुध के ग्रह का हीरा (निहायत कीमती पत्थर सबको काटता और मारता है। मगर वह खुद उसी बुध की दूसरी निहायत नर्म चीज कलई टांके लगाने वाली धातु) उस हीरे में सुराख डाल देती है। इसी तरह ही पापी ग्रह सब ग्रहों पर अपना धक्का लगाते है मगर उनको (पापी ग्रहों को) मारने के लिए खुद अपना ही पाप (शब्द पाप से मुराद राहु केतु है पापी से मुराद शनिच्चर, राहू केतु तीनों ही है यानि राहू के मन्दे असर को केतु का उपाय दुरुस्त करेगा और केतु के मन्दे असर को राहू का उपाय नेक करेगा) महावली होगा। और पाप की बेड़ी भर कर डूबेगी। संक्षिप्त रूप में पापी ग्रहों का उपाय उन ग्रहों की सम्बन्धित वस्तुओं की पालना करनी होगी। या उनसे सम्बन्धित वस्तुओं से उनकी आशीर्वाद या क्षमा ले लेना कारआमद होगा। मसलन शुक्र की मुतल्लका चीज गाय और आम इन्सानी खुराक या सब अनाज मिले मिलाए मुकर्रर है शुक्र की मदद के लिए गाय को अपनी खुराक का हिस्सा देवें। काग रेखा-धन दौलत की हानि शनिच्चर की मन्दी निशानी के समय कौव्वे को रोटी का हिस्सा देवें या औलाद के लिए दुनिया के दरवेश कुत्ते का अपनी खुराक का टुकड़ा चखों।

(ब) हर ग्रह की मसनूई हालत में दो ग्रह होते है जब कोई ग्रह मन्दा हो जाए तो उसकी मसनूई हालत में दिए हुए दो ग्रहों में से उसी एक ग्रह को हटाने के लिए जिस के हट जाने से नतीजा नेक हो जावे कोई और ग्रह कायम करें। जो बुरे फल के हिस्से के देने वाले ग्रह को गुम ही या नेक कर देवें। मसलन शनिच्चर मन्दा होवे तो उसके मसनूई हालत के ग्रह शुक्र-बृहस्पत में से बृहस्पत को हटाने के लिए अगर बुध कायम करें तो शुक्र बाकी रह जाएगा। अब शुक्र के साथ बुध मिलने पर शनिच्चर नेक होगा।

(I) उपाय के इलावा हर एक पक्के ग्रह का उपाय तो लाल किताब के मुताबिक ही लेंगे।

(II) हर एक ग्रह की मसनूई हालत में दो ग्रह इकट्ठे माने गये है पक्के ग्रह का जिस चीज का असर या जो असर मन्दा होवे, उस असर के देने वाले ग्रह को उसकी मसनूई जुज (भाग) हटाने की कोशिश करें मसलन शुक्र जब खराब करे या खराब होवे तो शुक्र मसनूई जुज भाग राहू केतु में से राहू को हटा दे तो बाकी केतु होगा। यानि शुक्र के नेक करने से राहू को नेक मदद देगा। बुध बृहस्पत दोनों ही को चलाने के लिए बुध सब्ज रंग वस्तु जेवर सब्ज कागज में रखने की तरह मदद और बुध शुक्र शनिच्चर की मुश्तरका चीज अपनी खुराक से तीन टुकड़े रोटी के और कुत्ते को देना मुबारिक फल देगा। उसके लिए मान, धन, दौलत और उनके उम्दा होने के लिए भी गऊ ग्रास देवें।

मतलब यह है कि मन्दे फल के लिए मन्दा करने वाली चीज को दूर, मंगल बद के बुरे असर से मृगछाला बचाएगी।

मंगल बद का इलाज

मंगल बुध= मंगल बद, शनिच्चर की सांप या मंगल बुध शनिच्चर मुश्तरका के (हिरण की खाल) पहाड़ी जुबान में मृग है चीते की खाल नहीं माना है जिस पर सांप न आएगा। यानि मंगल बद का दोस्त मुर्दा हिरण चढ़ेगा। इसलिए साधु ने मृग मृगछाला पसंद की है।

(I) शत्रु बेमुहार के कीने (दुश्मनी) के दिल की बात उसके नाखूनों से जाहिर कर उसका दिल या चन्द्र नहीं होता या उसके पांव के नाखून केतु (कीना) सजा या वह केतु के बुरे असर को बरबाद इलाज से काबू होगा या चन्द्र की उपासना यानि चन्द्र जिस घर का कुंडली के मुताबिक हो इलाज होगा।

(II) चन्द्र उम्र का मालिक और हर एक पर मेहरबान होगा। मंगल बद सबके लिए मौत का फन्दा लिए फिरता है या जहां चन्द्र होगा वहां मंगल बद न होगा। जहां मंगल बद होगा चन्द्र न होगा। इस असूल पर मंगल बद का इलाज, चन्द्र की पूजना या मदद ढूंढना मुबारिक होगा। तन्दूर में मीठी रोटी लगाकर खैरात में देने से भी मंगल बद का असर दूर होगा राहू का मन्दा असर जौ (अनाज) को किसी बन्द जगह में बोझ तले दबाया जावे या दूध से धोकर चलते पानी में डाला जावे अगर तपेदिक वगैरा या लम्बा बुखार तंग करे तो जौ को गौ पेशाब में धोकर लाल (सुर्ख) कपड़े से बन्द करें। और गौ पेशाब से ही दांत साफ करें: जो ग्रह उच्च ग्रह होवे उसकी मुतल्लका चीज की मदद से मन्दे ग्रह का असर दूर हो जाता है।

अपनी मुकर्ररा जगह की बजाए जब मच्छ रेखा, काग रेखा वगैर किसी और जगह वाका हो तो जिस ग्रह की राशि या पक्के घर में बिलहाज बुर्ज व रेखा कायम (स्थित) होवे उस ग्रह की पूजा से नेक फल होगा।

मसलन मच्छ रेखा बुध की सिर रेखा पर वाका हो तो शनिच्चर व बुध की चीजों की पालना यानि स्याह परिन्दा व कौव्वे की पालना करना मुबारिक अगर शुक्र पर हो तो स्याह गाय वगैरा की पूजा व पालना मुबारिक फल पैदा करेगा।

धोके के ग्रह का, जो छुपा छिपाया होता है, इलाज भी देख लेना जरूरी होगा। अगर लड़का लड़की बाप के लिए दोनों ही मन्दे फल वाले पैदा हो जावे तो सूरज लड़का, बुध लड़की या लड़की के गले में तांबे का टुकड़ा मुबारिक होगा जो बुध को दबा लेगा। पापी ग्रहों के साथ जब वह अकेले की बजाए कोई दो इकट्ठे हो तो मंगल को कायम करना मुबारिक होगा। बशर्ते कि उस कुंडली वाले का अपने कुंडली के ...... हिसाब से मंगल राशि फल का हो यानि मंगल अगर खाना नः 1, 3, 8 में होवे तो मंगल का उपाय न होगा। बुध काम देगा इसी तरह ही स्त्री ग्रहों (चन्द्र

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

शुक्र) मे बुध की ताकत मदद देगी बशर्ते कि बुध खाना नः 3, 6, 7 या 9 का न हो ऐसी हालत में मंगल मददगार होगा। संक्षिप्तः उपाय के वक्त देख ले कि जिस ग्रह के जरिए दो लेने को है वह खुद कहीं ग्रह फल का ही तो नहीं है। खाना नः 9 के ग्रहों का उपाय रंग के जरिए फर्श मकान से होगा यानि जो ग्रह मन्दा हो और खाना नः 9 मे मसलन शुक्र या बुध या मंगल बद वगैरा तो उसके दोस्त ग्रहों की पालना करें। या कम से कम उस नेक ग्रह की रंग की चीजें पांव तले फर्श पर न लगावे जो रंग की खाना नः 9 के ग्रह से मुतल्लका है। जब आम उपाय काम न देवें तो घन्टों के अन्दर-अन्दर ही फैसला करने के लिए तो घण्टों के अन्दर अन्दर ही फैसला करने के लिए निम्नलिखित उपाय सहायक होंगे।

1. बद् मंगलः रेवड़ियां पानी मे बहा देवें।
2. बृहस्पतः केसर नाभि या धुन्नी या जबान पर लगा देवे या खाने को देवे।
3. सूरजः पानी में गुड़ बहा देवें।
4. चन्द्रः दूध या पानी का बर्तन सिरहाने रखकर कीकर के वृक्ष को डाले।
5. शनिच्चरः तेल का छाया पात्र करें।
6. शुक्रः गऊ दान या चरी जवार दान करें।
7. मंगल नेकः मिठाई मीठा भोजन दान करे या बताश दरिया मे डाले।
8. बुधः तांबे के पैसे मे सुराख कर दरिया मे बहा दें।
9. राहुः मूली दान करे या कोयले दरिया में डालें।
10. केतुः कुत्ते को रोटी डालें वगैरा।

अवधि उपायः

हर एक उपाय की अवधि कम से कम 40 दिन और ज्यादा से ज्यादा 43 दिन होगी। खानदानी उपाय कुल ही खानदान की बेहतरी के लिए पितृ ऋण, मातृ ऋण वगैरा या कुल सम्बन्धियों की मदद के लिए उपाय की अवधि होगी वही 40 हद 43 मगर हर रोज लगातार की बजाए हफ्तावार लगातार होगी। यानि हर आठवें दिन जो 40 43 हफ्ते होंगे उपाय के वक्त ख्वाह आखिरी दिन 39वें व 40वें ही भूल जाने या बन्द कर बैठे ते सब किया कराया नेशफल होगा। और नए सिरे से फिर दोबारा शुरु करके पूरी म्याद तक करने के बद फल देगा। अगर किसी वजह से उपाय बन्द ही करना दरकार हो,मगर पहला असर भी कायम रखना मंजूर हो,तो चावल दूध से धोकर पास रखे जावें।

जन्म दिन और जन्म वक्त के हिसाब से मददगार उपायः

मसलन पैदायश हो सोमवार बवक्त पक्की शाम तो ग्रह होगा चन्द्र वक्त का ग्रह होगा राहू जन्म वक्त के ग्रह को जन्म दिन के मुतल्लका ग्रह के पक्के घर के लिखेंगे। इस तरह पर अब राहू (जो जन्म वक्त का ग्रह है) चन्द्र जो दिन का ग्रह है के पक्के घर जद्दी जगह की सूचि के अनुसार खाना नः 4 में होगा। क्योंकि जन्म दिन का ग्रह राशिफल (कायले उपाय)

और जन्म वक्त का ग्रह, ग्रह फल बुरा या भला,अटल-जिसका कोई उपाय नहीं होता है। इसलिए कुंडली वाले के लिए जब कभी और जो भी खाना नः 4 का असर होगा राशिफल का होगा जिसका चन्द्र के उपाय से नेक असर होगा या राहू उस शख्स की खाना नः 4 की चीजों पर बुरा असर करने के वक्त राशिफल का होगा। ख्वाह वह ग्रह (जन्म वक्त का) राशिफल का न भी हो लेकिन अगर जन्म वक्त का ग्रह (पैदायश के हिसाब से जो भी होवे) ऊपर की मिसाल के मुताबिक हर ग्रह के खास-खास घर राशिफल वालों में आ जावे तो दिया हुआ उपाय मददगार होगा। जिसके लिए बदला जाने वाला या उपाय के काबिज जन्म दिन का ग्रह लेंगे जन्म वक्त का नहीं,मसलन किसी की मंगलवार सुबह के बाद दिन का पहला हिस्सा (बवक्त बृहस्पति) पैदायश है,अब जन्म वक्त बृहस्पत का ग्रह मंगल के पक्के घर खाना नः 3 में होगा। फर्जन अब बृहस्पत का ग्रह खाना नः 3 का होगा हुआ बीमारी ही बीमारी खड़ी करता जावे तो मंगल का ग्रह राशिफल का होगा जो जन्म दिन का ग्रह गिना था। मगर मंगल सिर्फ खाना नः 4 और 6 में राशिफल का लिखा है मगर फिर भी ऐसी हालत में मंगल होका आम उपाय मददगार होगा। और बृहस्पत का उपाय फायदे मन्द न होगा।

ग्रह राशि का निशान

1. अगर किसी राशि का निशान अपनी मुकर्ररा जगह की बजाए किसी दूसरी जगह हथेली या उंगली पर पाया जाए तो उस निशान का मुतल्लका राशि नम्बर कुंडली के उस पक्के घर में लिख देंगे। जिस नम्बर पर कि वह निशान हथेली या उंगली पर पाया गया हो। मसलन मिथुन राशि का निशान (जोड़ा जो राशियों की गिनती में नः 3 पर है) किसी के हाथ के खाना नः 12 में पाया गया तो कुंडली के पक्के घर नः 12 में अंक नः 3 लिख दिया और गिनती की तरतीब से कुंडली के 12 के 12 ही खाने पूरे कर दिए इस तरह पर जो अंक नम्बर लग्न में आवे वह उस शख्स की जन्म राशि होगी। जिसका मालिक ग्रह (बहैसियत घर की मल्कीयत) कुंडली वाले के लिए हमेशा राशिफल का होगा।
2. इसी तरह राशि के निशान के बजाए अगर ग्रह का निशान पाये जाए तो जिस खाना नम्बर में वह निशान हो। कुंडली के पक्के घरों के

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

हिसाब से उसी नम्बर पर इस ग्रह को लिख दें। मसलन चन्द्र का निशान साथ पर खाना नः 5 पर वाका हो तो चन्द्र के चन्द्र खाना नः 5 में लिखेंगे। इस तरह पर चन्द्र टेवे वाले के लिए खाना नः 5 के ताल्लुक में (खाना नः 5 की वस्तुएं कारोबार या रिश्तेदार मुतल्लका खाना नः 6 हमेशा) ग्रह फल का होगा।

ग्रह का उपाय

1. ग्रहफल का उपाय नहीं मान्ते राशिफल हरवक्त काबिले उपाय होगा।
2. उपाय वक्त सूरज निकलने से सूरज छिपने तक दिन का अरसा है। रात का शनिच्चर राज माना है जिसमें उपाय करना कई दफा खतरनाक भी हो सकता है इसलिए बेहतर यही होगा कि रात के वक्त कोई उपाय न किया जाए।
3. अवधि कम से कम 40 दिन और ज्यादा से 43 दिन होगी शुरू करने के लिए किसी खास सोमवार या मंगलवार वगैरा के दिन की शर्त न होगी।
4. उपाय के मध्य में नागा हो जाने पर या 39 के दिन ही भूल जावें। सब कुछ किया कराया। नेश फल होगा और दोबारा नए सिरे से उपाय करना मददगार होगा।
5. अपने खूनी हकीकी का कोई भी ताल्लुकदार उपाय कर सकता है जो जायज़ और फलदः अंक होगा।
(1) मरने से पहले बतौर आखरी आशीर्वाद किसी ग्रह की चीज पीछे रह जाने वालों को देना मुबारिक होगा।
6. नष्ट हो चुके ग्रह या बहालत पितृ ऋण व औलाद वगैरा के लिए निम्नलिखित उपाय होगा।

1	2	3	4	5	6	
गैबी ताकत में	किस्म ग्रह	नम्बर ग्रह	नाम ग्रह	रंग ग्रह	उपाय औलादन और कारण	
ब्रह्मा जी	नर ग्रह	1	बृहस्पत	पीला	हरिभजन	दालचना, सोना
विष्णु	नर ग्रह	2	सूरज	गंदमी	कथा हरिबन्स	गंदम, गुर्ख तांबा
शिव भोले	स्त्री ग्रह	3	चन्द्र	दूध का	पूजन	चावल, दूध चांदी
लक्ष्मी जी	स्त्री ग्रह	4	शुक्र	दही का	लोगों की पालना	घी, दही, काफूर मोती सफेद
हनुमानजी	नर ग्रह	5	मंगल	सुर्ख	गायत्री पाठ	दाल मसूर, लाल-लाल (पत्थर)
दुर्गा जी	मुखन्नस	6	बुध	सब्ज	दुर्गा पाठ	मूंग सालम, जनुर्द
भैरो जी	मुखन्नस	7	शनि	स्याह	राजा की उपासना	माष, सालम, लोहा
सरस्वती	मुखन्नस	8	राहू	नीला	कन्यादान	सरसों नीलम
श्री गणेश	मुखन्नस	9	केतु	चितकबरा,	दान कपिला गाय	तिल

Free by Astrostudents

नोटः जो ग्रह नीचफल देवे इस ग्रह के बचाव के लिए इस जगह दिया हुआ दान करें।
शादी के समय (हिन्दू धर्म के अनुसार फेरे) मन्दे ग्रह का उपाय बहुत ही कारगर होगा या मन्दा ग्रह औरत के टेवे का हो या मर्द के टेवे का मगर मर्द के टेवे के मन्दे ग्रहों का उपाय जरूर कर लें। क्योंकि शादी की रस्म के पूरा होते ही, अमूमन औरत के टेवे के ग्रहों पर मर्द के टेवे के ग्रह प्रबल हो जाते गिने हैं।

तफसील के तौर पर अगर जन्म कुंडली के अनुसार

1. बृहस्पत मन्दा होः

लड़की का संकल्प (बवक्त रस्मों रिवाज शादी) करने के ठीक उसी वक्त बाद में खालिस सोने के दो टुकड़े (वजन की कोई शर्त नहीं) मगर दोनों टुकड़े खा किसी भी वजन के हो मगर हो बराबर बराबर ठीक-ठीक इसी तरह ही दान किया जाएं जिस तरह कि लड़की का दान किया गया। फिर इन दो टुकड़ों में से एक को चलते पानी (दरिया नहीं नाला) में बहा दें। और दूसरा लड़की को दे (जो अब औरत बनी) देवे। हिदायत सिर्फ इतनी होगी कि वह लड़की उस सोने के टुकड़े का बेचकर उसकी कीमत न खा लेवे। जब तक यह टुकड़ा उसके पास रहेगा बृहस्पत के मन्दे असर से बचाव ही होता होगा ऐसा टुकड़ा अमूमन चोर भी नहीं चुराया करते या चुरा सका करते। और नहीं गुम हुआ करता है। लेकिन अगर किसी वजह से गुम या चोरी हो ही जावे तो कोई वहम की बात न होगी। गए हुए टुकड़े के इवज में एक और नया टुकड़ा कायम कर लेवे और वह भी वही नेक असर देगा। जो कि पहले टुकड़े से गिना गया है ऐसा टुकड़ा दोबारा कायम करते वक्त दूसरा और टुकड़ा नदी नाला के बहाने की जरूरत नहीं। अगर किसी वजह से सोने के टुकड़े दस्तायाब न हो सकें तो, केसर की दो पुड़िया या हल्दी की दो गांठियां ऊपर के ढंग पर कायम की गई असर में वैसी ही होगी जैसा कि खालिस सोना हो सकता है। लेकिन बेहतर यही होगा कि खालिस सोना ही किसी न किसी

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

तहर मुहैय्या कर लिया जावे।

2.सूरज रद्दी हुआ:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पति के हाल में शब्द सोने की जगह सुर्ख तांबा (खालिस) गिन ले।

3.चन्द्र रद्दी हो:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पत कि हाल में सुच्चा मोती (दूध रंग) गिन लें। और न मिलने की हालत में चांदी चावल और प्राणी के वजन के बराबर दरिया नदी नाले का पानी शादी के वक्त घर में कायम कर लिया जावे।

4.शुक्र रद्दी हो:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पत के हाल में शब्द सोने की जगह मोती ख़ांद (दही रंग) गिन ले।

5.मंगल रद्दी हो:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पत क हाल में लाल (कीमती पत्थर जो रंग में सुर्ख तो हो मगर चमकीला रंग न हो) गिन ले।

6.बुध रद्दी हो:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पत क हालम में हीरा गिन ले, न मिलने की हालत में सीप ले।

7. शनि रद्दी हो:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पत के हाल में लोहा या फौलाद गिन लें। न मिलने की हालत में स्याह नमक या स्याह सुरमा ले।

8. राहू रद्दी हो:

वही उपाय जो चन्द्र में लिखा है ख्याल रहे कि मन्दे राहू के वक्त कभी नीलम की अंगूठी नहीं दिया करते, वरना दुल्हा-दुल्हन के जबर्दस्त हाथी पुरानी खन्दकों में गिरकर च्यूंटियों से मरते होंगे।

9. केतु रद्दी हो:

ऊपर दिए हुए मन्दे बृहस्पत के हाल में शब्द सोने की जगह दो रंगा पत्थर गिन ले। Cat's eye.

(I) शुक्र न: 6 के वक्त वाल्दैन की तरफ से शादी के वक्त लड़की के लिए उसके सिर पर कायम रखने के लिए खालिस सोना बतौर दान लड़की को देना जिसे वह गाहे बगाहे इस्तेमाल में लाती रहे। शुक्र न: 6 की मन्दी हालत से बचाना होगा।

(II) थोड़ा सा सोना खालिस लड़की को शादी के दहेज में छोड़ना, जबतक लड़की उसे खुद न बेचे उम्दा बृहस्पत के असर को उत्तम करता होगा मर्द या औरत के टेवे में जब निम्नलिखित ग्रह चाल हो अर्थात्

(III) शुक्र के साथ या शुक्र घर
1. खाना न: 2, 7 में उसके दुश्मन हों — (मसलन राहू शुक्र, सूरज शुक्र चन्द्र शुक्र किसी भी घर में हो)
2. शुक्र अकेला या मुश्तरका न: 4 या
3. राहू अकेला न: 1, 7, 5 या
4. शनिच्चर न: 5, 9 या केतु न: 8 अकेला

Free by Astrostudents

6. या केतु के साथ उसके दुश्मन मसलन मंगल केतु मुश्तरका या चन्द्र केतु, सूरज केतु, बुध केतु या किसी भी घर में हो तो औरत के वाल्दैन के घर से ही खालिस चांदी या मन्दे केतु का इलाज धर्म स्थान में दो रंग कंबल देना या केतु जब पितृ ऋण से मन्दा हो तो सौ कुत्तों को बारात की तरह एक ही दिन में खुराक देना यानि खुराक साथ लेकर कुत्तों को तकसीम करते जावें। और सूरज छिपने से पहले . सौ तादाद पूरी कर ले।

पहली औरत से पहला ही मर्द दो दफा कुछ वक्फा देकर शादी की रसम अदा करले तो शुक्र न: 4 की दो औरत जिन्दा कायम होने की शर्त दूर होगी।

बुध न: 12 शादी के वक्त लोहे का छल्ला जिसमें जोड़ न लगा हो टेवे वाले का हाथ लगवा कर दरिया में बहावे और दूसरा छल्ला वैसा ही लोहे का टेवे वाला हमेशा खुद पहनता रहे तो बुध-12 हमेशा ही मददगार साबित होगा।

निम्नलिखित ग्रह का मन्दा असर नेक करने के लिए किस ग्रह का उपाय दरकार है।

नाम ग्रह जो मन्दा हो	किस ग्रह का उपाय मददगार होगा
केतु: — — -	केतु ग्रह का उपाय मददगार होगा केतु की नजर अमूमन खाना न: 10 में होगी।
राहू: — — — —	राहू ग्रह का उपाय मददगार यानि केतु मन्दे का इलाज आम तौर खाना न: 10 के ग्रहों की मार्फत आसानी से हो सकेगा। पापी ग्रहों का उपाय उन ग्रहों की सम्बन्धित वस्तुओं की पालना करनी होगा।
शनिच्चर: — — -	धन दौलत मन्दी के वक्त कौव्वे को रोटी डाले।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

नाम ग्रह जो मन्दा हो

शुक्र: गाय को अच्छी खुराक का हिस्सा देवे।

मंगल बद: मृग छाल (हिरण की खाल) मददगार,
तंदूर में मीठी रोटी पकाकर कुत्ते को देवें या खैरात करें।
जौ अनाज को दूध से धोकर चलते पानी में बहा दे।
गौ पेशाब से जौ को धोकर लाल रंग के कपड़े
में बांधे (बुखार के लिए) और गौ पेशाब से दांत साफ करें।

मंगल बद जारी: रेवड़ियां पानी में बहा दें। केसर नाभि धुन्नी में लगावें पानी में गुड़ बहा दें।

1. मर्द की जन्म कुंडली खुद मर्द के लिए मर्द पर असर ग्रह फल का	मर्द की कुंडली खुद मर्द के लिए मर्द पर राशिफल का करिश्मा यानि महादशा की हालत के उल्ट नेक और अचानक चमत्कारा।
2. मर्द की चन्द्र कुंडली उस की औरत पर ग्रह फल का नेक नज़ारा यानि महादशा के अरसा में खाली साल रखे हुओं में किस्मत का नेक और अचानक असर देगी।	मर्द की जन्म कुंडली उसकी औरत पर राशिफल (आम साधारण) का असर देगी।
3. औरत जन्म कुंडली औरत के लिए औरी पर ग्रह फल का असर देगी।	मर्द की जन्म कुंडली उसकी औरत पर राशिफल(आम साधारण)का असर देगी।
4. औरत की चन्द्र कुंडली उसके खविन्द के लिए ग्रह फल का नेक नज़ारा महादशा के खाली सालों में किस्मत की अचानक व नेक चमक होगी।	औरत की जन्म कुंडली उसके खविन्द के लिए आम हालत की राशिफल का असर देगी। औरत की चन्द्र कुंडली औरत के लिए औरत पर राशिफल।
5. मर्द का दायां हाथ मर्द के खुद अपने लिए ग्रह फल का।	मर्द का बायां हाथ मर्द के खुद अपने लिए राशिफल का।
6. औरत का बायां हाथ औरत के अपने लिए ग्रह फल का	औरत का दायां हाथ औरत के अपने लिए राशिफल का।
7. मर्द का बायां हाथ उसकी औरत के लिए ग्रह फल का नेक नज़ारा देने वाला।	मर्द का दायां हाथ उसकी औरत के लिए राशिफल का।
8. औरत का बायां हाथ उसके खविन्द के लिए ग्रह फल का नेक नज़ारा देने वाला	औरत का दायां हाथ उसके खाविन्द के लिए राशिफल का।
9. बच्चा दोनों के लिए राशिफल के देने वाला हुआ करता है।	

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

हर ग्रह अपने बैठा होने वाले घर का फल (अच्छा या बुरा न देगा) जब तक कि उस घर की मुतल्लका तरफ या जगह में उस ग्रह की मुतल्लका चीज न हो। अगर किसी पितृ ऋण (खानदानी पाप) जिसका जुदा जिक्र है जहां या दूसरे कारण से कोई ग्रह सो जावे, नष्ट बरबाद या गुम ही हो जावे, तो सबसे पहले खाली खानों के घर के मलिक ग्रह का उपाय करें। बशर्ते कि वह ऐसे बराबर के ग्रह का ग्रह होवें। या दोस्त होवे उसके बाद महादशा के वक्त में काम देने वाले ग्रह लेवे। इसके बाद दुश्मन ग्रहों की दुश्मनी हटावें या राशिफल की हालत का फायदा उठावें। अगर यह भी काम न दे सकें तो सूरज को कायम करें। अगर यह भी मदद न देवे तो पापी ग्रहों और सबसे आखिर पर बुध का उपाय करे

फरमान नः 10

ग्रह का प्रभाव

इलमे सामुद्रिक में ग्रहों को राशि के घरों में रोशनी के जलते Lamp माना गया है। इस तरह पर एक Lamp के साथ ही दूसरे Lamp की रोशनी का शुरू होना उन दोनों Lamp के दृश्य में तब्दीली करता है

उदाहरणः

सूर्य का लैम्प गन्दमी भूरा है उस के साथ ही बृहस्पत का Lamp शुरू हो जाए जिस का रंग पीला है दो Lamps की मिली हुई। रोशनी का जो रंग हो वही रंग इन्सानी किस्मत के हिसाब से जीवन में प्रकट होगा।

Lamp बुझ गया (ग्रह असर खत्म हुआ) या जलने लगा (ग्रह असर शुरू हो) या एक घर में दूसरा और ग्रह (Lamp) जलने लगा इस अदला बदली में किस्मत के मैदान में रंग बिरंगी तो होगी मगर ग्रहों की अपनी अपनी घर की निश्चित माल्कीयत में फर्क न होगा। मतलब यह की हर ग्रह के लिए उच्च हालत नीच हालत वगैरा हमेशा के लिए निश्चित है चाहे वह ग्रह किसी भी और ग्रह के घर मेहमान बन कर चला जाए।

ग्रह से मुराद= Lamp कितनी देर तक जल सकता है।

ग्रह की ताकत - Lamp's Candle Power

(बती की ताकत)

ग्रह दृष्टिः-

एक घर या खाना नः से दूसरा खाना नः में असर जाने का दर्जा यानि 25% (1/4), 50% (1/2), 100% कुल्ल की कुल्ल (सारा)

बाहमी दोस्ती दुश्मनीः-

Lamps की रोशनी के अलग-अलग रंग वगैरा।

Lamp की जगहः-

हर खाना नः की मुतल्लका की अशिया

उदाहरणः

खाना नः 1 राज दरबारी Lamp
खाना नः 2 इज्जत, दौलत, धर्मस्थान।
खाना नः 3 भाई इत्यादी।

1. हर ग्रह अपनी मुकर्ररा राशि में नेक फल देगा बेशक उस की वह राशि किसी दूसरे ग्रह, ग्रह का पक्का घर मुकर्रर हो चुकी है।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

राशि नः	किस ग्रह की राशि है	किस ग्रह का पक्का घर निश्चित हो चुका है	इस राशि नः में किस ग्रह का नेक असर होगा।
2	शुक्र	वृहस्पत	शुक्र नेक असर होगा।
3	बुध	मंगल	बुध का नेक असर होगा बशर्ते की मंगल नेक होवे।
5	सूरज		सूरज का नेक असर होगा।
6	बुध केतु	बृहस्पत सूरज मुश्तरका केतु	बुध का उत्तम केतु का खुद केतु की चीजों पर मन्दा मगर दूसरों पर अच्छा, अगर दोनों मुश्तरका हो तो बुध का और बुध की चीजों पर अच्छा मगर केतु व दूसरों का मन्दा होगा।
7	शुक्र	शुक्र बुध	शुक्र का नेक, बुध बाकियों को भी मदद देवें।
8	मंगल	मंगल शनि (चन्द्र आयु)	अगर तीनों मिले हर एक अकेला अकेला हो तो अच्छा फल वरना मन्दा फल होगा।
11	शनि	वृहस्पत	शनिच्चर का नेक बाकी ग्रह बेरी (शनिच्चर का दरख्त) के गला घोंटने वाले बेर, जाहिरा उम्दा मगर हाल के बताशे (यानि धोका का और अमूमन मन्दा असर)

(य) ग्रह बैठा होने वाले घर में ग्रह मुतल्लका की चीज कायम होने से उस ग्रह का असर पायेदार होगा। मसलन केतु नः 9 हो तो जद्दीमकान में केतु की अशिआं कुत्ता व देहिता वगैरा कायम करें।

2. जन्म कुंडली में कोइ भी ग्रह जिस हैसियत से बैठा होवे वह ग्रह अपनी उस हैसियत का असर अच्छा, बुरा मन्दा, ऊंच, नीच, कांटा सिर्फ उस साल देगा। जिस साल कि वह वर्षफल के हिसाब से उस बैठा होने वाली हैसियत के लिए निश्चित की हुई राशि या पक्के घर में आ जावे मसलन वृहस्पत ऊंच है खाना नः 4 में साल कि वह वर्षफल के हिसाब से अपने नेक होने के खाना नः 4, 2 वगैरा में आ जावे। जन्म से ऊंच तो है मगर असल ऊंचपन सिर्फ साल मुकर्ररा और राशि या खाना नः 4 पक्का घर मुकर्ररा में आने पर ही जाहिर होगा। इसी तरह ही सब ग्रहों का और .: तरह का होगा। न हमेशा अच्छा और न हमेशा मन्दा ही गिना जावेगा। यही हाल धोका के ग्रह का है यानि धोका का ग्रह (धोके की सूचि के अनुसार) साल खाना नः 10 धोका के घर में आ जावे धोका पूरा देगा। और मन्दा धोका या धोके के ग्रह जब खाना नः 2 किस्मत के ग्रह का घर खाना नः 11 किस्मत को जगाने वाले ग्रह के घर में आ जावे तो धोका देगा। नेक मायनों में मन्दा ग्रह असल मन्दा उस वक्त होगा जिस वक्त ग्रह खाना नः 8 में आ जावे। इसी तरह ही वर्षफल के हिसाब से हर घर में आने पर असर की हालत होगी। यानि खाना नः 6 में राहू का ताल्लुक और खाना नः 8 में मन्दे बुध और खाना नः 12 में ऊंच केतु के ताल्लुक का (1. फहरिस्त खानावार और हर ग्रह की खाना नः की चीजों की सूचि में देखे। 2. हर ग्रह के लिए उसके घर मालकीयत या ऊंच होने के घर में जो असर दिया गया है वह उसकी नेक हालत पर होने का असर होगा। इसी तरह भी ग्रह के मन्दा होने के वक्त का वह असर होगा जो इस नम्बर में लिखा है जहां कि वह नीच गिना गया है) असर हो जावेगा वगैरा वगैरा। नेक ग्रह का मन्दा असर अपने खानावार हाल में दिया हुआ असर किया करता है लेकिन अगर खुदी जाती कोशिश से कोई नया वाका खड़ा करें तो कि इस ग्रह की मुतल्लका चीज या असर के खिलाफ होवे तो असर में तब्दील हो जावेगी। मसलन राहू नः 4 में पाप न करने का हलफ लिए हुए होता है अगर उस वक्त जब कि या जिस साल वर्षफल वगैरा के हिसाब से राहू नः 4 में आया हुआ होवे और ऐसा मुतल्लका राहू की चीजें खड़ी करे मसलन गर्की बनाना, कोयलों की बोरियां दर बोरियां अम्बार जमा करना, लावल्दों या काने आदमियों का हिस्सादार बना लेना या टट्टी या पाखाने की नई जगह बनवाना या मकानों की सिर्फ छत ही उतरवा कर नई बदलना या टट्टी या पखाना ही की जगह बदलवा देना वगैरा वगैरा करे तो राहू शरारत झगड़े फसाद वगैरा पैदा कर देगा। इसी तरह ही वृहस्पत ऊंच (खा जन्म कुंडली खा वर्षफल में) वाला अगर वृहस्पत की मुतल्लका चीजें पीपल के दरख्त कटवाना, साधु सन्तों को सताना या बरबाद करना वगैरा करे तो वृहस्पत का सोना मिट्टी हो जाएगा। अगर केतु नः 12 में हो और कुंडली वाला ना ही केतु की सेवा करें या और न ही अपने घर में रखे बल्कि कुत्ते मरवाना शुरू कर देवे तो केतु का फल मन्दा होगा .. : वगैरा दृष्टि के खानों में टकराव के ग्रहों का भी हूबहू यही असूल होगा।

व) हर ग्रह की अपना जाहिर करने की निशानी के लिए ग्रह मुतल्लका की खानावार अशिआ होगी। नर ग्रहों (वृ. सू. मं.) का राज या असर करने का वक्त दिन होगा। स्त्री ग्रहों (चं. या शुक्र) का राज रात का वक्त और मुख्नस ग्रहों (बुध, मन पापी) का राज दिन रात दोनों के मिलने का वक्त या सुबह और शाम होगा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

3. वर्षफल में सूरज के हिसाब से मआवारी चक्कर पर जब ग्रह मतलूबा वर्षफल वाले घर आवे तो अपना असर देगा जो कि उस ग्रह का उस घर के लिए मुकर्रर है। (अच्छा हो या बुरा) 12 घंटे का दिन 12 घंटे रात 12 महीने का साल 12 राशिओं का असर और 12 साला मागूम बच्चा, और 12 साल के बाद अच्छे दिनों की उम्मीद राव के राव 35 के चक्कर में शामिल है। और जमाने की हवा या बृहस्पत की तालाश की फिर्क में जर्द रंग हो रहे है। तमाम ग्रहों के लिंगों का असर दुनिया की सब चीजों पर असर करता है हाथ के रंगदार नक्शा में हर ग्रह का जो रंग भी दिया गया जब कभी उस ग्रह के असर का वक्त होगा वह ग्रह उस रंग की मुतल्लका चीजों पर या उस रंग की चीजों के जरिए अपना असर जाहिर करेगा।

वर्षफल के मुताबिक कुंडली के लग्न के घर

या खाना नः में आया हुआ ग्रह अपनी हकूमत के दौरा के वक्त सबसे पहले उस का घर का अपना असर (अच्छा या बुरा) जाहिर जहां कि वह जनम कुंडली के बैठा हो उसके बाद अपने दुश्मन ग्रहों पर ख्वाह वह दुश्मन ग्रह उस घर में हो, जहां कि वह खुद बैठा था कभी-कभार दोस्तों पर और फिर अपने बराबर के ग्रहों पर अगर किसी घर में एक से ज्यादा ग्रह बैठे हो तो हकूमत का मालिक खाना नः 1 का ग्रह हर एक ग्रह से उपर की तरतीब में बारी-बारी दुश्मनों से टकराएगा। और दोस्तों से दोस्ताना बरताव करेगा। अगर एक ही घर में दौरा वाले ग्रह के कई दोस्त ही या कई दुश्मन ग्रह ही बैठे हो तो ग्रह चाल की तरतीब से (बृहस्पत के बाद सूरज के गुजर के बाद चन्द्र वगैरा) असर करेगा। अगर कुंडली के खानों में दोस्त ग्रह अलहदा और दुश्मन ग्रह अलहदा घरों में ही होवे तो खानों की तरतीब से (नः 1 के बाद नः 2 के बाद नः 3 वगैरा) बरताव करेगा।

2. वयाफाः-

खूब जोर से मिलने पर रेखा जिस तरफ से ज्यादा सुर्ख (लालरंग) हो जावे वही तरफ उस रेखा या शाखा के शुरु होने की तरफ होगी।

3. खाना नः 11 के ग्रह वर्षफल तख्त पर आने के दिन से उम्दा होंगे। मगर अपनी आम उम्र (सूर्य 22 शनि 36 etc.) के बाद अमूमन नकारा हो जाया करते है। खास कर जब वह जन्म कुंडली में सोए हुए ही हो। खाना नः 2 के ग्रह हमेशा नेक फल देंगे। जब तक खाना नः 8 खाली हो।

खाना नः 2 के ग्रह टेवे वाले के बुढ़ापे में अपना असर नेक करेंगे।

4. स्याफाः

दाएं हाथ की हथेली के दाएं हिस्से में जिस ग्रह का निशान हो वह ग्रह अपना फल नेक देगा।

5. मन्दे ग्रह के बैठा होने वाले घर की अशिया का हाल मन्दा न होगा। बल्कि वह वस्तुएं मददगार होंगी।

उदाहरणः

सूर्य नः 6 का राजदरबार लड़के (केतु का पक्का घर 6) के जन्म दिन से उत्तम हो जाएगा।

6. हर ग्रह के खानावार वस्तुएं जो सूचि में लिखी है जब वह पैदा होंगी तो उस खाना में असर होगा।

उदाहरणः

शुक्र नः 1, 9 में सफेद गाय आने या शादी 25 साल होने से मन्दा फल होगा। हर ग्रह जहां वह बहैसियत मालिकयत मुकर्रर है बैठा होने के वक्त अपनी मुतल्लका अशिया पर नेक असर देगा।

उदाहरणः

सूर्य नः 5 अपना राजदरबवार (अज सूर्य) और औलाद (अज खाना नः 5) हर दो उम्दा और नेक असर देंगे।

6B. ऊंच ग्रह किसी दुश्मन की वजह से बरबाद भी हो जाए तो भले असर की बजाए बुरा असर कभी न देंगे।

6C. हर ग्रह अपनी राशि (मालिक) में हमेशा नेकफल देगा।

6D. जब कोई ऐसे घर में बैठा हो जहां की वह ऊंच फल का माना गया है। तो वह ऊंच ग्रह अपने साथ बैठे दुश्मन ग्रह या किसी ऐसे घर में बैठे हुए दुश्मन ग्रह पर जहां की वह ऊंच ग्रह अपनी दृष्टि वगैरा में किसी तरह भी अपना असर भेज सके, कभी बुरा असर न देगा,चाले भला असर हो या न हो गर्जे की ऊंच घर के ग्रह अपना नेक फल देंगे।

और नेकी न छोड़ेंगे दुश्मन ग्रह के साथ भी वह नेकी छोड़ दें तो मुमकिन है पर वह बदी न करेंगे।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

1. वृहस्पत:-

बैठा हो खाना नः 4 मे और उसके दुश्मन ग्रह बैठे हो शुक्र बुध 10 मे

2. सूर्य:-

बैठा हो खाना नः 1 उस के दुश्मन ग्रह बैठा हो खाना नः 7 में औरत की मन्दी सेहत T.B के सिवाय सूर्य अब नः 7 वालों पर कोई बुरा न देगा।

3. चन्द्र:-

बैठा हो खाना नः 2 उस के दुश्मन ग्रह बुध शुक्र पापी हो नः 6, 12 से।

4. शुक्र:-

बैठा हो खाना नः 12 मे सूर्य चन्द्र राहू हो खाना नः 2 मे

मंगल हो खाना नः 10 और बुध केतु हो नः 2 मे।
बुध खाना नः 6 और चन्द्र हो नः 12 मे।
शनिच्चर खाना नः 7 चन्द्र मंगल सूरज हो नः 7 मे।
राहू नः 3, 6 मे शुक्र सूरज मंगल 2 मे
केतु 9, 12 मे चन्द्र मंगल हो 2 मे 1

जिन ग्रहों ने अपने पहले 35 साला चक्र मे बुरा फल दिया हो वो अपने दूसरे 35 साला चक्कर मे (वर्षफलों से पता चलेगा) कभी बुरा असर न देंगें। भले असर की खा उनमें हिम्मत हो न हो।

इसी तरह ही 100 साल चक्र के बाद खानदानी हालात जरूर तब्दीली पर होंगे खा भली तरफ या बुरी तरफ

3. अगर वर्ष कुंडली के अनुसार टेवे मे सभी ग्रह मन्दे हो तो एक ही आदमी लाखों का मुकाबला करने की हिम्मत का मालिक होगा। और हर तरह से उत्तम फल होगा।

मसनूई कृत्रिम बनावट के ग्रहों का असर खास बातों का होगा । मसलन

पक्का ग्रह	वृ.	सूरज	चन्द्र	शुक्र	मंगल	बुध	शनि	राहू	केतु
मसनूई ग्रह होगा	शू. शु खाली हवाई	बुध शुक्र	सूरज वृहस्पत	राहू केतु	सूरज बुध मंगल नेक, सू. शनि मंगलबद	वृहस्पत राहू	शु वृ केतु स्वभाव मंगल बुध राहू [illegible]	मं. शनि ऊंच, सूरज शनि नीच।	शु शनि ऊंच च.शनि नीच
मसनूई बनावट के ग्रह का असर	औलाद कि पैदायश का मालिक है	सेहत का मालिक है	वाल्देनी खून का ताल्लुक है	दुनियावी सुख औलाद के सिवाय	औलाद नरीना रखने का मालिक	इज्जत शोहरत	सेहत बीमारी	झगड़े फसाद	ऐश का मालिक है

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

निम्नलिखित मुश्तरका ग्रहों से उनके सामने दिए हुए खाना नः का असर पैदा होगा दूसरे शब्दों में उनके सामने दिए हुए खाना नः का असर उन में और बहाल रहेगा। ख्वाह वो किसी ही घर में इकट्ठे क्यों न होवे। यानि सूरज मंगल के लिए खाना नः 1 में जो असर लिखा है या बगैर किसी ग्रह के ताल्लुक से खाना नः 1 की जो आम तासीर मुकर्रर की गई है वो सूरज मंगल के मुश्तरका के असर में जरूर खानदानी खून कीतरह बहाल रहेंगे खा वो दोनों मुश्तरका ग्रह किसी भी घर में और किसी भी तरह कितने ही मन्दे क्यों न हो।

ग्रह मुश्तरका	खाना नः जिसका असर मन्दा होगा और बहाल रहेगा	ग्रह मुश्तरका	खाना नः जिसका असर मन्दा होगा और बहाल रहेगा
सूरज मंगल	1	शुक्र बुध	7
शुक्र बृहस्पत	2	मंगल शनि चन्द्र	8
बुध मंगल	3	बुध शनिच्चर दोनों का जाती स्वभाव	9
मंगल शुक्र	4	शनिच्चर	10
सूरज बृहस्पत	5	बृहस्पत शनिच्चर	11
बुध केतु	6	बृहस्पत राहू	12

Free by Astrostudents

मसनूई बनावट के ग्रह की हालत में उसके हर दो ग्रहों का असर जुदा-जुदा कर लेना मुमकिन होगा। या दोनों का असर मुश्तरका कर लेना हो सकेगा। दूसरे शब्दों में ऐसा असर राशिफल का होगा।

वयाफा:

किस्मत की हेरा फेरी पक्का ग्रह, बड़ी रेखा शायद ही कभी बदला करती है मसनुई ग्रह यानि शाखों का बदलना मुमकिन है वो भी उम्र के हर सातवें साल (सात, बारह) मगर 21 साल की उम्र से रेखा में कोई तब्दीली होना नहीं मानते। यह बालिग होने का जमाना है उम्र के हर सातवें साल तब्दीली हाल (खा बुरी तरह होवे खा भली तरह) मानते है। अल्पायु (छोटी उम्र) जिसका जिक्र उम्र रेखा में होगा वालों की उम्र के 8 वें साल (8-16-24-32-40-48-56 और 64) जिंदगी खतरा में गिनते है।

ग्रहचाल में चीजों पर रंग का असर

तमाम चीजें किसी न किसी ग्रह के मुतल्लका मुकर्रर हो चुकी है मगर चन्द एक चीजों में कुछ फर्क है। मसलन दो रंगा कुत्ता अगर सिर्फ स्याह और सफेद दो ही रंग का चितकबरा कुत्ता हो तो केतु होगा लेकिन अगर दो रंगा तो हो मगर लाल रंग का साथ हो तो बेशक वो कुत्ता केतु की चीज है मगर वो अपने असर में बुध गिना जाएगा। इसी तरह भैंस शनिच्चर के मुतल्लका चीज है अगर वो स्याह रंग हो तो शनिच्चर गिनी जाएगी लेकिन अगर लाल रंग (भूरी हो) तो सूरज का ताल्लुक या सूरज के असर की गिनेंगे इसी तरह स्याह भैंस और सिर्फ आधा सफेद हो तो शनिच्चर के साथ चन्द्र का असर शामिल लेंगे। घोड़ा चन्द्र की चीज हो अगर जर्द रंग हो तो चन्द्र को बृहस्पत की मदद और साथ होगा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

लेकिन अगर स्याह घोड़ा हो तो शनिच्चर का असर प्रबल लेंगे जो चन्द्र के असर को दबाता होगा। हर शख्स के टेवे में जो ग्रह भी जिस असर का हो उसे उस ग्रह के मुतल्लका चीज और रंग का ताल्लुक वही असर देगा जैसा कि उस चीज और रंग का ग्रह उस शख्स को अपने टेवे के मुताबिक अच्छा या बुरा साबित हो रहा हो।

बयाफा:

सीधे खत .... मर्द और दो शाखी ⅃ ⊼ से मुराद औरत होगी।

नर ग्रह नरों पर असर करेंगे		स्त्री ग्रह महिलाओं (मादारियों) पर असर करेंगे	
नाम ग्रह	किस पर असर देंगे	नाम ग्रह	किस पर असर करेंगे
बृहस्पत	रुह के ताल्लुक दारों पर असर देगा	चन्द्र	माता की हैसियत वाली पर असर देगा
सूरज	जिस्म के ताल्लुकदारों पर असर देगा	शुक्र	औरत के दर्जा वालियों पर असर देगा (बुध शुक्र का शादी के हाल में जुदा दर्ज है)
मंगल	खून के ताल्लुकदारों पर असर देगा		

MINERALS VIGITATION

मुख्न्नस ग्रह शनिच्चर धाति जमादात पर बुध नबातात पर राहु हरकात दिमाग पर केतु पर हरकात पांव पर असर करेगा।
मसूनई ग्रह: हैवानात, बेजानों पर असर करेगा।

बयाफा:

हस्त रेखा में 21 साला उम्र से रेखा बालिग और 12 साल उम्र तक नाबालिग गिनते है मगर कुंडली में वर्षफल के हिसाब से उम्र में जिस दिन से (सबसे पहली दफा) सूरज का राज या दौरा शुरु हो जावे उस दिन से तमाम ग्रह बालिग गिने जाते है खा उम्र 21 साल से कितनी ही कम या ज्यादा होवे।

Free by Astrostudents

इस से मुराद ग्रह का वर्षफल का हिसाब से न: 1 में आने से है।
(II) सूरज अगर कुंडली के खाना न: 1, 5, 11 (जन्म लग्न को खाना न: 1 मानकर) में ख्वाह अकेला खा और ग्रहों के साथ होवे तो जन्मदिन से ही तमाम ग्रह बालिग गिने जाएंगे।
(III) सूरज का दौरा शुरु होने से पहले इंसान पर इसके अपने पिछले कर्मों का फैसला (अमूमन सात या आठ साला उम्र या हर सातवें या आठवें वे साल) असर किया करता है जो तब्दीली का जामना हुआ करता है।

बयाफा:

बगैर रेखावाला हाथ डाकू, संगदिल होगा। सभी ग्रह नीच फल की राशि के हो
बहुत ज्यादा रेखा वाला हाथ मन्द भाग और वहमी होगा एक ही घर में बहुत ज्यादा मगर नाकिस या नीच ग्रह हो
ज्यादा चौड़ी रेखाएं / चौड़ी रेखा } बहुत कम नेक असर देगी कई तरह की दृष्टि से टकराए हुए दुश्मन ग्रह)
मद्धम सी रेखाएं / मद्धम रेखा } बेमानी होगी देरबाद असर देगी बहुत दुश्मन ग्रह बिल मुकाबिल)

किसी ताकत के ग्रह की पहचान बरए बयाफा

इंसान जिस ग्रह का साबित हो / वो ग्रह उसे खाना न: 9 का काम देगा / बेशक वह ग्रह कुंडली में कही ही बैठा हो } इंसान किस ग्रह या मकान किस ग्रह है यह जुदी जगह लिखा है

2. जिस किसी शख्स मे जिस ग्रह की ताकत ज्यादा होगी वे शख्स ज्यादा ताकत वाले ग्रह की मुतल्लका चीज का ज्यादा इस्तेमाल करने का आदी न होगा। मसलन सूरज को नमक (सफेद) माना है और मंगल को मीठा अब गरज जर्दरंग वाले की आम आदत होगी कि वो ज्यादा नमक इस्तेमाल करने का आदी न होगा और अपनी कमी पूरी करने के लिए (अगर मंगल इस का कमजोर हो) मीठा ज्यादा

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

इस्तेमाल करने का आदी होगा। इसी तरह मंगल कायम और जबरदस्त वाला मीठा ज्यादा इस्तेमाल न करेगा नमक ज्यादा इस्तेमाल करने का आदी होगा।
ज्यादा मिकदार में खाने वाला होगा

नौ ग्रहों का दूसरी पुश्त का रिश्तेदार पर असर

1 जब किसी का वृहस्पत प्रबल मालूम हो तो जिस घर में वृहस्पत बैठा हो उस शख्स के उस खाना नः के ताल्लुकवार जिसमें कि वृहस्पत हो वृहस्पत की लिखी हुई सिफ्त के होंगे अगर वृहस्पत हो . अपने घरों में या घर का तो इसके बावे या उसकी वही हालत होगी जो बृहस्पत की कही गई है इसी तरह ही और ग्रह लेंगे।

2 अगर किसी का सूरज प्रबल साबित हो मगर सूरज पड़ा हो कुंडली में केतु के घर खाना नः 6 में तो उस शख्स का लड़का (केतु) सूरज की सिफ्तों का मालिक होगा।

3 अगर केतु पड़ा हो मंगल के पक्के घर नः तीन में तो उसके भाई में केतु की लिखी बातें पाई जाएंगी।

मुश्तरका ग्रहों का असर

ग्रह मुश्तरका बुरा नहीं करते ,बन्द मुट्ठी के खानों में ।
हर दो ग्यारह अपनों अपना , धर्म मन्दिर गुरुद्वारा में ।

1. वृहस्पत सूरज, वृहस्पत बुध, वृहस्पत शनिच्चर, सूरज बुध, सूरज शनिच्चर, बुध शनिच्चर, इकट्ठे होने पर के वक्त वाल्दैनी सुख सागर और जायदद जद्दी के सुख से कोई ताल्लुक न होगा बल्कि सिर्फ जाती गृहस्थी सुख से मुराद होगी। या अकेले अकेले यह सब ग्रह टेवे में अपनीअपनी मुतल्लका अशिआ कारोबार या रिश्तेदार ग्रह मुतल्लका के ताल्लुक में कैसे ही क्यों न हो।
2. स्त्री ग्रह (चन्द्र या शुक्र या दोनों मय बुध) के साथ जब नर ग्रह हो नेक फल होगा।
3. जब दो या दो से ज्यादा ग्रह एक ही घर में इकट्ठे बैठे हो तो उनमें से बाहमी दुश्मनी वाले ग्रह अपनी-अपनी दुश्मनी छोड़ देंगे मगर बाहमी दोस्ती न छोड़ेंगे ख्वा वोकितने ही दुश्मनों के साथ एक ही घर में अपने दोस्तों से मिलकर बैठे हों।
4. बधु अपने पक्के घर खाना नः 7 में बैठा हुआ और नर ग्रहों सूरज मंगल वृहस्पत या शनि में से कोई भी बन्द मुट्ठी के खाना (1, 7, 4, 10) में आया हुआ या धर्म मन्दरि खाना नः 2 या गुरद्वारा खाना नः 11 के अन्दर बैठा हुआ टेवे वाले की सेहत जिस्मानी और उम्र आम मुतल्लका जाने (ख्वा इंसानों की ख्वा हैवानों की) पर कभी बुरा असर (मौत) न देगा। बशर्ते कि इन घरों में बैठा होने के वक्त शनिच्चर के साथ स्त्री ग्रहों (चन्द्र या शुक्र) का ताल्लुक या साथ न हो जावे शनिच्चर के साथ स्त्री ग्रहों के ताल्लुक हो जाने के वक्त के असर के लिए शनिच्चर के हाल विस्तार से देखें।

मुश्तरका घरों (दृष्टि की शर्त नहीं मगर दोनों घरों के ग्रहों को इकट्ठे ही गिन कर) का असर देखने का ढंग दृष्टि के हाल में दृष्टि का दर्जा मुकर्रर है यानि एक घर में बैठे हुए ग्रह दूसरे घर में बैठे हुए ग्रहों का खास-खास दर्जा नजर से देख सकते है। लेकिन असली तौर पर उस दर्जा दृष्टि यानि 100 फीसदी 50 फीसदी या 25 फीसदी का ख्याल रखने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती याद सिर्फ रखना पड़ता है कि किस घर के ग्रह दूसरे कौन से घर के ग्रह को देख सकते है मसलन खाना नः 1 के ग्रह अगर देख सकते है तो वह सिर्फ खाना नः 7 के ग्रहों को देख सकते है मगर खाना नः 7 के ग्रह कभी खाना नः 1 के ग्रहों को नहीं देख सकते। असली तौर पर इस बात का मतलब यह हो जाता है कि खाना नः 1 में अगर कोई ऐसा ग्रह बैठा हो जो खाना नः 7 में बैठे हुए ग्रह का दुश्मन हो तो नः 1 वाला अपनी दुश्मनी की जहर खाना नः 7 वाले पर डाल सकता है मगर खाना नः 7 वाले की जहर का (अगर कोई मन्दा भाव या अगर इस नः 7 वाले नः 1 वाले ग्रह के लिए हो) नः 1 वाले पर कोई बुरा असर न हो सकेगा। इस बात को मद्दे नजर रखते हुए नीचे दिए हुए घरों के ग्रहों को इकट्ठे मिला कर देखें तो उनके बाहमी मिले हुए असर से जो जो बातें जाहर होंगी वह निम्नलिखित होंगी।

खाना नः 1, 7, 11, 8 मुश्तरका का असर राजा वजीरी हालत अगर 11 खाली तो राजा बेलगाम अगर 8 खाली तो वजीर बेदलील होगा इसी तरह ही अगर खाना नः 8 में ऐसा ग्रह बैठा हो जो तख्त यानि खाना नः 1 में बैठे हुए ग्रह का दुश्मन हो तो वह खाना नः 8 का ग्रह तख्त पर बैठे हुए राजा को इसी तरह चलाएगा कि किसी शख्स की आंखों में जहर डाल दी गई हो। जिससे कि वह रास्ता चलते वक्त देख नेकी बजाए दर्द के मारे अपना सिर पीट रहा हो दूसरी तरफ अगर खाना नः 11 का ग्रह खाना नः 1 का दुश्मन हो तो वह तख्त पर बैठे हुए राजा को इस तरह चलाएगा कि जिस तरह कि किसी प्राणी की टांगों में जहर भर दी गई हो। जिसके कारण तख्त पर बैठा हुआ राजा अगर किसी और शख्स को हाथ पकड़कर (जिस राजा की आंखे खराब हो रही हो) चलनी पड़े तो अपनी टांगों में जहर भरी होने के सबब चलने की बजाए दर्द से दुखिया होकर चिल्लाता और कराहता होगा। इसके बर्खिलाफ 11, 1 और 8 बाहम दोस्त हो तो तख्त नः 1 पर बैठा हुआ राजा अपनी टांगे खाना नः 11 और आंखे खाना नः 8 की हमेशा मदद पाता रहेगा और उसकी वजारत में मदद के लिए खाना नः 7 के ग्रह मददगार होते होंगे बशर्ते कि खाना नः 1 मे खाना नः 7 से ज्यादा ग्रह न हो। सिर्फ तादाद नहीं मसलन अगर खाना नः 1 में दो या दो से ज्यादा ग्रह बैठे हो और खाना नः 7 में सिर्फ एक ही ग्रह बैठा हो तो वह नः 7 वाला नः 1 वालों के बोझ के तले आकर अपनी जड़ कटवा रहा होगा।

फर्जन खाना नः 1 में राहू के साथ कोई एक और या ज्यादा ग्रह हो और खाना नः 7 में अकेला केतु ही हो तो खाना नः 7 का केतु अकेला ही वजीर गिना जाएगा जिसे खाना नः 1 में बैठे हुए तमाम राजाओं का एक ही वक्त में दिया हुआ हुक्म एक ही वक्त में पूरा करना

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com



पड़ेगा। इसका मतलब यह हो जाएगा कि ऐसे वजीर की अपनी जड़ कटती होगी। अब ये ग्रह इस मिसाल में केतु का ग्रह गोया अब केतु की मुतल्लका अशिया कारोबार या रिश्तेदार मुतल्लका केतु सब का फल मन्दा होगा या ऐसे टेवे वाले की औलाद नरीना का मन्दा ही हाल होगा या वह प्राणी अपनी औलाद को तरसता ही होगा या औलाद कम देर बाद या नहीं होगी।

खाना नः 7 के ग्रहों को अगर वजीर माना तो खाना नः 8 का हुक्म नामा बतौर रहनुमाई उन वजीरों की दिमागी दलील बाजी होगी मसलन खाना नः 7 में मंगल बैठा हो तो कहेंगे कि ऐसे शख्स का सब कुछ उम्दा धन दौलत परिवार सब कीराब उम्दा होगा। लेकिन अगर खाना नः 8 में जब कि खाना नः 7 में मंगल बैठा हो बुध आ जावे तो वही मंगल नः 7 का दिया हुआ उम्दा फल सबका ही रद्दी निकम्मा बरबाद जहरीला या नष्ट हो चुका गिना जाएगा। यानि ऐसे प्राणी का जिसके खाना नः 8 में बुध और खाना नः 7 में मंगल धन दौलत और परिवार सबका राब ही नाश और दुःख का कारण होगा। इसी तरह ही अगर खाना नः 1 में बुध आ जावे और मंगल खाना नः 7 में ही गिने तो भी मंगल नः 7 का दिया हुआ फल निकम्मा होगा। बुध नः 8 या बुध नः 1 की जहर जब नः 7 के मंगल को मिली हुई मानी तो फर्क सिर्फ यह होगा कि बुध नः 1 के वक्त ऐसे प्राणी का धन दौलत और परिवार राजा खाना नः 1' की बेहद ज्यादतियों और जालिमाना कारवाईयों या शरारतों से बरबाद होगा। मगर कुदरत कोई धोका न देगी। मगर बुध नः 8 के वक्त इसी मंगल नः 7 का फल यानि धन दौलत परिवार कुदरत की तरफ से ही रद्दी या निकम्मा होता चला जाएगा। बेशक वक्त का हाकिम जमाने का राजा उसे कितनी ही मदद देता चला जावे नतीजा खांड (मंगल) में रेत (बुध) और खून में अंतड़ियों का रास्ता बन्द यानि सेहत और गृहस्थ दोनों ही मन्दे होते चले जायेंगे। खाना नः 2, 8, 12, 6, 11 का मुश्तरका असर रात का आराम और साधु समाधि वगैरा जब नेक हालत हो तो मन्दी हालत में अकाल मौत मुसीबत इन्सान हैवान चरिन्द परिन्द इस ग्रह की मुतल्लका होगी।

जो खाना नः 8 में हो दूसरे दुनियावी साथियों के ताल्लुक से किस्मत का असर बिलहाज उम्र खाना नः 8 से खाना नः 2 को मन्दा असर जाने के वक्त खाना नः 11 का रास्ता हो गा , मन्दे असर के वक्त खाना नः 11 के ग्रह अगर खाना नः 8 के दुश्मन हो तो खाना नः 8 की जहर खाना नः 2 में न जाएगी।

(अ) खाना नः 8 का असर मिल सकता है खाना नः 2 में मगर खाना नः 2 का असर नहीं मिला करता नः 8 में खाना नः 2 और खाना नः 12 आपस में बहैसियत साधु (खाना नः2) और समधि (खाना नः 12) मिलते मलाते रहा करते है किसी दृष्टि के दर्जे का कोई लिहाज नहीं हुआ करता इसी तरह ही खाना नः 2 अपना असर मिला दिया करता है खाना नः 6 में और नः 6 अपना असर (सिर्फ वही असर जो खाना नः 6 के ग्रह का है जिसमें कि ऊपर से खाना नः 2 का कोई असर मिला हुआ न हो यानि खाना नः 2 के असर के बगैर जो भी असर खाना नः 6 का जाती तौर पर हो सकता है सिर्फ उतना ही असर) खाना नः 2 में मिलाया करता है और नः 12 अपना असर नः 6 में नहीं मिलाता इस असूल से नः 12 का बुध और नः 6 का शनि (सांप) अपने जहर भरे फर्राटे (सांस) से खाना नः 2 के ग्रह को फूंक देगा।

(ब) खाना नः 6 और खाना नः 8 के ग्रह भी आपस में ऐसे ही मिले जुले रहा करते है जैसा कि 2, 12 के ग्रह आपस में साधु समाधि या रात की नींद की नेकी बदी में असर करते है तो खाना नः 6 और 8 के ग्रह खुफिया तौर पर पाताल में गैबी ढंग पर मन्दी लहरों का कारण होते रहते है

ऊपर के मस्तूलों में जाहिर होगा कि खाना 8 खाना नः 6 की सलाह लेता हुआ खाना नः 11 के रास्ते खाना नः 2 में अपनी नागहानी (अचानक आने वाली मुसीबत) (जिनकी बुनियाद किसी इंसान हैवान चरिन्द चरने वाले जानवर परिन्द-उड़ने वाले जानवर जो कि खाना नः 8 में बैठे हुए ग्रह से मुतल्लका हो पर होगी) भेजा करता है। अगर ऐसी ग्रह चाल में इंसान पर अचानक कोई मुसीबत या मौत का भय आ खड़ा हो तो दुनिया के दूसरे दुनियावी साथियों के ताल्लुक में भी जोकि ऐसे प्राणी के उम्र के साथी हो अगर 2, 12 अच्छे हो साथ ही 8 और 11 आपस में दुश्मन हो तो न कोई अचानक मुसीबत आएगी और न ही कोई दुनिया दार साथी मुसीबत के वक्त धोका देगा। अगर किसी वजह से कोई मन्दी हवा का झोंका आ जावे तो दूसरे हम राही साथी हर तरह से मदद देकर रात की नींद या आराम होने के सामान पैदा कर देंगे। जिस तरह अचानक मन्दी हवा आ निकले उसी तरह ही मददगार साथी बिन बुलाए जाहरा व गैबी ढंग से दम के दम में मदद दे देंगे।

(ज) अगर खाना नः 12 और खाना 8 में कोई ऐसे ग्रह बैठे हो जो आपस में मिल जाने पर दुश्मनी का भाव पैदा कर ले या एक दूसरे के उपर असर बरबाद कर दे और साथ ही खाना नः 2 खाली हो तो ऐसी हालत में अगर ऐसे टेवे वाला प्राणी धर्म-मन्दिर आने जाने लग जावे तो खाना नः 12 और खाना नः 8 के बाहम दुश्मन ग्रहों का बुरा असर होना शुरु हो जाएगा दूसरे लफ्जों में ऐसा प्राणी अगर धर्म स्थान के अन्दर जाने से परहेज करे तो खाना नः 12 और खाना नः 8 के बाहम दुश्मन ग्रहों का बुरा असर न होगा। ऐसी हालत में धर्मस्थान के अन्दर मूर्ति वगैरा को अपना जिस्म का कोई अंग लगा कर अराधना करना मना होगा।

अपने देव ईष्ट को सर झुका कर प्रणाम् कर लेना कोई बुरा न होगा इसके बर्खिलाफ

2. अगर खाना नः 8 और 12 में कोई बाहम दोस्त ग्रह बैठे हो या खाना नः 6 में कोई उतम ग्रह बैठा हो और ऐसी दोनों हालतों में खाना नः 2 खाली हो तो ऐसा प्राणी को धर्मस्थान के अन्दर देव ईष्ट को अपना कोई न कोई अंग लगाकर प्रणाम् करना सब तरह ही नेक असर पैदा करेगा।

3, 11, 5, 9, 10 मुश्तरका का असर किस्मत का गैबी असर व हवाई वारिश या अचानक उतार चढ़ाव मुतल्लका बर्जुगान

बचपन और शबाब (जवानी) किस्मत की चमक का जमाना यानि भाईयों के जन्म के दिन से अपना अहदे जवानी और अपने बच्चों के जन्म दिन से आईन्दा जिंदगी का हाल अपने बर्जुगों और अपनी औलाद का हाल या अपना माजी अपने जन्म से पहले का जमाना और अपना मुस्तकबिल जो आईन्दा नसलों का हाल होगा।

खाना नः 9 अपने बर्जुगों की हालत बनाता है लेकिन जब नः 3 में कोई ग्रह हो तो भाईयों के जन्म दिन से उस खाना नः 9 के ग्रह का असर टेवे वाले पर शुरु होगा और औलाद के पैदा होने के दिन से उसमें तब्दीली आएगी अगर नः 5 और नः 9 में पापी बैठे हो तो औलाद के दिन से कोई खास नेक हालत हो जाने की उम्मीद नहीं गिनते बल्कि जब खाना नः 5 में पापी बैठे हो और उधर खाना नः 8 में कोई दुश्मन या मन्दा ग्रह बैठ रहा हो तो खाना नः 11 का ग्रह बिजली की तरह बुरे असर की चमक देनी शुरु कर देगा और बिजली आखीर पर या खाना नः 8 के ग्रह के मुतल्लका रिश्तेदार या खाना नः 5 के मुतल्लका रिश्तों की मारफत या उन पर (8 या 5) पड़ेगी अगर खाना नः 11 खाली हो तो

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

अपनी आमदन के ताल्लुक़ मे सोई हुई किस्मत का जमाना होगा और माई वन्दों से भी कोई ऐसा फायदा नहीं गिनते अगर खाना नः 10 और खाना नः 5 मे दोनों ही कोई न कोई ग्रह बैठे हो तो इन दोनों घरों के ग्रह बाहम जहरी दुश्मन होंगे। मसलन खाना नः 10 मे चन्द्र हो और खाना नः 5 मे मंगल अब यह दोनों ग्रह जो आपस में दोस्त है मगर ऐसे प्राणी की 24 साला उम्र (चन्द्र का जमाना) और 28 साला उम्र (मंगल का अहद) माता (चन्द्र) और भाई (मंगल) पर भला न होगा।

अगर खाना नः 9 मे सूरज या चन्द्र बैठे हो तो खाना नः 5 में पापी बैठे हुओं का खाना औलाद पर कोई बुरा असर होगा। न होगा और न ही जिन्दगी को तल्ख करने वाली किसी मन्दी बिजली गिरने का खौफ होगा खाना नः 9 को अगर एक समन्दर गिने खाना नः 2 पहाड़ो का लम्बा चौड़ा सिलसिला होगा।

दोनों को मिलाने के लिए यह हवाई ताक्त का मालिक दोनों ही जहां का ग्रह बृहस्पत (खाना नः 9 नः 2) दोनों ही का मालिक बृहस्पत गिना है) हवा की लहरों से अपना गुनहरी असर पैदा करता या फोर्री उम्मीदों में पहाड़ी और समन्दरी सैर करता कराता होगा यानि अगर खाना नः 9 से बारिश से लदी हुई मौनसून की हवा चल निकले तो खाना नः 2 के पहाड़ से टकरा कर किस्मत के ताल्लुक़ मे सोने की बारिश कर देगी लेकिन अगर खाना नः 2 खाली हो तो खाना नः 9 से निकली हुई मौनसूनी हवा खाली ही चली जाएगी। यानि अगर खाना नः 9 मे उम्दा ग्रह हो और खाना नः 2 में भी कोई न कोई ग्रह बैठा हो तो ऐसे प्राणी को खाना नः 2 मे बैठे हुए ग्रह की उम्र मे अपने बर्जुगों की शानो दौलत का फायदा होता होगा लेकिन अगर खाना नः 2 खाली ही हो बैठे तो बर्जुगों के धन दौलत का ऐसे प्राणी को सिर्फ वहम या गुमान ही रहेगा भार कोई ऐसा फायदा न होगा।

2. अगर खाना नः 2 मे कोई ग्रह हो और खाना नः 9 खाली हो तो पहाड़ तो होगा मगर उस पर सब्जाजार कुछ न होगा यानि ऐसे प्राणी की आमदन या जर व माया खा कितनी ही हो मगर वह सिर्फ एक दिखावे का धन और जले हुए पहाड़ का नजारा दिखलाता होगा।

4, 10, 2 का मुश्तरका असर

(अ) किस्मत के मैदान की लम्बाई चौड़ाई या ऐसे प्राणी की किस्मत का मैदान जिसमे वो फैल सकेगा कितना लम्बा चौड़ा होगा, ऐसे मैदान मे किसी भी दूसरे भाई बन्धु, माता पिता औरत या औलाद का ताल्लुक़ न होगा।

किस्मत के मैदान का रक्बा खाना नः 10 का ग्रह बता देगा मगर उस मैदान की मिट्टी की चमक खाना नः 2 (पहाड़ी या मैदानी) (पथरीली या खुश्की का हम वार टुकड़ा) और ऐसे मैदान मे आबोहवा की मरतूब या खुश्क चरागाहें खुशगवार इलाके या पानी के चश्मों का हाल खाना नः 4 से जाहिर होगा अगर खाना नः 4 खाली हो या उसमे पापी बैठे हों तो किस्मत के मैदान में खाना नः 2 की ख्वाह लाख चमक हो मगर अपनी प्यास के लिए पानी की जरूरत के वक्त वहां बैठे हुए पापी सांप (शनि), हाथी (राहू) और गुअर केतु गधे वगैरा (केतु) के भयानक नजारे पैदा करते रहेंगे यानि धन दौलत के चश्मे पर गंदा पहरेदार (पापी) होने की वजह से चश्मा का पानी कुछ अपनी शान न देगा यानि ऐसा प्राणी बेशक अपनी कितनी ही हिम्मत से क्या कुछ ही न बना लेवे मगर जब अपनी थैली मे हाथ डालकर नकद माया गिननी चाहे तो उस थैली मे पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़े, सांप बिच्छू (शनि) और जलते हुए काले कोयले (राहू) और फटी हुई रंग-बिरंगी धज्जियां (केतु) अपना जलवा दिखा रहे होंगे।

Free by Astrostudents

खाना नः 10 की आलीशान इमारत या बिस्तरा तक जला हुआ शक जहान या जमाना का खानदान, गुलामों के खून का सबूत देने वाला दो हा रंगा का असर जुगनु की तरह टिमटिमाता या खानों के कीमती पत्थर हीरों लालों की रोशनी की चमक से अन्धेरी रातों मे भी चमकते हुए चांद से उमदा रोशनी देने वाला होगा। यानि अगर खाना नः 8 मन्दा हो तो मंदी हवा और मातम का जमाना बिन बुलाए तंग कर रहा होगा। बेशक खा कोई भी मौत का सदमा या नुकसान हुआ हो या न हो इसके बरखिलाफ अगर खाना नः 2 उत्तम हो तो गरीबी की स्याह रातों मे मामूली से मामूली चिराग की बजाए कुदरती रोशनी रास्ता दिखाने के लिए स्वयं पैदा होगी ख्वाह ऐसा प्राणी बजाते खुद जन्म से या अपनी उम्र के जमाने से कितना ही नीचे दर्जे का हो।

(ब) अगर खाना नः 2 खाली हो तो खाना नः 10 यानि किस्मत का मैदान खा कितना ही लम्बा चौड़ा हो मगर उसमे कोई चमक या शान या दुनियावी जिंदगी का साजो सामान और आराम शायद ही कभी मुहैय्या होता होगा। इसी तरह ही अगर खाना नः 2 मे कोई ग्रह बैठा हो और खाना नः 10 खाली हो तो किस्मत मे लिखे हुए मालोधन का पार्सल डाकखाने या रेलवे स्टेशन पर बेशक पहुंच चुका हो मगर उसके लेने के लिए अपनी पहचान का सबूत सामान की जिम्मेवारी की कीमत और बाकी रसीद पर्चा शायद रास्ता मे ही कहीं गुम ही हो गया होगा। जिसकी तलाश के लिए कई कासिद भेजे मगर वो वापिस न आए और ऐसा प्राणी उनकी उम्मीद मे रास्ता देखता ही देखता थक गया

(स) अगर खाना नः 2 और 10 दोनों ही खाली हों और खाना नः 4 में कोई सराजाद ग्रह बैठा हो तो पीने के लिए पानी नजर तो आता होगा मगर पता नहीं चलता होगा कि इस जगह पहुंचने का रास्ता किधर है मृगतृष्णा मे ऐसा प्राणी बेउम्मीदी मे उम्मीदें बांधता हुआ। अपनी किस्मत के मैदान मे थका हुआ पसीने के पानी से तरबतर होता चलेगा यानि जिंदगी और माया दौलत होगी तो जरूर मगर कब अपनी जरूरत के लिए मुकम्मिल उस बात का जवाब देने वाला शायद फिर कभी आएगा।

1, 7, 9, 11 मुश्तरका का असर

इन सब का हाल जैसा भी एक का हो चारों घरों मे सबका वैसा ही होगा।

3, 11, 4, 7 का मुश्तरका का असर

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

धन की आमदन, फालूत धन और खर्च की लहर की हालत, (मुफस्सिल धन दौलत के हाल में देखो)

8, 2, 4, 3 मुश्तरका का असर बीमारी का

बढ़ाना सेहत का आखीर वक्त कूच, जायदाद, जद्दी चोरी ऐ यारी दोस्ती वगैरा मुफस्सिल हाल सेहत बीमारी और इन्सानी उम्र के साल मे देखो।

खास - खास असर

ग्रह दोस्त नही बाहम लड़ते, झगड़ा कराते दूसरे हैं
शनि रवि दो इकट्ठे बैठे, लड़ते ग्रह स्त्री से हैं
स्त्री ग्रह जब शनि से मिलकर, बैठे दो या कहीं भी हों
उन बैठे ग्रह जो कोई देखे, मरते अल औलाद से हो
इस जहर को घर नीवें से, राहू केतु हटाते हैं
अगर मदद न उनकी लेवे, मंगल केतु मर जाते हैं
एक दीवार के घर दो साथी, ग्रह मुश्तरका होते हैं
शत्रु ग्रह दो कभी न मिलते, दोस्त मिले ही लगते हैं

स्त्री ग्रह जब शनि से मिलकर खाना न: 2 मे या कहीं भी और जगह बैठे हो तो जो ग्रह उन (स्त्री ग्रह व शनि मुश्तरका बैठे हो) को दृष्टि के असूलों पर देखेगा। उस ग्रह का मुतल्लका रिश्तेदार अल-औलाद की मौतों से दुखिया होगा।

वजह किसी दीवार फटे गर, दुगुनी जहर हो जाती है
अक्ल बुरी किस्मत हो मंदी, मौत खड़ी हो जाती है
ग्रह शत्रु में गुरू जो आवे, वैर खत्म हो जाता है
माता चन्द्र जब साथी होवे, मित्र सभी बन जाता है

किस खाना न: में हो	खाने में कौन ग्रह हो	तो किस ग्रह पर असर हो और क्या असर होगा
1.	केतु	सूरज हर तरह से ऊंच फल का होगा।
	राहू	सूरज जिस घर में बैठा हो। उस घर में सूरज ग्रहण होगा।
2.	बुध	बृहस्पत हर तरह से बरबाद होगा।
4	बुध	चन्द्र हर तरह से बरबाद होगा।
6	मंगल	सूरज हर तरह से ऊंच होगा।
	मंगल	केतु हर तरह से बरबाद होगा।
11	राहू	बृहस्पत हर तरह से बरबाद होगा।
	केतु	चन्द्र हर तरह से बरबाद होगा जब बुध न: 9 में हो।
	बृहस्पत	राहू हर तरह से बरबाद होगा जब बुध मन्दा हो।
12	चन्द्र	केतु हर तरह से बरबाद होगा।

जब कोई ग्रह ऐसे घर मे आवे या बैठा हो जहाँ वो नीच मुकर्रर हो चुका है या वो ऐसे घर में बैठा हो जोकि उस ग्रह के दुश्मन ग्रह के दुश्मन ग्रह का घर हो। बहैसियत माल्कीयती या पक्का घर तो ग्रह का असर अमूमन मन्दा होगा। इसके बरअक्स जब वो ऐसे घरों में हो जो उसके लिए ऊंच हालत का मुकर्रर है या अपने दोस्त ग्रहों के घर में बहैसियत माल्कीयत या पक्का घर बैठा हो तो उसका असर अमूमन नेक होगा जब कोई ग्रह अपने पक्के घर मे बैठा हो या कायम हो या उसके साथ उसकी बराबर की हैसियत का मुकर्रर शुदा ग्रह बैठा हो तो औसत हालत में उसका असर नेक ही होगा।

Free by Astrostudents

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

कौन सा ग्रह सिर्फ अकेला ही बैठा हो तो क्या असर होगा

क्रमांक	ग्रह	क्या असर होगा
1.	अकेला बृहस्पत	टेवे वाले पर कभी मन्दा असर न देगा।
2.	अकेला सूरज	खुद अपना संघर्ष कर के खुद साख्ता अमीर होगा
3.	अकेला चन्द्र	हमेशा अपनी दयालुता और नर्मी से फांसी तक तक की सज़ा मुआफ करवा कर टेवे वाले की कुल (खानदान) नष्ट न होने देगा।
4.	अकेला शुक्र	कभी बुरा न होगा जब कभी बुरा होगा तो उस बुराई करने कराने में कोई न कोई दूसरा और साथी जरूर होगा।
5.	अकेला मंगल	चिड़िया घर का कैदी या बकरियों में पला हुआ शेर होगा।
6.	अकेला बुध	लालची देस परदेस में खाली चक्कर मुखन्नस हालत का असर होगा।
7.	अकेला शनि	अकेले सूरज के साथ खाली बुध का ही काम देगा।
8	अकेला राहू	एक अकेला तमाम ग्रहों की परवाह न करेगा और जमाने के सब दुश्मनों पर कड़कती हुई बिजली की तरह चमकता और टेवे वाले का हर तरह से तमाम मुसीबतों के ताल्लुक में बचाव पूरा-पूरा करेगा मगर माली हालत की शर्त न होगी यह मतलब नहीं कि गरीब ही बना देगा मगर जरूर ही अमीर बनाने की शर्त नहीं।
9.	अकेला केतु	या कुंडली में राहू से पहले घरों में बैठा हो या बाद के घरों में हर दो हालत में ग्रह अपना असर देने के लिए राहू के इशारा पर चलेगा। और हर वक्त यही अमूल बनाए रखेगा।

सर्पुदम बतो मायार खेशरा
तू दानी हिसाबो कमो बेशरा

हर ग्रह के मन्दे या अच्छे हो जाने की आम निशनियां

क्रमांक	नाम ग्रह	मन्दा होने की आम निशनियां	मन्दी हालत में मददगार ग्रह
1.	बृहस्पत	सिर पर चोटी की जगह के बाल स्वयंमेव किसी बीमारी की वजह के बगैर उड़ जावे गले में माला रखने का आदी हो जावे, सोने का नुकसान या गुम हो जावे, झूठी अफवाहें बदनामी का कारण हो तालीम खाम-ख्वाह बन्द हो जावे।	माथे या पगड़ी पर जर्द तिलक लगाना, नाक का पानी खुश्क यानि नाक साफ करके काम शुरू करना मददगार होगा बचपन की उम्र में जिस दिन से नाक का पानी खुद-बखुद खुश्क हो जावे बृहस्पत मददगार गिना जावेगा।
2.	सूरज	सूरज रंग (लाल) गाय या भूरी भैंस का मर जाना या घर से गुम हो जाना जिस्म के अंगों को हरकत करने कराने की ताकत (खींचना या फैलाना) जाती रही या उश्वाह से हर दम थूक जारी रहे।	मुंह में मीठा डालकर पानी के चन्द घूंट पीकर काम शुरू करना मुबारिक होगा।
3.	चन्द्र	घर से दूध वाले जानवर मर जावें घोड़े की मौत हो जावे कुआं या तालाब खुश्क हो जावे महसूस करने की ताकत खत्म हो जावे।	बुजुर्गों के चरण छूकर उनकी आशीर्वाद लेना मददगार होगा।
4.	शुक्र	अगूंठा बगैर बीमारी निकम्मा हो जावे या जिल्द (इंसान की चमड़ी) खराब हो जावे।	पोशाक का ख्याल रखना मददगार होगा।

This book is the copy of the 3 volume book of LalKitab 1952 whose photocopy is being sold in the Black market at Rs. 2100.00

Visit For More Books - https://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - https://preetamch.blogspot.com

5.	मंगल	बच्चा पैदा होकर खत्म हो जावे आंख कानी हो जावे, खून खराब हो बैठे। जिस्म के जोड़ चलने से रह जावे, खून का रंग मुर्दे की तरह नजर आने लगे कुव्वते बाह मगर बच्चा पैदा करने की ताकत न हो।	मंगल बद में दिया हुआ इलाज मदद देगा। सुरमा सफेद का इस्तेमाल मदद होगा।
6.	बुध	दांत बरबाद, खुशबू या बदबू का फर्क मालूम हो कुव्वते बाह धोखा देवे।	नाक छेद, दांत साफ रखना मददगार होगा
7.	शनिच्चर	मकान गिर जावे, भैंस मरे आग लगे जिस्म पर से बाल बिना बीमारी झड़ जावे खासकर पलकों और भवों के।	मिसवाक दातुन का इस्तेमाल मददगार होगा
8.	राहू	भूरे स्याह रंग कुत्ते का मौत या गुम हो जावे हाथ के नाखून झड़ जावें, दिमागी खराबियां ख्वामखा दुश्मन पैदा हों	मुश्तरका खानदान रहना ससुराल से ताल्लुक न बिगाड़ना सिर पर चोटी कायम करना खुद मुख्तार होकर न चलना मदद देगा।
9.	केतु	पांव के नाखून झड़ जाना, पेशाब या दर्द जोड़ की बीमारियां औलाद के निर्धन या तकलीफें और खराबियां	कान में सुराख करवाना: केतु की पालना करना मदद देगा।

फरमान नः 11

ग्रह चाली — रंग बिरंगियां

सिद्ध 12 ब्रहा, 9 निधि मोहमाई आकाश
राई घटे न तिले बढ़े, मच्छ भाई प्रकाश

1. ग्रहों के इलावा सिर्फ 9 निधि 12 सिद्धि के शब्द खाली बजते है उन्हीं दो शब्द से दुनियादारों ने बच्चों का नाम रखा और सिर्फ नाम पर ही कुछ लोगों ने किस्मत का असर माना है।

ब्रहा = बृहस्पत, मोह = शुक्र, माई = चन्द्र, आकाश = बुध,
